नई दिल्ली
नई दिल्ली सोमवार 17 फरवरी 2020
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
नवमी वर्ष : 23, अंक : 332
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 26.2
न्यून. 11.3

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अब मैं भाजपा, कांग्रेस व अन्य दलों को वोट देने वालों का भी मुख्यमंत्री हूं, नहीं होगा किसी से भेदभाव



## अरविंद केजरीवाल ने तीसरी बार ली दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ, बोले

# 'दिल्लीवालों...आपने विकास की राजनीति को जन्म दिया, आज से नया युग शुरू'

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने रविवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के छह सदस्यों को मंत्री पद की शपथ दिलायी। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर केजरीवाल ने लगातार तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। बैजल ने केजरीवाल के बाद पिछली सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया और अन्य मंत्रियों सत्येन्द्र जैन, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन एवं राजेन्द्र पाल गौतम को भी एक-एक कर शपथ ग्रहण करवाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यहां रामलीला मैदान में दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर तीसरी बार शपथ ली और उन्होंने इस मौके पर कहा कि दिल्ली के लोगों ने एक नई तरह की चुनावी राजनीति को जन्म दिया है, जो कि 'विकास की राजनीति' है।

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि देश में भविष्य की चुनावी राजनीति अब विकास के मुद्दे पर लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों, आपने एक नई राजनीति को जन्म दिया है, जोकि परफोर्मेंस की राजनीति है। अच्छे स्कूलों, स्वास्थ्य सुविधाओं, पानी, बिजली और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने की राजनीति है। केजरीवाल ने दिल्ली के विकास के लिए केंद्र की तरफ भी सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए कहा कि मैंने आज के समारोह के लिए प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया था, लेकिन वह व्यस्त होने की वजह से नहीं आ सके। मैं दिल्ली के विकास और प्रगति के लिए उनसे साथ मिलकर काम करने का आग्रह करता हूं। केजरीवाल ने इसके साथ ही भाषण के माध्यम से अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को जाहिर किया। उन्होंने कहा कि जब सभी भारतीय को सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार मिलेगा, तभी तिरंगा पूरे गर्व के साथ लहराएगा।



### फ्री सर्विस पर बोले- ऑपरेशन के लिए पैसे लूं तो लानत है मेरी जिंदगी पर

मंच से केजरीवाल ने विपक्ष की मुफ्त योजनाओं वाले बयानों पर भी निशाना साधा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि केजरीवाल सबकुछ फ्री करता जा रहा है, दोस्तों इस दुनिया के अंदर जितनी भी अनमोल चीजें हैं, वह सब भगवान ने फ्री बनाई है। मां जब बच्चे को दूध पिलाती है, वह फ्री होता है। श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता को तीर्थ कराया था, उनकी मौत हो गई। वह सेवा फ्री थी। मैं भी दिल्ली के लोगों से प्यार करता हूं, तो ऐसे में मैं कैसे दिल्ली के लोगों से दवाइयों, ऑपरेशन के लिए पैसे लेने शुरू कर दूं। अगर मैं ऐसा करता हूं तो लानत है मेरी जिंदगी पर।

### केजरीवाल ने मंच से मांगा पीएम मोदी का आशीर्वाद

शपथ लेने के बाद अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली के विकास के लिये केन्द्र सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं और सरकार के सुचारु कामकाज हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी आशीर्वाद लेने के इच्छुक हैं। उन्होंने खुद को 'दिल्ली का बेटा' बताते हुये कहा कि आपके बेटे ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है, यह जीत मेरी नहीं बल्कि प्रत्येक दिल्लीवासी की है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में हमारी यही कोशिश रही कि दिल्ली का कैसे बेहतर विकास हो। अगले पांच साल भी यही कोशिश रहेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली वालों ने विकास को तरजीह देकर देश की राजनीति को बदलने का काम किया है।

### रामलीला मैदान में किए गए थे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

यह तीसरा मौका है जब केजरीवाल मंत्रिमंडल ने रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण की है। शपथ ग्रहण समारोह से पहले रविवार को सुबह केजरीवाल ने ट्विटर पर दिल्लीवासियों से 'अपने बेटे' को आशीर्वाद देने के लिए शपथ ग्रहण समारोह में आने का अनुरोध किया था। इसके मद्देनजर सुबह दस बजे से ही रामलीला मैदान में आप समर्थकों का जुटना शुरु हो गया था। रामलीला मैदान में भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

### 50 विशिष्ट आमंत्रित लोग थे मंच पर मौजूद

आप ने केजरीवाल के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उनके साथ मंच साझा करने के लिए विभिन्न वर्गों के उन 50 लोगों को भी आमंत्रित किया था जिन्होंने पिछले पांच साल में दिल्ली सरकार के कार्यों में विशेष सहयोग दिया। आईआईटी छात्र से लेकर दिल्ली मेट्रो की चालक सहित सभी 50 विशिष्ट आमंत्रित लोग शपथ ग्रहण के समय मंच पर मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### निर्भया: नए डेथ वारंट पर कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** निर्भया के दोषियों की फांसी के लिए नए डेथ वारंट की मांग याचिका पर पटियाला हाउस कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। दोषी पवन को अदालत की ओर से मुहैया करवाए गए नए वकील पहली बार मामले में पवन का पक्ष रखेंगे। तिहाड़ प्रशासन और निर्भया के माता-पिता चारों दोषियों को जल्द फांसी पर लटकाने के लिए नया डेथ वारंट जारी करने मांग करेंगे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेन्द्र राणा तिहाड़ और निर्भया के माता-पिता के परिजनों की

### वैन में आग, दो बच्चों सहित सात जिंदा जले

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में रविवार देर शाम उन्नाव हरदोई मार्ग पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नसिरापुर गांव के पास ट्रक और वैन में सीधी भिड़ंत हो गई। तेज टक्कर से वैन में आग लग गई। वैन में दो युवक दो बच्चे व दो महिला समेत कुल छह लोग सवार थे। वैन में फंसे होने की वजह से सात लोग जिंदा जल गए। जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। दमकल कर्मियों ने करीब चालीस मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वैन को क्रेन से खींचकर ट्रक से अलग किया गया है।

## नजरिया



## जामिया पर वीडियो वॉर

# पुलिस ने भांजी लाठियां छात्रों के हाथों में दिखे पत्थर

**दिल्ली।** दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया में पिछले साल 15 दिसंबर को हुई बर्बरता से जुड़ा एक वीडियो सामने आने के बाद अब एक नया वीडियो सामने आया है। पहले वीडियो में जहां सुरक्षाबल लाइब्रेरी में मौजूद छात्रों पर डंडे बरसाते नजर आए तो वहीं अब सामने आए नए वीडियो में कुछ छात्र लाइब्रेरी में घुसते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनके हाथ में पत्थर भी हैं। इस वीडियो को पुलिस की लाठीचार्ज से ठीक पहले हुई घटना का वीडियो बताया जा रहा है। इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कुछ छात्र लाइब्रेरी में घुस रहे हैं। वहीं लाइब्रेरी में घुसने वाले छात्रों के हाथ में पत्थर दिखाई दे रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि छात्रों के लाइब्रेरी में घुसने के बाद लाइब्रेरी के दरवाजे को बंद कर दिया जाता है। वहीं जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने रविवार को स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा ऐसा कोई नया वीडिया उसने जारी नहीं किया है जिसमें अर्द्धसैनिक और पुलिस वर्दी में कुछ लोग 15 दिसंबर को विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में विद्यार्थियों को पीटते हुए नजर आ रहे हैं।

### शाह बोले- दिल्ली पुलिस को शांत बने रहना चाहिए

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को सलाह दी कि उसे शरारती तत्वों से 'सख्ती' से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए और साथ ही 'उकसावों' के बाद भी शांत बने रहना चाहिए। दिल्ली पुलिस के स्थापना दिवस समारोह में गृह मंत्री अमित शाह ने देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के 1950 में दिए एक भाषण का हवाला देते हुए कहा कि गुस्से और उकसावों के बाद भी दिल्ली पुलिस को शांत बने रहना चाहिए।

## कोरोना वायरस का कहर जारी

# जापानी तट पर खड़े जहाज में दो और भारतीय संक्रमित

एजेंसी ▶▶ तोक्यो

जापान तट पर पृथक खड़ा किए गए एक क्रूज जहाज में मौजूद दो और भारतीयों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। वहीं, भारत ने भरोसा दिलाया है कि वह जहाज पर मौजूद अपने नागरिकों की सोमवार से शुरू होने वाली अंतिम जांच में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि नहीं होने पर उनकी स्वदेश वापसी के लिए हर संभव सहायता मुहैया करेगा। जापान के तट पर इस महीने की शुरूआत से पृथक खड़े डायमंड



प्रिंसेस नामक जहाज पर कुल 3,711 लोग सवार हैं। इनमें चालक दल के 132 सदस्यों और 6 यात्रियों सहित कुल 138 भारतीय हैं। जहाज पर रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 355 पहुंच गई। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि पिछले दो दिनों में डायमंड प्रिंसेस पर कोरोना वायरस

- भारत ने भरोसा दिलाया कि जहाज पर मौजूद अपने नागरिकों की स्वदेश वापसी के लिए हर संभव सहायता करेंगे

से संक्रमण के 137 मामले सामने आए हैं जिनमें दो भारतीय भी शामिल हैं और उन्हें इलाज के लिए तट पर मौजूद चिकित्सा केंद्र ले जाया गया है। पहले से संक्रमित चालक दल के तीन भारतीय सदस्य का इलाज किया जा रहा है। उनकी हालत में सुधार हो रहा है। अब उन्हें बुखार या दर्द नहीं है।

### वित्त मंत्रालय ने वायरस के असर के आंकलन के लिये बुलायी बैठक

वित्त मंत्रालय ने देश के व्यापार और मेक इन इंडिया मुहिम पर कोरोना वायरस के असर व इसके कारण हुए व्यवधान का आकलन करने के लिये मंगलवार को संबंधित पक्षों की बैठक बुलायी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ट्वीट किया कि वित्त मंत्रालय कोरोना वायरस के संक्रमण से हुए असर, मेक इन इंडिया मुहिम में आये व्यवधान तथा देश के आयात-निर्यात पर पड़े असर का आकलन करने के लिये 18 फरवरी यानी मंगलवार को एक बैठक बुलायी है। संबंधित पक्षों का स्वागत है।

## हनी ट्रैप मामला

# पाक के लिए की जासूसी शिकंजे में 11 नौसैनिक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में 11 नौसैनिक और दो आम नागरिक शामिल है। सभी आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को नौसेना से संबंधित संवेदनशील सूचनाएं लीक करते थे। पाक के एजेंटों ने इन सभी को हनी ट्रैप में फंसा रखा था। नौसेना के सूत्रों मुताबिक जासूसी मामले में अभी तक 11 नौसैनिकों और दो नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही संदिग्ध लोगों के साथ संपर्क रखने वाले कई नौसैनिकों के सोशल मीडिया प्रोफाइल को भी खंगाला जा रहा है। इस जासूसी के मामले में सबसे पहले आंध्र प्रदेश पुलिस, नौसेना की खुफिया इकाई और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई में सात नौसैनिकों को गिरफ्तार किया था। आंध्र प्रदेश पुलिस इस जासूसी कांड की जांच कर रही है और नौसेना की खुफिया इकाई उसकी मदद कर रही है। नौसेना के मुंबई, करवार (कर्नाटक) और विशाखापट्टनम अड्डे से इन नौसैनिकों की गिरफ्तारी की गई थी।

### खुफिया एजेंसियों ने किया गिरफ्तार

सबसे पहले आंध्र प्रदेश पुलिस, नौसेना की खुफिया इकाई और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई में सात नौसैनिकों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद चार नौसैनिकों को गिरफ्तार किया गया। आंध्र प्रदेश पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। नौसेना की खुफिया इकाई उसकी मदद कर रही है। नौसेना के मुंबई, करवार (कर्नाटक) और विशाखापट्टनम अड्डे से इन नौसैनिकों की गिरफ्तारी हुई थी।

## सीएए और अनुच्छेद 370 पर प्रधानमंत्री की दो टूक

# चौतरफा दबाव के बावजूद अपने निर्णय पर कायम हैं: मोदी

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

देश के विभिन्न हिस्सों में सीएए के खिलाफ अनिश्चितकालीन प्रदर्शन जारी है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और अनुच्छेद 370 पर बयान दिया है। पीएम मोदी ने यूपी के चंदौली में आयोजित एक जनसभा में कहा कि दुनिया भर के तमाम दबावों के बावजूद हमारी सरकार संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसलों पर कायम है और आगे भी रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। प्रधानमंत्री सबसे पहले जंगमबाड़ी मठ पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इसके बाद अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में



पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल सेंटर को राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश आज वो फैसले भी ले रहा है जो हमेशा पीछे छोड़ दिए जाते थे। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला हो या फिर नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), वर्षों से देश को इन फैसलों का इंतजार था। उन्होंने कहा कि देशहित में ये फैसले जरूरी थे और दुनिया भर के तमाम दबावों के बावजूद हम इन फैसलों पर कायम हैं और कायम रहेंगे। देश के विभिन्न हिस्सों में सीएए के खिलाफ जारी अनिश्चितकालीन प्रदर्शनों के मद्देनजर प्रधानमंत्री का यह बयान महत्वपूर्ण है। मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को अपनी सरकार के इरादों से जोड़ते हुए कहा कि दीनदयाल जिस तरह अंत्योदय की बात करते थे, वैसे ही देश के छोटे शहरों का उदय देश के विकास को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की विकास परियोजनाओं का विशेष लाभ इन छोटे शहरों और उनमें रहने वाले लोगों को ही हुआ है। अभी हाल में जो बजट आया है, उसमें सरकार ने घोषणा की है कि मूलभूत ढांचे के निर्माण पर 100 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा धनराशि खर्च की जाएगी। इसका बहुत बड़ा हिस्सा देश के छोटे-छोटे शहरों के खाते में ही जाने वाला है। सरकार की 'मेक इन इंडिया' और 'मुद्रा' समेत विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दीनदयाल कहते थे कि आत्मनिर्भरता और स्वयं सहायता सभी योजनाओं के केन्द्र में होने चाहिये।

### 'महाकाल एक्सप्रेस' को दिखाई हरी झंडी

पीएम मोदी ने एक वीडियो लिंक के माध्यम से आईआरसीटीसी की 'महाकाल एक्सप्रेस' को भी हरी झंडी दिखायी। यह निजी रेलगाड़ी तीन ज्योतिर्लिंग तीर्थ स्थलों- वाराणसी, उज्जैन और ओंकारेश्वर को जोड़ेगी। इसके बाद, प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल में दो दिवसीय 'काशी एक रूप अनेक' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसमें प्रदेश भर के उत्पाद प्रदर्शित किए गये। मोदी ने अपने उत्पादन का प्रदर्शन कर रहे कारीगरों से बातचीत की और उन्हें आटोग्राफ भी दिया।

## जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की सख्ती जारी

# इंटरनेट की टू-जी सेवा का विस्तार 24 फरवरी तक

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने केंद्रशासित क्षेत्र के जिन इलाकों में टूजी और फिक्सड लाइन इंटरनेट सुविधाएं बहाल की हैं वहां इसकी मियाद 24 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। हालांकि, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को साफ निर्देश दिया गया है कि वे उपयोक्ताओं तक केवल निर्धारित 1,485 वेबसाइटों की पहुंच सुनिश्चित करें, न कि व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने वाले सोशल मीडिया ऐप और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) तक। आधिकारिक प्रवक्ता ने गृह विभाग की ओर जारी आदेश को उद्धृत करते हुए कहा कि यह निर्देश 16 फरवरी से प्रभावी होगा और इससे



पहले बदलाव नहीं होने पर 24 फरवरी तक लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को पांच अगस्त को निरस्त किए जाने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित करने के फैसले की घोषणा के बाद इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी लेकिन 25 जनवरी को टूजी मोबाइल इंटरनेट सेवा की बहाली की गई थी।



# जामिया लाइब्रेरी में छात्रों को पीटते दिखे पुलिसकर्मी, वीडियो वायरल

## दूसरे वीडियो में पत्थर लिये दिखे छात्र

- पढ़ रहे छात्रों पर लाठी बरसाते नजर आए जवान
- नेताओं ने ट्वीट कर पुलिस व केंद्र सरकार पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की लाइब्रेरी में छात्रों के साथ मारपीट के मामले का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वारयल हो गया। बताया जा रहा है कि यह वीडियो गत 15 दिंसबर का है। इस वीडियो को जामिया के ऑर्डिनेशन कमेटी ने जारी किया है। वीडियो में सुरक्षा बल छात्रों पर डंडे बरसाते नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद नेताओं ने भी ट्विट कर एक दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्राइम ब्राच ने खुद इस मामले को संज्ञान में लेने की बात कही है। वहीं, क्राइम ब्रांच स्पेशल सीपी प्रवीर रंजन ने कहा कि वह वीडियो की जांच करवा रहे हैं। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आयेगे। उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वीडियो सामने आने के बाद से नेताओं और लोगों ने पुलिस की आलोचना करनी शुरू कर दी है। शुरू से ही सुरक्षा बलों का कहना था कि वह जामिया में दाखिल तो हुए थे, लेकिन उन्होंने अंदर किसी भी छात्र के साथ मारपीट नहीं की थी। घटना के दो माह बाद यह वीडियो सामने आया है। पुलिस इस वीडियो के बारे में कुछ भी कहने से बच रही है। कांग्रेस महासचिव प्रिंयका गांधी ने ट्विटर पर लिखा, देखिए कैसे दिल्ली पुलिस छात्रों को अंधाधुंध पीट रही है। एक लड़का किताब दिखा रहा है, लेकिन पुलिस वाला लाठी चला रहा है। पुलिस और गृह मंत्री ने झूठ कहा था कि जामिया में लाइब्रेरी के अंदर किसी को नहीं पीटा गया। बता दे कि गत वर्ष 15 दिसंबर को नागरिकता कानून के विरोध में जामिया के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान छात्र व पुलिसकर्मी आमने-सामने आये थे। छात्रों ने पुलिस पर आरोपी लगाया था कि उन्होंने लाइब्रेरी में घुसकर उन्हें बेरहमी से पीटा है। इस दौरान कुछ घायल छात्रों के फोटो भी सामने आये थे, जिसमें घायल इधर उधर कोने में पडे मिले थे। इस मुद्दे पर कांग्रेसी नेता शाशि थरुर का भी बयान सामने आ गया। उन्होंने कहा सीसीटीवी में सबकुछ दिख रहा है। पुलिस छात्रों पर हमला कर रही है और छात्र अपना बचाव कर रहे है। यह बेहद दुभाग्यपूर्ण हैं, जो लोग भी वीडियो में बर्बरता करते नजर आ हैं उनके खिलाफ एक्शन लिया जाना चाहिए। वहीं, पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर दो माह बाद वीडियो जारी करने के पीछे क्या मकसद हो सकता है। वीडियो की एफएसएल जांच करायी जाएगी, ताकि उसकी विश्ववसनीयता का पता चल सके।

### सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो भी हो रहे है वायरल

बता दे कि जब से सीएए और एनआरसी का मुद्दा गरमाया है। तब से सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसकी वजह से यह कह पाना सही नहीं है कि वायरल वीडिया झूठा या फिर सच्चा। जांच के बाद ही सब सामने आयेगा।

### वीडियो हुआ वायरल छात्र करते दिख रहे है पथराव

सुरक्षा बलों द्वारा छात्रों को पीटने के वीडियो वायरल होने के कुछ देर बाद जामिया मिल्लिया इस्लामिया लाईब्रेरी का दूसरा वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ छात्र हाथ में पत्थर लिए दिख रहे हैं। लाइब्रेरी में घुसने के बाद छात्र लाइब्रेरी का दरवाजा बंद कर देते हैं। इसके बाद दरवाजे को बंद करने के बाद लाइब्रेरी के मेन गेट पर कंप्यूटर डेस्क को भी घसीट कर लगा देते हैं, ताकि गेट को कोई खोल ना सके।



### शाह के आवास की ओर मार्च का मामला : शाहीन बाग में सुरक्षा कड़ी की गई

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत के लिए उनके आवास की ओर मार्च के मुद्दे को लेकर शाहीन बाग में सैकड़ों महिलाओं के एकत्र होने के बीच कड़ी सुरक्षा की गई है। प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए बैरिकेड लगाए गए हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा है कि वे शांति के साथ जुलूस निकालेंगी।

### प्रदर्शनकारियों को मार्च के लिए अभी तक नहीं मिली अनुमति

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास तक रविवार को मार्च का आह्वान करने वाले शाहीन बाग के सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों को अभी तक दिल्ली पुलिस से अनुमति नहीं मिली है। प्रदर्शनकारियों को लिखे पत्र में नई दिल्ली जिला पुलिस ने कहा कि मार्च दो और जिलों से होकर गुजरेगा और आगे उचित कार्रवाई के लिए पुलिस मुख्यालय को अनुरोध भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों से केंद्रीय गृह मंत्री के साथ अपनी मुलाकात के लिए प्रतिनिधिमंडल की जानकारियां देने के लिए कहा था। पुलिस को लिखित में दिए जवाब में उन्होंने कहा कि 4,000 से 5,000 प्रदर्शनकारी शाह के आवास की ओर मार्च करेंगे।




### प्रोन्नति में आरक्षण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ भीम आर्मी के सदस्यों ने निकाला मार्च

नई दिल्ली। प्रोन्नति में आरक्षण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ भीम आर्मी के कई सदस्यों ने रविवार को विरोध मार्च निकाला। उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि सरकारी सेवाओं में प्रोन्नति में आरक्षण देने के लिए राज्य सरकारें बाध्य नहीं हैं। भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद भी प्रदर्शन मार्च में शामिल हुए, जो मंडी हाउस से शुरू हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे संसद तक मार्च करेंगे। भीम आर्मी के प्रवक्ता हरजीत सिंह भट्टी ने कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह से संविधान के समानता के अधिकार के वादे के खिलाफ है।

## निर्माणधीन इमारत की दीवार ढहने से मलबे में दबे चार मजदूर, एक की मौत



**नई दिल्ली।** चित्तरंजन पार्क इलाके में शनिवार दोपहर को एक निर्माणधीन इमारत की दीवार ढह गई। इस दौरान इमारत में काम कर रहे चार मजदूर उसके नीचे दब गए। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंच गई। मौके पर पहुंचने के बाद दमकल विभाग ने रेस्क्यू कर तीन लोगों को कुछ देर बाद ही बाहर निकाल लिया था। लेकिन चौथे मजदूर का रेस्क्यू करते हुए उन्हें शाम हो गई। चारों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने तूरमल मंडल (32) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल सुदामा (21) तपन मंडल (25) और संजय (30) का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार निधिश गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## फ्लाईओवर से 20 फुट नीचे गिरे बाइक सवार दोस्त, मौत

- एक ने मौके पर तोड़ा दम, दूसरे की अस्पताल में गई जान
- हादसे के दौरान दोस्त की शादी से घर लौट रहे थे दोनों

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराने के बाद बाइक सवार दो युवक 20 फुट से नीचे गिर गए। सूचना मिलते ही दोनों युवकों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों विवेक (26) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल राहुल (25) की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया हैं। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, राहुल, त्रिलोकपुरी में सपरिवार रहता था। परिवार में पिता राजू, मां, बडे भाई आकाश व रोहन समेत अन्य सदस्य हैं। विवेक, कल्याणपुरी में सपरिवार रहता था। परिवार में माता-पिता समेत अन्य सदस्य हैं। विवेक और राहुल दोनों ही शास्त्री भवन में काम करते थे। शुक्रवार को दोनों अपने दोस्त की शादी में शामिल होने गए थे। शादी में शामिल होने के बाद देर रात दोनों बाइक से अपने घर लौटने लगे। रात करीब 12:40 बजे जैसे ही वे गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर रानी गार्डन कट के पास पहुंचे, तभी उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर लगते ही दोनों फ्लाईओवर से नीचे गिर गए। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस दोनों को लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने विवेक को मृत घोषित कर दिया। राहुल ने शनिवार सुबह करीब छह बजे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक थी रफ्तार

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हादसे के दौरान बाइक की रफ्तार 100 किलो मीटर प्रति घंटे से ज्यादा थी। इसी वजह से बाइक चालक फ्लाईओवर के लुप पर बाइक को कंट्रोल नहीं कर पाया और बाइक जाकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों उछलकर नीचे गिर गए। हालाकि बाइक ऊपर फ्लाईओवर पर रह गई।

### 73वें स्थापना दिवस का आयोजन

## शरारती तत्वों से निपटते वक्त संयम से काम ले दिल्ली पुलिस : अमित शाह

हरिभूमि ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वाले लोगों से निपटते वक्त दिल्ली पुलिस को संयम से पेश आना चाहिए। दिल्ली पुलिस के 73वें स्थापना दिवस पर शाह ने इसे देश और दुनिया की अग्रणी महानगरीय पुलिस बल में से एक बताया। गृह मंत्री ने दिल्ली पुलिस के उन पांच कर्मियों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले के दौरान अपनी जान गंवाई थी। इसके अलावा आतंकवादियों के खिलाफ बटला हाउस मुठभेड़ में शहीद हुए इंस्पेक्टर एम सी शर्मा को भी उन्होंने श्रद्धांजलि दी।



**तीन थाने किये गये सम्मानित** : नई दिल्ली। अमित शाह ने पुलिसकर्मियों, अधिकारियों और थानों को भी सम्मानित किया। इसमें सर्वश्रेष्ठ थाने की ट्रॉफी तीन थानों को दी गई, जिसमें सदर बाजार, कालका जी, फर्श बाजार शामिल रहें।




## विकास कार्यों की रफ्तार जारी रहे इसलिए सभी को पुराने विभाग दिए जाने की उम्मीद

# फिर से मंत्री बनकर खुश नजर आई 'टीम केजरीवाल'




**मनीष सिसोदिया** ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। सिसोदिया अरविंद केजरीवाल के सबसे भरोसेमंद साथी और दाहिना हाथ माने जाते हैं। मनीष सिसोदिया 2013, 2015 और 2020 में पटपड़गंज से आप के टिकट पर विधायक बने। इस बार के चुनाव में उन्होंने कांटे की टक्कर में बीजेपी के रवि नेगी को 3207 वोटों से हराया। पिछली सरकार में कई अहम विभागों के साथ सिसोदिया ने शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाली। सरकार में आने के बाद सिसोदिया ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किये। उन्होंने सरकारी स्कूलों की खस्ताहाली को दूर करने के साथ सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापरक शिक्षा मुहैया कराने पर जोर दिया।



**सत्येंद्र जैन** फिर मंत्री बनाए गए हैं। 55 साल के जैन आम आदमी पार्टी के उन नेताओं में शामिल हैं जिन्हें केजरीवाल की कैबिनेट में तीसरी बार मौका मिला है यानि जैन केजरीवाल की तीनों सरकार में शामिल हैं.दिल्ली विधानसभा चुनाव - 2020 में सत्येंद्र जैन ने शकूरबस्ती से आप के टिकट पर चुनाव जीता। सत्येंद्र जैन आम आदमी पार्टी की दोनों सरकारों में स्वास्थ्य मंत्री रहे. कहा जाता है कि उन्होंने ही केजरीवाल सरकार को फ्री इलाज के लिए मोहल्ला क्लीनिक शुरू करने को प्रेरित किया। जिसका प्रयोग लोगों के बीच सफल रहा।






**गोपाल राय** पिछली सरकार में श्रम और रोजगार मंत्री रहे गोपाल राय ने अलग तरीके से शपथ लिया। उन्होंने आजादी के शहीदों के नाम शपथ ली। गोपाल राय के बारे में बताए तो वह 2013 में आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े लेकिन पहले चुनाव में उन्हें हार मिली। इसके बाद 2015 में उन्हें जीत का स्वाद चखने का मौका मिला। विधायक से मंत्री बनने पर उनको श्रम और रोजगार का पदभार मिला था. इस बार के चुनाव में उन्होंने बड़े अंतर से जीत का झंडा लहराया है। वह बाबरपुर सीट से 33,062 वोटों से जीते हैं।



**राजेंद्र पाल गौतम** 2015 और 2020 में सीमापुरी से आप के विधायक बने हैं। इस बार के दिल्ली चुनाव में उन्होंने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। उनकी जीत का अंतर करीब 56 हजार वोट रहा। पिछली बार उन्हें दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गयी थी। मंत्री रहते हुए उन्होंने समाज कल्याण के क्षेत्र में कई बड़े काम किए। उन्होंने जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना को शुरू किया जिसे जनता की तरफ से योजना को काफी सराहा गया।



**इमरान हुसैन** - केजरीवाल कैबिनेट में इमरान हुसैन अकेले अल्पसंख्यक चेहरा हैं। वह 2015 में बल्लीमारान से विधायक बने थे। पिछली बार उन्होंने दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री के रूप में भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही उन्हें फूड एंड सप्लाई, चुनाव और पर्यावरण और जंगल का अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गयी। 2020 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी को बड़े मार्जिन से हराया. माना जाता है कि कांग्रेस नेता हारून युसुफ का किला ध्वस्त करने का उन्हें इनाम मिला है।



**कैलाश गहलोत** ने मंत्री पद की गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने 2015 में भी जाट बहुल क्षेत्र नजफगढ़ से जीत दर्ज की थी। 2015 में बंपर जीत के बाद उन्हें परिवहन, राजस्व, कानून, न्याय और विधान मामलों, सूचना और प्रौद्योगिकी, प्रशासनिक सुधार तक की जिम्मेदारी सौंपी गई। 2020 के चुनाव में गहलोत को त्रीकोणीय मुकाबले में कड़ी टक्कर मिली। उनकी जीत का अंतर महज 6,231 वोट रहा। नजफगढ़ विधानसभा सीट निर्दलियों का गढ़ रही है। कैलाश गहलोत दिल्ली उच्च न्यायालय में 16 वर्षों तक सफल अधिवक्ता की भूमिका निभाई है। 2005-07 में गहलोत दिल्ली उच्च न्यायालय के बार एसोसिएशन में सदस्य कार्यकारी के रूप में निर्वाचित हो चुके हैं।

### केंद्र के साथ मिलकर करेंगे दिल्ली का विकास

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के निमार्ताओं की मौजूदगी में तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूरी दिल्ली वासियों के आभार जताते हुए कहा कि अगले 5 साल अब आप सभी लोगों के साथ मिलकर काम करेंगे। केंद्र सरकार के साथ भी मिलकर दिल्ली का विकास करेंगे। दिल्ली के लोगों ने नई तरह की राजनीति को जन्म दिया है। आने वाले समय में यही राजनीति 21 वीं सदी के भारत का निर्माण करेगी। केजरीवाल ने रामलीला मैदान में उमड़ी जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से ही दिल्ली का ये बेटा लगातार तीसरी बार सीएम बना है। यह मेरी जीत नहीं है। एक एक दिल्ली वालों की जीत है। एक एक मां की जीत है। एक एक बहन की जीत है।

### दिल्ली वालों की गूंज पूरे देश में दे रही है सुनाई

केजरीवाल ने कहा दिल्ली वालों जो आपने कर दिखाया है इसकी गूंज आज पूरे देश में सुनाई दे रही है। आज देश के अलग अलग राज्यों में मोहल्ला क्लिनिक बन रहे हैं, अन्य राज्यों की सरकारें बिजली-पानी की कीमतें कम कर रही है, दिल्ली के सरकारी स्कूल अन्य सरकारों के लिए मॉडल स्कूल सिस्टम बन गए हैं। दिल्ली वालों ने आप लोगो ने कमाल तो कर दिया। अब पूरे देश मे आप लोगों का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई नेता आपसे कहे कि काम कि राजनीति नहीं जीत सकती, तो उनसे कहना दिल्ली कि तरफ देखो। ये दिल्ली है, यहां काम की राजनीति चलती भी है और जीतती भी है।

### दिल्ली निर्माताओं को मंच पर बैठाकर दिया सम्मान

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के 50 निर्माताओं को मंच पर बैठाकर सम्मान दिया। इस बाबत केजरीवाल ने कहा कि जिन लोगों ने दिल्ली को बनाया है उनके बगैर शपथ ग्रहण पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बाकी के शपथ ग्रहण समारोह में तो बड़े -बड़े नेता आते हैं लेकिन हमने तो सिर्फ दिल्ली की जनता को बुलाया है। हम इन सब लोगों का बहुत सम्मान करते हैं। आज मेरे साथ यहां बैठे कुछ लोग दिल्ली के निमार्ता हैं। दिल्ली को कोई नेता नहीं चलाता, दिल्ली को डॉक्टर, ऑटो वाले, रिक्शा चालक, स्टूडेंट, कंडक्टर, ड्राइवर और रेहड़ी पटरी वाले चलाते हैं। यहां बैठे विजय कुमार, आईआईटी दिल्ली में स्टूडेंट हैं। इनका सपना था आईआईटी में पढ़ना।

### मैं चाहता हूं भारत का डंका पूरी दुनिया में बजे

अरविंद केजरीवाल ने कहा मैं चाहता हूं कि हमारे देश का डंका पूरी दुनिया में बजे। हमारे देश का डंका लंदन में सुनाई दे, टोक्यो में सुनाई दे, न्यूयॉर्क में सुनाई दे, पूरी दुनिया में सुनाई दे। आज पंजाब, हरियाणा के बच्चे चाहते हैं कि वो लंदन, अमेरिका में जा कर पढ़ाई करे मगर मैं हमारे देश को ऐसा बनाना चाहता हूँ कि लंदन अमेरिका के बच्चे बोले कि वो हमारे देश में पढ़ना चाहते हैं। मैं ऐसा देश बनाना चाहता हूं कि लंदन, अमेरिका के लोग हमारे देश में नौकरी करने आये। मैं ऐसी देश बनाना चाहता हूं कि दुनिया की बड़ी बड़ी बीमारियों का इलाज हमारे देश के छात्र,डॉक्टर्स और रिसर्चर्स ढूंढ निकालें।

### चुनाव में हमारे विरोधियों ने जो भी मुझे बोला, सबको माफ किया

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव खत्म हो गए। चुनाव में खूब राजनीति होती है, हुई राजनीति। किसी ने किसी को कुछ कहा, किसी ने किसी को कुछ कहा। हमारे विरोधियों ने हमको जो कुछ भी बोला, हमने उनको आम माफ कर दिया। मैं दिल्ली को आगे ले जाने और सम्पूर्ण विकास करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आशीर्वाद चाहता हूं।उन्होंने कहा कि अब काम की राजनीति का समय आ गया है। इस नयी राजनीति में सरकार वही फैसले लेती है जो लोगों के हित में हो, जिससे राष्ट्र का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि ष्ट्र निर्माण ऐसा हो जिससे हमारा अमर तिरंगा शान से आसमान में लहराए।





### *अब मैं सभी का मुख्यमंत्री हूं, सबका काम करूंगा*

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप सब लोग अपने अपने गांव में फोन कर देना। हमारा बीटा अब सीएम बन गया है। अब चिंता की कोई बात नहीं है। अभी चुनाव हुए। कुछ लोगों ने आम आदमी पार्टी को वोट दिया। कुछ लोगों ने बीजेपी को वोट दिया। कुछ लोगों ने कांग्रेस को और कुछ लोगों ने अन्य पार्टियों को वोट दिया। लेकिन अब मैं शपथ लेने के बाद आज से मैं सभी का मुख्यमंत्री हूं। मैं आम आदमी पार्टी वालों का मुख्यमंत्री हूं। मैं बीजेपी वालों का भी मुख्यमंत्री हूं। मैं कांग्रेस वालों का भी मुख्यमंत्री हूं। उन्होंने कहा कि आप सारे दिल्ली के 2 करोड़ लोग मेरा परिवार हो। आप चाहे जिस किसी भी पार्टी के हो। आप मेरे परिवार का हिस्सा हो। कभी भी कुछ भी काम हो। बेहिचक मेरे पास आ जाना, सबका काम करूंगा। हमें दिल्ली के लिए बहुत बड़े बड़े काम करने हैं। मैं अकेला नहीं कर सकता। आप 2 करोड़ लोगों के साथ मिलकर दिल्ली को अच्छी बनाएंगे, खूबसूरत बनाएंगे।

# नन्हें मफलर मैनों ने लोगों को किया आकर्षित

## छोटा मफलर मैन अय्यान बना वीआईपी, सेल्फी लेने वालों की लगी होड़

विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रविवार को हजारों लोगों की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली और उनके छह मंत्रियों ने मंत्री पद की शपथ ली। अपने चहेते सीएम को देखने आए हजारों लोगों की भीड़ में पांच नन्हें मुन्हे बच्चे लोगों के आकर्षण को केंद्र रहे। छोटा मफलर मैन अय्यान तोमर के साथ पुरानी दिल्ली के चार बच्चे नन्हे केजरीवाल बनकर आए थे। जो सभी का आकर्षण का केंद्र रहे।

जामा मस्जिद इलाके में रहने वाले उमर, हादी, वासिद, अबू बकर और अब्दुल्ला नन्हें केजरीवाल बनकर आए थे। गले में मफलर और आंखों पर चश्मा, और केजरीवाल की तरह की लाल जर्सी पहनकर वह रामलीला मैदान में सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे।

उनके अभिभावक कह रहे थे कि मेरे बच्चे मुख्यमंत्री के बहुत बड़े फैन हैं और वह कहते हैं कि वह बड़े होकर केजरीवाल जैसा ही बनना चाहते हैं। छोटे मफलर मैन अय्यान की बात करें तो वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्पेशल बुलावे पर रामलीला मैदान में अपने माता-पिता के साथ आया था। जैसे ही अय्यान वीआईपी दीर्घा में पहुंचा तो वहां मौजूद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल परिवार भी अय्यान को प्यार करने लगा। मुख्यमंत्री की मां गीता देवी कुर्सी से उठकर आवयान के पास पहुंच गई़। मैट पर बैठकर अय्यान का दुलार किया। वहीं अय्यान के साथ नवनिर्वाचित विधायक राघव चड्ढा ने सेल्फी ली। इसके अलावा वीआईपी दीर्घा में मौजूद लोगों की की तो इस छोटे मफलर मैन के साथ सेल्फी लेने की होड़ लग गई। सभी लोग उसे दुलार रहे थे। बता दें कि 11 फरवरी को दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद इस छोटू केजरीवाल की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सुर्खियों में आया। वह अपने माता-पिता के साथ आम आदमी पार्टी मुख्यालय में केजरीवाल को बधाई देने आया था। वहीं दूसरी ओर दर्शक दीर्घा में पुरानी दिल्ली के चार बच्चे उमर, हादी, वासिद, अबू बकर और अब्दुल्ला जैसे ही मफलर मैन के रूप में मीडिया को दिखे तो मीडिया के सारे कैमरे इन चारों बच्चों की ओर घूम गए और उनकी तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद करने की होड़ लग गई। बच्चों ने कहा कि वह बड़े होकर केजरीवाल जैसा बनना चाहते हैं।

### गदा और बजरंग ध्वज लेकर पहुंचा बाबा



अरविंद केजरीवाल के शपथ ग्रहण समारोह में एक बाबा गदा और बजरंग ध्वज लेकर पहुंचे। जैसे ही मुख्यमंत्री ने शपथ लेने के बाद अपना संबोधन शुरू किया तो उन्होंने अपने हाथ में गदा और बजरंग ध्वज को उठाकर हनुमान भक्त केजरीवाल के जयकारे लगाए।

### सेल्फी लेने वालों के बीच फंसे विशाल डडलानी

कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद अपने समर्थकों के बीच फंसे नजर आए बॉलीवुड गायक विशाल डडलानी। सेल्फी लेने वालों की भीड़ देखकर वह मीडिया मंच की ओर भागे लेकिन वहां भी उनके फैनों ने उन्हें नहीं छोड़ा। आखिरकार सभी को सेल्फी देते हुए वह बचते-बचाते वहां से निकल गए। आपको बता दें कि विशाल डडलानी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारक थे। उन्होंने चुनाव के दौरान लगातार कई दिनों तक आप के लिए प्रचार किया। आप की जीत से वह काफी खुश नजर आ रहे हैं।

# दिल्ली को चला रहे हैं दिल्ली के निर्माता : केजरीवाल

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।** दिल्ली को केजरीवाल नहीं चलाता, दिल्ली को कोई नेता नहीं चलाता, दिल्ली को दिल्ली के टीचर्स, डॉक्टर्स, ऑटो, रिक्शे वाले, स्टूडेंट, बस कंडक्टर्स, ड्राइवर्स, रेहड़ी पटरी वाले चलाते हैं और जो लोगो को रोजगार देते हैं। ये दिल्ली को चलाते हैं। रामलीला मैदान में तीसरी बार शपथ ग्रहण के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ये बाते कही। इस इससे पहले केजरीवाल ने कहा कि जिन लोगों ने दिल्ली बनाया, उनके बगैर शपथ ग्रहण नहीं पूरा हो सकता। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से ये चर्चा चल रही है कि बाकी के शपथ ग्रहण समारोह में तो बड़े-बड़े नेता आते हैं लेकिन हमने तो सिर्फ दिल्ली की जनता को बुलाया है। हम इन सब लोगों का बहुत सम्मान करते हैं, लेकिन जिन लोगों ने हमें चुना है उनके बिना शपथ ग्रहण कैसे पूरा हो सकता है? आज मेरे साथ यहां कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण लोग बैठे हैं, इन्ही से पूरी दिल्ली चलती है, ये दिल्ली के निर्माता हैं। आज दिल्ली के निर्माता हमारे दोनों तरह बैठे हैं।



## खबर संक्षेप



### अधिवक्ताओं ने सुरेन्द्र व विकास का किया स्वागत

**फरीदाबाद।** ऑल इंडिया लायर्स फोरम द्वारा फरीदाबाद जिला अदालत में पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन सुरेन्द्र शर्मा एवं जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संजीव चौधरी का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऑल इंडिया लायर्स फोरम के को-चेयरमैन एडवोकेट विकास वर्मा द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अदालत में प्रैक्टिस करने वाले सीनियर अधिवक्ता आरपी वर्मा एडवोकेट तथा समाजशास्त्री डॉक्टर एमपी. सिंह मौजूद थे। जिला बार एसो के प्रधान संजीव चौधरी ने कहा कि जिला बार के कल्याण के लिए पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल बहुत अच्छा कार्य कर रही है तथा वकीलों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर पर रहती है।

### विधायक से मिला पूर्वांचल समाज का प्रतिनिधिमंडल



**गुरुग्राम।** पूर्वांचल समाज का प्रतिनिधिमंडल बहरामपुर खटौला रोड की जर्जर हालत व क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद से मिला और ज्ञापन सौंपकर मांग की कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान शीघ्र कराया जाए। राजेश पटेल ने बताया कि पिछले करीब पांच वर्ष से क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, सीवर आदि की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सीवर ओवरफ्लो हो गए हैं और सड़क पर पानी जमा हो गया है, जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है। कई बार नगर निगम के अधिकारियों व सीएम विण्डो में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है।

### सफाई व्यवस्था बिगड़ी लोग हलकान

**गुरुग्राम।** नगर निगम प्रशासन सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर होता दिखाई नहीं दे रहा है। शहर का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां पर गंदगी के ढेर न पड़े हों। हालांकि नगर निगम प्रशासन ने शहर के कई क्षेत्रों में कूड़ा एकत्रित करने के लिए डंपिंग स्थल भी बनाए हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद भी क्षेत्रों की ग्रीन बैल्ट व सड़क किनारे कूड़ा एकत्रित करने का प्रचलन आज भी चल रहा है। कूड़े की दुर्गंध से जहां क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आवारा पशु भी इस कूड़े करकट में मुंह मारते दिखाई देते हैं, जो सड़क दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम क्षेत्र की धनवापुर रोड, सेक्टर-4 की आउटर रोड पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। लोगों का कहना है कि इन कूड़े के ढ़ेरों से क्षेत्र का वातावरण दूषित हो रहा है। यह कूड़ा उड़कर उनके घरों तक पहुंच रहा है और उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सभी सरकारी स्कूलों में मेगा पीटीएम आज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार की हिदायतों के अनुसार कल 17 फरवरी को जिला के सभी स्कूलों में मैगा पीटीएम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति जानने और शिक्षकों से मिलने के लिए आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावक-अध्यापक बैठक में यह प्रयास किया जाएगा कि विद्यार्थियों की बेहतर पढ़ाई और अनुसाशासन के बारे में जागृति हो। इस पीटीएम का आयोजन बोर्ड की दसवीं व बाहरवीं कक्षाओं के छात्रों के माता-पिता के लिए किया जाएगा। इसमें परीक्षा के अंतिम दिनों में इन परीक्षाओं में की तैयारी के लिए छात्रों को सही मागदर्शन मिलेगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मुख्यमंत्री ने किया कैमरा म्यूजियम का अवलोकन, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को दी चुनौती

# हमारे सौ दिन के काम के आगे नहीं ठहरते हुड्डा के 10 साल: मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

रविवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हुड्डा सरकार के 10 वर्ष के काम की तुलना में हमारी सरकार के 100 दिन का काम भारी है। मुख्यमंत्री ने रविवार को सेक्टर 28 में नगर निगम के सहयोग से बनाए गए कैमरा म्यूजियम का अवलोकन किया। इस म्यूजियम के निर्माण पर लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत आई है। सीएम ने उपायुक्त अमित खत्री को निर्देश दिए कि गुरुगमन सिटी बस का रूट बनाते समय ध्यान रखा जाए कि सिटी बस की कनेक्टिविटी जिला में स्थित इस प्रकार के पर्यटन महत्व के दर्शनीय स्थलों के साथ हो। जिससे कि आम जनता तथा पर्यटक इन स्थलों पर आसानी से पहुंच पाएं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 10 साल के कार्यकाल पर उनका केवल 100 दिन ही भारी है। उन्होंने चुनौती दी कि पूर्व मुख्यमंत्री हमारे 100 दिनों के कामकाज से अपने 10 साल के काम की तुलना कर लें। उनका कार्यकाल इस मामले में वर्तमान सरकार के कार्यों के आगे कहीं भी नहीं ठहरता है। मुख्यमंत्री ने यह बातें रविवार को सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में मीडिया से बातचीत के दौरान कही। वह यहां सिथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक के कार्य का अवलोकन करने पहुंचे थे। यही पर उन्होंने राइट्स कंपनी की वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया।

मीडिया के लोगों ने जब मुख्यमंत्री से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा उनके 100 दिन के कार्यकाल पर की गई टिप्पणी के बारे में पूछा, तो उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 10 साल के कार्यकाल पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार की हमेशा से यही मंशा रही थी कि किसानों की कितनी जमीन अधिग्रहित हो गई। कितनी जमीन के सौदे हो गए। कितने लोगों से धंधे कर लिए गए। हम इस प्रकार के कार्य कभी नहीं करेंगे। यदि पूर्व मुख्यमंत्री सिर्फ इस कारण से कह रहे हों कि काम नहीं हुए हैं, तो नहीं हुए हैं। न ही इस प्रकार के कार्य आगे होंगे। यह जनता की सरकार है और जनता के हित में ही कार्य करती रहेगी।



### पांच करोड़ की लागत से बना कैमरा म्यूजियम

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सेक्टर 28 में नगर निगम के सहयोग से बनाए गए कैमरा म्यूजियम का अवलोकन किया। इस म्यूजियम के निर्माण पर लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत आई है। सीएम ने उपायुक्त अमित खत्री को निर्देश दिए कि गुरुगमन सिटी बस का रूट बनाते समय ध्यान रखा जाए कि सिटी बस की कनेक्टिविटी जिला में स्थित इस प्रकार के पर्यटन महत्व के दर्शनीय स्थलों के साथ हो। जिससे कि आम जनता तथा पर्यटक इन स्थलों पर आसानी से पहुंच पाएं। उन्होंने कहा कि सिटी बस के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएगी, जिनका आकार कुछ छोटा होगा, उन बसों को ऐसे स्थलों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कैमरा म्यूजियम में बहुत पुराने कैमरे हैं। यहां तक कि द्वितीय विश्व युद्ध में प्रयोग हुए कैमरे भी यहां प्रदर्शित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा अनोखा म्यूजियम पहली बार देखा है जिसमें फोटो खींचने के लिए प्रयोग होने वाले कैमरों के साथ उनका पूरा इतिहास मौजूद है।



**सीएम के संग ये लोग रहे मौजूद**

इस अवसर पर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, उपाध्यक्ष हरविंद कोहली, नगर निगम की डिप्टी मेयर सुनीता यादव, पूर्व पार्षद अनिल यादव, भाजपा नेता जवाहर यादव तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## कांग्रेस विधायक ने राशन वितरण में गड़बड़ी पकड़ी

**फरीदाबाद।** सरकार द्वारा गरीबों के लिए भरपूर राशन देने के बावजूद डिपो धारक इसमें गोलमाल कर रहे हैं। रविवार को एनआइटी के विधायक नीरज शर्मा ने जवाहर कॉलोनी में एक डिपो पर इस तरह की शिकायत मिलने पर पहुंचे। मौके पर डिपो धारक के पास मिली कच्ची पर्ची से गड़बड़ी पकड़ी गई। हालांकि यह पर्ची कंप्यूटर से निकलनी चाहिए थी, पर डिपो धारक प्रिंटर खराब बता रहा था।

विधायक नीरज शर्मा ने पर्ची पर 8, 14, 27, 17 किलो अनाज लिखा हुआ देखा। हर पर्ची पर 2.2 किलोग्राम अनाज कम था। विधायक द्वारा पूछने पर डिपो धारक ने बताया कि इन कार्डधारकों ने बाजरा नहीं लिया था, इसलिए गेहूं पूरा नहीं दिया गया।

बता दें विधायक ने इससे पहले भी कुछ डिपो पर राशन वितरण की गड़बड़ी पकड़ी थी जिनके बाद में लाइसेंस निलंबित कर दिए गए थे।

**'बड़े हैरत की बात'**

बड़े हैरत की बात है कि सरकार पूरा राशन दे रही है और डिपो धारक अधिकारियों संग मिलीभगत कर राशन चट कर रहे हैं। यह तो एक ही डिपो पर छापेमारी की गई थी अधिकतर डिपो धारक इस तरह का गोलमाल कर रहे हैं। अधिकारी यहां चेकिंग करना मुनासिब नहीं समझते। गरीब लोगों को हर जगह परेशान किया जाता है। एक-एक व्यक्ति कई-कई डिपो चला रहे हैं। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी। **-नीरज शर्मा, विधायक**

**होगी सख्त कार्रवाई**

मुझे इस बारे में पता लग गया है। सोमवार को एक टीम भेजकर डिपो की जांच कराई जाएगी। अनियमितताएं मिलने पर डिपो धारक के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। **-केके गोयल**, खाद्य अधिकारी

## नपुंसक कहने पर बेटे ने पिता को काट डाला

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले में एक बेटे द्वारा पिता की हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्या की वजह भी चौंकाने वाली है। बताया जा रहा है कि पिता अपने बेटे को नपुंसक कहता था, इससे गुस्साए बेटे ने वारदाता को अंजाम दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक, दादरी के जारचा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार रात एक कलयुगी बेटे ने सोते हुए पिता के सिर पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस जांच में दावा किया गया है कि पिता अपने बेटे को अक्सर नपुंसक कहता था। हत्या करने के बाद आरोपित घोड़ी गांव में एक रिश्तेदार के घर पहुंच गया। शनिवार सुबह घर के सदस्य सोकर उठे तो कमरे में खून से लथपथ शव पड़ा था। पुलिस ने बताया कि जारचा कोतवाली क्षेत्र के कलौंदा गांव में डा. रामभूल पत्नी व दो बेटे अरुण व ललित व अन्य स्वजन के साथ रहते थे।

शुक्रवार को उनकी पत्नी मायके गई थी। रामभूल का बड़ा बेटा अरुण पत्नी व बच्चों के साथ घर की ऊपरी मंजिल पर सो रहा था, जबकि छोटा बेटा ललित उनके साथ सो रहा था। शनिवार सुबह जब अरुण नीचे आया तो पिता का शव खून से लथपथ पड़ा था और ललित घर से गायब था। अरुण ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

**पिता ने कहा कैसे बढ़ेगा वंश:** पुलिस जांच में पता चला है कि पिता अक्सर बेटे से कहता था कि वह नपुंसक है, इससे उसका वंश आगे कैसे बढ़ेगा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस को घटनास्थल से कुल्हाड़ी मिली और ललित मौके से फरार था।
**चार साल पहले हुई थी शादी:** परिजनों ने बताया कि अरुण व ललित की शादी चार वर्ष पहले अलीगढ़ के एक गांव की रहने वाली पहले दो सगी बहनों से हुई थी। कुछ समय पहले किसी वजह से ललित की पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

## डासना जेल के चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की नजर

**गाजियाबाद।** जिले की डासना जेल की सुरक्षा रविवार से और कड़ी कर दी गई है। जेल में बंद बंदियों और उनसे मिलाई करने वालों पर पैनी नजर रखने के लिए एसएसपी ने 57 नए आरक्षी तैनात किए हैं। जिनकी ड्यूटी 45-45 दिन के लिए क्रमवार लगाई जाएगी। इसके लिए पुलिस अधीक्षक देहात नीरज जादौन को इसका नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

एसएसपी कलानिधि नैथानी ने रविवार को बताया कि जिला कारागार की बाहरी सुरक्षा एवं प्रवेश के समय सघन तलाशी को और अधिक सुदृढ बनाने के लिए जनपद से 57 आरक्षी जिला जेल को उपलब्ध कराए गए हैं, इन आरक्षीयों की 45-45 दिन के लिए क्रमवार ड्यूटी लगाए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि कुल 57 आरक्षियों में ग्रामीण क्षेत्र के थानों से 24 आरक्षी, नगर क्षेत्र के थानों से 20 आरक्षी, पुलिस लाइन से 10 आरक्षी और पुलिस कार्यालय से तीन को नामित कर रोस्टरवार ड्यूटी लगाई जाएगी ।

## कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति ने नाम सौंपा जिला उपायुक्त की मार्फत ज्ञापन



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद कांग्रेस पार्टी ने देश के राष्ट्रपति से गुहार लगाई है कि वह देश के दलित व अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा के लिए पहल करें और जो वर्तमान भाजपा सरकार इन वर्गों के आरक्षण को समाप्त करने के लिए अभियान चलाए हुए हैं उसको रोकने का काम करें। यह गुहार आज फरीदाबाद के सेक्टर 16 स्थित सर्किट हाउस में जिला उपायुक्त यशपाल यादव को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन में जिले भर के कांग्रेसियों ने लगाई।

ज्ञापन में कहा गया है कि आज भारत सरकार द्वारा नौकरियों में पदोन्नति में दलित व अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण देने को उनका मौलिक अधिकार न मान्य तथा आरक्षण न देने को राज्य सरकारों के मौलिक कर्तव्य न मानने से संबंधित कोर्ट के फैसले के पक्ष में अपनाए के रुख के खिलाफ पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया।

फरीदाबाद में भी जिले भर के कांग्रेसी नेताओं ने मिलकर पहले सर्किट हाउस पर भाजपा सरकार की सोच के खिलाफ प्रदर्शन किया।

## शहीद भगत सिंह के पौत्र के आवास पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री



**फरीदाबाद।** हरियाणा युवा आयोग के चेयरमेन व शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पौत्र यादवेन्द्र सिंह सन्धू के निवास पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंचे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने शहीद ए आजम भगत सिंह की पुरानी यादगार तस्वीरों और उनके द्वारा जेल में लिखी डायरी को देखा। इस अवसर पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यादवेन्द्र सिंह के पिता स्व.बाबर सिंह सन्धु के साथ मेरे पिता अजय चौटाला के पुराने पारिवारिक रिश्ते रहें है।

### 34वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का रंगारंग समापन, बोले राज्यपाल

# हस्तशिल्प को अंतरराष्ट्रीय पहचान दे रहा सूरजकुंड

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने कहा कि फैशन इन्डस्ट्री, हैंडीक्राफ्ट व हैंडलूम से जुड़ने के बाद हथकरघा वस्तुओं के व्यवसाय ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई पहचान दी है और सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला इस पहचान को अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित कर रहा है। आर्य रविवार को 34वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

आर्य ने मेले के सफल आयोजन के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और हरियाणा पर्यटन विभाग को बधाई देते हुए देश-विदेश से आए सभी कलाकारों, शिल्पकारों एवं दर्शकों का स्वागत भी किया। उन्होंने कहा कि मानव-जीवन में कला, संस्कृति और संगीत का बहुत महत्व होता है और यह मेला इन तीनों का एक अद्भुत संगम है। भारतीय सिनेमा उ'बेकिस्तान में बहुत ही लोकप्रिय रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित अन्तरराष्ट्रीय मेले में सहभागी देश के रूप में भाग लेने से भारत और उज्बेकिस्तान के संबंध निश्चित रूप से और अधिक मजबूत होंगे। इस बार मेले में मेले में 40 देशों के कलाकार, शिल्पकार और 15 हजार से अधिक शिल्पी व 13 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे।



मेले के थीम स्टेट हिमाचल प्रदेश के लोगों को धन्यवाद देते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल की संस्कृति की अपनी ही पहचान है, प्रदेश में नैना देवी, ज्वालामुखी, शिव मंदिर बैजनाथ, तारा देवी मंदिर, चिंतपूर्णी मंदिर जैसे देवी-देवताओं के कई विख्यात मंदिर हैं। उन्होंने कहा कि मेले में बहुत ही अच्छे शिल्पकारों व लोक कलाकारों को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी अपने भाषण में कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय मेले में ग्रामीण भारत की झलक बताया था। ग्रामीण क्षेत्रों के शिल्पकारों द्वारा बनाई गई हथकरघा वस्तुओं को मेले में एक पटल मिला है जिससे उनकी कृतियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैशन इन्डस्ट्री से जुड़ा है।

कार्यक्रम में हरियाणा के पर्यटन मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कहा कि इस मेले के जरिए देश के सभी राज्यों के लोगों को मिलने और 40 देशों की संस्कृति को जानने का मौका मिला है।

### हमारी समृद्ध विरासत की झलक मिली

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सूरजकुंड मेले में आगमन को अपने जीवन का अद्भुत पल बताया और कहा कि आज हिमाचल के हरियाणा में आगमन का अहसास हो रहा है। उन्होंने कहा कि 24 साल बाद हिमाचल प्रदेश को इस मेले में थीम स्टेट बनने का अवसर मिला है जो गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यहां देश के सभी राज्यों सहित विश्व के कई देशों के कलाकारों और शिल्पकारों को आने का मौका मिला है। यहां आकर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक मिलती है।

**भाईचारा मजबूत होगा:** कार्यक्रम में उज्जबेकिस्तान के राजदूत फरोज अरजीव ने मेले के में भागीदार देश बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम दोनों देशों की दोस्ती को और अधिक मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे कलाकारों और शिल्पकारों ने पिछले 16 दिनों में यहां अपनी जो प्रस्तुति दी है उससे दोनों देशों के सांस्कृतिक रिश्ते व भाईचारा मजबूत होगा।


## न्यूज डायरी

### एमआरईआइ और टीसीएस ने जीते मुकाबले



**फरीदाबाद।** मानव रचना कारपोरेट क्रिकेट लीग के पहले मुकाबले में मेजबान एमआरईआइ ने आजतक को 60 रन से हराया। दूसरे मुकाबले में टीसीएस ने एशियन अस्पताल की टीम को चार विकेट से हराया। दोनों मुकाबले मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के मैदान पर खेले गए थे। पहले मुकाबले में एमआरईआइ ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 238 रन बनाए। हेमंत को एमआरआइआइआरएस के खेल निदेशक सरकार तलवाड़ ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मुकाबले में एशियन अस्पताल ने बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। आजाद ने 46, राजिंदर ने 16 रन बनाए। टीसीएस की ओर से गौरव ने तीन, मनीष, गोविंद और केतन ने दो-दो विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीसीएस की टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 14.3 ओवर में 144 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

### बदमाशों ने एटीएम काटकर 7 लाख चुराए



**फरीदाबाद।** थाना सदर एरिया के डीग गांव स्थित मेन रोड पर बने एक एटीएम को शनिवार रात को बदमाशों ने गैस कटर से काटकर 7 लाख 28 हजार रुपये चुरा लिए। बदमाशों ने एटीएम के शटर के ताले तोड़ अंदर आने के बाद सीसीटीवी कैमरों पर काले रंग का स्प्रे छिड़क दिया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### अध्यापक संघ ने परिवहन मंत्री को दिया ज्ञापन



**फरीदाबाद।** अतिथि अध्यापक संघ ने नियमित करने की मांग को लेकर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। नियमित करने तक समान काम समान वेतन देने की मांग की। इस दौरान जिले के काफी संख्या में अध्यापक मोजूद थे। अतिथि अध्यापक रविवार को एकत्रित होकर सेक्टर-8 स्थित परिवहन मंत्री के कार्यालय पहुंचे। जहां पर मंत्री को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया कि भाजपा सरकार ने 27 फरवरी 2019 को बजट सत्र में अतिथि अध्यापकों की 58 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षित करने को लेकर बिल पास किया था। अब 20 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में नियमित करने का बिल पारित कर अपना वादा पूरा करने की मांग की।

### भाजपाइयों ने जनता को बताया-धोबी घाट आरओबी के निर्माण में देरी का कारण

**गाजियाबाद।** विजय नगर को शहर से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे धोबी घाट आरओबी के निर्माण कार्य में हो रही देरी का कारण रविवार को भाजपा नेताओं ने विजय नगर क्षेत्र की जनता को बताया। साथ ही जल्दी ही इसे पूर्ण करने का आश्वासन दिया। आरओबी निर्माण कार्य स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह व प्रदेश के राज्य मंत्री अतुल गर्ग को भी आना था लेकिन वे नहीं आए। उनकी अनुपस्थिति में आरओबी के ठेकेदार बाल किशन व भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने आरओबी निर्माण में हो रही देरी को लेकर तकनीकी कारण बताए। ठेकेदार ने बताया कि जिस स्थान पर आरओबी बनाया जा रहा है उस स्थान पर रेलवे के क्वार्टर बने हुए थे जिसमें रेलवे के कर्मचारी निवास किया करते थे। इन सभी क्वार्टरों को हटाने में देरी लगी साथ ही बनाए जा रहे आरओबी के नक्शे व साइज में परिवर्तन होना भी देंरी कारण है। वह इस पुल का निर्माण कार्य 7 से 8 महीने तक पूर्ण कर लेंगे।

### फर्जी कागजातों के आधार पर वाहन फाइनेंस करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने अपनी फोटो लगाकर फर्जी नाम पते के आधार कार्ड, पेन कार्ड और अन्य कागजात तैयार कर उनकी मदद से बाइक और अन्य वाहन फाइनेंस करवाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने फिलहाल इस गिरोह के युवक को अरेस्ट कर उसके कब्जे से फर्जी कागजात और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। एएसआई पवन कुमार ने बताया कि शुक्रवार को वह पुलिस कर्मचारियों के साथ सेक्टर.7 इलाके में गश्त पड़ताल कर रहा था। तभी एक मुखबिर ने मुलाकात कर सूचना दी कि शहर में एक गिरोह सक्रिय है, जो अपनी तस्वीरें लगाकर अलग-अलग नाम-पतों के फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य कागजात तैयार करने का काम करते हैं। इनमें पलवल के सहराला गांव निवासी लक्ष्मण, सतबीर उर्फ जीतू और कुछ अन्य लोग शामिल है। इन लोगों ने अनेक नाम पतों से काफी संख्या में फर्जी कागजात बनाए हुए है। यह लोग इन कागजातों की मदद से फाइनेंस कंपनियों से वाहन खरीदते हैं। पहली किस्त भरने के बाद यह लोग वाहन को किसी अन्य व्यक्ति के हाथों औने पौने दामों में बेच देते हैं।

### कलक्ट्रेट में तैनात वरिष्ठ सहायक निलंबित

**गाजियाबाद।** शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले एक वरिष्ठ सहायक को जिलाधिकारी ने निलंबित कर दिया है। यह वरिष्ठ सहायक विशेष भूमि अध्यप्ति अधिकारी के कार्यालय पर तैनात था। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने रविवार की शाम को बताया कि कुछ दिन पहले विशेष भूमि अध्यप्ति अधिकारी के कार्यालय अलीगढ़ से अनिल कुमार वरिष्ठ सहायक के रूप में स्थानांतरित होकर आया था जिसके खिलाफ अलीगढ़ में भी कई जांचें चल रही थी। उन्होंने बताया कि वहां के विशेष भूमि अध्यापक अधिकारी ने शिकायतों की जांच के बाद अपनी जांच आख्या दो दिसंबर 2019 को गाजियाबाद कार्यालय भेज दी थी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय में रखे गए बॉक्स के माध्यम से एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमें पूरा विवरण लिखा गया था और अभी तक जांच आख्या संबंधित अधिकारी तक नहीं पेश की थी। जिसके बाद उन्होंने अपर जिलाधिकारी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की। रिपोर्ट मिलने के बाद पता चला कि अनिल कुमार ने जानबूझकर जांच आख्या को दबाए रखा। उसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया है ।

### भाजपा नेत्री के हत्यारोपी पति से पिस्टल बरामद

**गुरुग्राम।** भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश मंत्री मुनेश गोदारा की हत्या के आरोपित उनके पति सुनील गोदारा से रिमांड के दौरान हत्या में इस्तेमाल पिस्टल बरामद कर ली गई है।

## पारिवारिक कलह

# पंजाब पुलिस कर्मचारी ने पत्नी सहित चार की गोली मारकर जान ली

**मोगा।** पंजाब पुलिस के हेड कांस्टेबल ने गांव जलालपुर में घरेलू विवाद के चलते रविवार सुबह करीब 6 बजे पत्नी और 3 ससुराल वालों (सास-साला और साले की पत्नी) की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना में साले की 10 साल की बच्ची भी घायल है। दरअसल, शनिवार शाम आरोपी कांस्टेबल का ससुराल में विवाद हुआ था।

इसके बाद धर्मकोट पुलिस उसे लेकर चली गई थी। आरोपी ने सुबह 6 बजे लौटकर एके-47 से वारदात को अंजाम दिया। बाद में उसने समर्पण कर दिया। आरोपी कुलविंदर सिंह मोगा पुलिस लाइन में दंगाविरोधी दल को लीड करता है। उसका पत्नी राजविंदर कौर के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। झगड़े के बाद पत्नी मायके चली जाती थी। इस बात पर कुलविंदर ससुराल के लोगों से भी बेहद खफा था।

### 3 ने मौके पर दम तोड़ दिया

आरोपी कांस्टेबल ने ससुराल पहुंचते ही सरकारी एके- 47 राइफल निकाली और गोलीबारी शुरू कर दी। घटना में पत्नी राजविंदर कौर, साला जसकरण सिंह और साले की पत्नी इंद्रजीत कौर की मौके पर ही मौत हो गई।

## राजस्थान क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, चार लाख रुपये की नकदी भी बरामद

# पत्नी के साथ मिलकर आरटीओ में चला रहा था 'ओवरलोड रैकेट,' दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजस्थान में ओवरलोड के खेल को दलाल के मार्फत चलाने वाले आरटीओ की गिरफ्तारी के बाद रविवार की दोपहर राजस्थान स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम ने आरटीओ के मुख्य दलाल बंटी को उसकी पत्नी के साथ रेवाड़ी की हाई क्लास सोसायटी मनचंदा के एक फ्लैट से गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार मौके से 4 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की गई है। स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम प्राइवेट गाड़ियों में सवार होकर पहुंची थी। दोनों को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें मॉडल टाउन पुलिस थाना में लाया गया। बता दें कि कुछ दिन पहले राजस्थान स्टेट क्राइम ब्रांच जयपुर की टीम ने कुछ दिन पहले ही एक आरटीओ को ओवरलोडिंग के खेल में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में खुलासा हुआ था कि आरटीओ अपने दलाल बंटी के साथ मिलकर पूरा खेल चला रहा था। बंटी के बारे में जानकारी मिलने के बाद रविवार को क्राइम ब्रांच की टीम ने रेवाड़ी के गढ़ी बोलनी स्थित हाई क्लास सोसायटी मनचंदा में पहुंच गई और वहां से एक फ्लैट में रेड कर बंटी व उसकी पत्नी ममता को गिरफ्तार किया गया है।

- आरटीओ की गिरफ्तारी के बाद दलाल को गिरफ्तार किया गया




रेवाड़ी। सोसायटी के बाहर खड़ी स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम एवं गिरफ्तार किया गया आरोपित बंटी। फोटो : हरिभूमि

### मोबाइल के जरिए हुआ खेल का खुलासा

ओवरलोडिंग के खेल का खुलासा राजस्थान स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम ने दो दिन पहले ही किया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने एक आरटीओ का मोबाइल सर्विसलांस पर लगाया हुआ था, जिसके जरिए जानकारी मिलने के बाद आरटीओ को गिरफ्तार किया और उसके जरिए खेल को अंजाम देने वाले दलाल बंटी को मोबाइल लोकेशन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया है। दोनों के बीच काफी-काफी देर तक बातचीत होती थी।

### फ्लैट नंबर 303-जी से चल रहा था खेल

स्टेट क्राइम ब्रांच की टीम ने बताया कि अलवर निवासी बंटी व उसकी पत्नी संतोष काफी समय से गढ़ी बोलनी रोड स्थित मनचंदा के फ्लैट नंबर 303-जी में किराए पर रह रहा था। यहीं से वह ओवरलोडिंग की दलाली का खेल चला रहा था। क्राइम ब्रांच के अनुसार बंटी कुछ समय पहले तक श्री सीमेंट कंपनी में काम करता था और यहीं पर काम करते हुए वह आरटीओ के संपर्क में आया और फिर दलाली का खेल शुरू कर दिया।

### प्राइवेट गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे

रविवार दोपहर बाद करीब साढ़े 3 बजे तीन प्राइवेट गाड़ियों में राजस्थान स्टेट क्राइम जयपुर के डीएसपी के नेतृत्व में एक दर्जन जवान मनचंदा सोसायटी के सामने आकर रुके। सोसायटी के दरवाजे पर फ्लैट नंबर 303जी के बारे में जानकारी जुटाई और फिर सीधे फ्लैट में रेड मार दी। उसके बाद पुलिस ने आरोपित बंटी व उसकी पत्नी ममता को गिरफ्तार कर लिया और सीधे गाड़ियों में बैठाकर मॉडल टाउन थाना लेकर पहुंची।

### बंटी के तार रेवाड़ी से भी जुड़े

क्राइम ब्रांच के अनुसार बंटी व उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार बंटी के तार रेवाड़ी आरटीए कार्यालय से भी जुड़े हो सकते है, क्योंकि यहां भी बड़े स्तर पर ओवरलोडिंग का खेल चल रहा है। बंटी गिरफ्तारी के बाद से रेवाड़ी आरटीए के दलाल भी भूमिगत हो गए है।



# मुख्यमंत्री ने रणदीप घनगस की किताब का विमोचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- पत्रकारों, संपादकों, साहित्यकारों पर लिखी है यशस्वी हरयाणवी हस्ताक्षर किताब

मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने रविवार को रोहतक में पूर्व पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रणदीप घनगस द्वारा लिखित किताब यशस्वी हरयाणवी हस्ताक्षर (साहित्यकार संपादक पत्रकार) का विमोचन किया। किताब के लेखक रणदीप घनगस को साहित्कारों और पत्रकारों पर लिखी इस किताब के प्रकाशन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। विमोचन के सादगी पूर्ण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और करनाल के सांसद संजय भाटिया, प्रदेश के संगठन महामंत्री सुरेश भट्ट, प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, रोहतक भाजपा के जिला अध्यक्ष अजय बंसल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने किताब की प्रशंसा करते हुए कहा कि रणदीप घनगस द्वारा लिखित किताब यशस्वी हरयाणवी हस्ताक्षर में विभिन्न पत्रकारों संपादकों और साहित्यकारों के जीवन के बारे में लिखा गया है। लेखक रणदीप घनगस खुद भी एक पत्रकार रहे हैं। सुभाष बराला ने कहा कि यह किताब पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए भी बहुत लाभदायक रहेगी। उन्हें हरियाणा के उन पत्रकारों और संपादकों के बारे में पूरी जानकारी मिलेगी जिनके बारे में अब तक बहुत कम लिखा गया था।



# महिला जूनियर कबड्डी का हरियाणा चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय खेल परिसर में एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा द्वारा आयोजित चार दिवसीय 46वीं महिला एवं पुरुष जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। फाइनल मुकाबले मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में हुए। इनमें हरियाणा की लड़कियों की टीम 11 अंक से विजयी हासिल की। बेटियों ने साई की टीम को पराजित किया। हरियाणा ने 29 अंक अर्जित किए। जबकि साई 18 ही बना सकी। इसी प्रकार की लड़कों का फाइनल मुकाबला साई ने 5 अंक से जीता। साई की टीम ने 36, जबकि उत्तर प्रदेश की टीम ने 31 अंक बनाए।

### सीएम ने सम्मानित किया

मुख्यमंत्री ने हरियाणा की लड़कियों की कबड्डी टीम को विजेता बनने पर शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल नीति में नकद पुरस्कार एवं रोजगार का प्रावधान किया गया है। ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को छह करोड़ रुपये, एशियन में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 3 करोड़ दिए जाएंगे।

# हरियाणा रोडवेज की बस पंजाब में पेड़ से टकराई, ड्राइवर-कंडक्टर की मौत

**पानीपत।** हरियाणा रोडवेज की एक बस रविवार सुबह पंजाब में हादसे का शिकार हो गई। पानीपत डिपो की यह बस पंजाब के होशियारपुर में अचानक बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में बस ड्राइवर और कंडक्टर की मौत हो गई। जबकि बस में सवार नौ यात्री घायल हो गए। बस दिल्ली से कटड़ा के लिए जा रही थी। हादसे में मारे गए बस ड्राइवर की पहचान सलीमदीन और कंडक्टर की पहचान कृष्ण कुमार के तौर पर हुई है। पानीपत डिपो व होशियारपुर जिले की पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पुलिस को जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बा भंगाला के जंडवाल मोड़ पर एक बस के पेड़ से टकराने की सूचना मिली थी। इसके बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि ड्राइवर और कंडक्टर की मौत हो चुकी थी।

- दिल्ली से कटरा जा रही थी पानीपत डिपो की बस, नौ यात्री भी घायल, एक की हालत गंभीर
- होशियारपुर में सुबह के समय हादसा



### बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त

हादसे के दौरान अधिकतर यात्री सो रहे थे। जांच अधिकारी बलवंत सिंह ने बताया कि कि बस दिल्ली से कटड़ा जा रही थी। हादसा इतना भयानक था कि बस का आगे वाला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# हरियाणा रोडवेज के तीन कंडक्टर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा रोडवेज विभाग के मुख्यालय के द्वारा सिरसा के तीन कंडक्टरों को सस्पेंड करने का मामला सामने आया है। तीनों कंडक्टर में से मोहनलाल और विकास कुमार सिरसा डिपो व रामचंद्र डबवाली डिपो से हैं। दरअसल ये तीनों कंडक्टर व्हाट्स एप ग्रुप के जरिए एक दूसरे को फ्लाइंग के आने की सूचना देकर अलर्ट करते थे।

### व्हाट्सएप पर फ्लाइंग आने की देते थे सूचना

आपको बता दें कि चंडीगढ़ से एक रोडवेज फ्लाइंग टीम ने राजस्थान के रींगस क्षेत्र में हरियाणा डिपो की एक बस में चेकिंग की। इसी दौरान यात्रियों की टिकटें जांच करते हुए बस कंडक्टर के मोबाइल को भी चेक किया था, उसी दौरान रोडवेज फ्लाइंग की जानकारी देने वाले वाट्सएप ग्रुप की पोल खुली थी। ग्रुप में करीब 119 लोग जुड़े होना बताया गया हैं। चेकिंग टीम के मुताबिक वाट्सएप ग्रुप के जरिए संबंधित कंडक्टरों को फ्लाइंग टीम की लॉकेशन मिलती थी, जिसके बाद फर्जीवाड़ा करने वाले कंडक्टर अलर्ट हो जाते थे। यही कारण था कि बसों में चेकिंग के दौरान कंडक्टरों का फर्जीवाड़ा उड़नदस्ता टीमों की पकड़ में नहीं आता था। जिसके चलते कंडक्टर रोडवेज विभाग को मोटी चपत लगाते थे।

# शहीद कैप्टन कुलदीप सिंह स्मारक का निर्माण कार्य आज शुरू होगा

## 1971 के भारत-पाक युद्ध में दिया था सर्वोच्च बलिदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए कैप्टन कुलदीप सिंह के स्मारक स्थल का निर्माण कार्य आज सोमवार से शुरू होगा। गांव सांखोल की गोल मार्केट में बनाए जाने वाले इस स्मारक स्थल का उद्घाटन 23 मार्च (शहीदी दिवस) को होगा। राजस्थान के जयपुर से शहीद कुलदीप सिंह का स्टेच्यू लाकर स्मारक स्थल पर स्थापित किया जाएगा।

दरअसल, कैप्टन कुलदीप सिंह का जन्म बहादुरगढ़ के गांव सांखोल में 1 अगस्त 1947 को हुआ था। युद्घ में महज 24 साल की उम्र में वह देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर गए। मरणोपरांत वर्ष 1972 में उन्हें वीर चक्र का सम्मान मिला। शहादत के लगभग पांच दशक बाद भी शहीद कुलदीप सिंह का देशभर में कहीं स्मारक स्थल नहीं बनाया जा सका। सरकार एवं प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो गांव सांखोल की ही पंचायत अपने लाल के सम्मान में आगे गई। पिछले माह पंचायत ने गांव में स्मारक स्थल बनाने का फैसला लिया। पूरे गांव ने इस फैसले का समर्थन किया। गांव की गोल मार्केट में 100 गज क्षेत्र में स्मारक स्थल बनेगा। स्मारक को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है।

### 23 मार्च को स्मारक का उद्घाटन होगा

डी-शेप में बनाए जाने वाले इस स्मारक स्थल पर करीब छह लाख रुपए की लागत आएगी। राजस्थान के जयपुर से शहीद कुलदीप सिंह का स्टेच्यू लाया जाएगा। स्टेच्यू पर एक लाख 45 हजार की लागत आई है। यह राशि कैप्टन कुलदीप सिंह के छोटे भाई कुलवंत राठी ने अपनी ओर से दी है। गांव के निवासी राजेश कल्सन ने बताया कि 17 फरवरी से निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। जल्द ही काम पूरा हो जाएगा और 23 मार्च को शहीदी दिवस के मौके पर स्मारक स्थल का उद्घाटन किया जाएगा।

## बुलेट से पटाखा छोड़ने पर 31 हजार का चालान

**गोहाना।** गोहाना में ट्रैफिक पुलिस नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त नजर आ रही है। इसी कड़ी में गोहाना ट्रैफिक पुलिस ने समता चौक पर चेकिंग के दौरान एक बुलेट बाइक का 31 हजार रुपए का चालान किया है।मिली जानकारी के मुताबिक, बुलेट बाइक चालक तेज आवाज में अपनी बाइक पर पटाखे बजाता हुआ शहर की तरफ आ रहा था। चेकिंग के दौरान जब ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट चालक को रुकवाकर बाइक के कागजात दिखाने के लिए कहा तो चालक कोई कागजात नहीं दिखा सका। इसके चलते ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट को इम्पाउंड कर दिया। बाइक चालक प्रीतम सिंह गोहाना के नगर वार्ड 2 का रहने वाला है। वहीं अंबेडकर चौक पर एक केंटर का 26000 का चालान किया है। केंटर चालक ने अपनी गाड़ी पर काली फिल्म लगा रखी थी।

# पानीपत और डबवाली में हादसे, चार की मौत

## विवाह समारोह से लौट रहे दोनों भाइयों के सड़क किनारे मिले शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव लोहारी से विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे दो भाइयों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। रविवार के तडके जब ग्रामीण खेतों की ओर चले तो गांव सुताना के मोड़ के पास दोनों मृत हालत में पडे मिले। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। 22 वर्षीय विकास निवासी गांव खुखराना जिला पानीपत बुआ के लड़के 26 वर्षीय अमित निवासी गांव भादौड जिला पानीपत के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में आयोजित विवाह समारोह में भाग लेने के लिए गांव लुहारी गए थे। वहीं रविवार के तड़के विवाह समारोह संपन होने पर अमित व विकास बाइक पर सवार होकर अपने गांवों के लिए रवाना हुए। इधर, गांव सुताना के मोड़ के पास अज्ञात कार चालक ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। वहीं हादसे में विकास व अमित गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कार चालक अपने वाहन समेत फरार हो गया। विकास व अमित को तत्काल चिकित्सा नहीं मिलने पर दोनों की मौत हो गई। इधर, जब गांव सुताना के ग्रामीण पोह फटने पर खेतों में कामकाज के लिए चले तो उन्होंने गांव के मोड पर सड़क के उपर विकास व अमित के शवों को पडे देखा और घटना की सूचना थाना मतलौडा पुलिस को दी। जल्द ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों की जांच की।

- अज्ञात वाहन ने रात को बाइक से लौटते समय मार दी थी टक्कर

## चालक के अचानक ब्रेक लगाने से चपेट में आए बाइक सवार युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

गांव सुकेराखेड़ा के समीप रविवार सुबह ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

जानकारी अनुसार पंजाब के बठिंडा जिला के गांव पक्काकलां निवासी करीब 50 वर्षीय मैगल सिंह व गांव सेखपुरा निवासी 55 वर्षीय नैब सिंह रविवार सुबह बाइक पर संगरिया की ओर से डबवाली आ रहे थे। शहर के समीप उनके आगे जा रहे ट्राला चालक ने अचानक ब्रेक मार दिए, जिससे पीछे जा रहा बाइक अनियंत्रित हो गया। बाइक के ट्राले में लगने के बाद दोनों उछलकर ट्राले के टायरों के आगे जा गिरे, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्राला चालक हादसे के बाद मौके से भाग गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर आकर दोनों के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उनके परिजनों को सूचित कर दोनों शवों को डबवाली अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। चौटाला चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। परिजनों के बयानों के आधार पर ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

- ट्राला चालक हादसे के बाद मौके से फरार पुलिस कर रही चालक की तलाश

## ईमेल से भी भेज सकते हैं शिकायतें

# गृहमंत्री के पास लग रहा शिकायतों का अंबार

विज ने शिकायतों को मार्क कर निश्चित समय में समाधान के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




गृह, शहरी स्थानीय निकाय एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निवास स्थान पर लगने वाले जनता दरबार में लोगों का विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। प्रत्येक शनिवार व रविवार को हरियाणा के दूर-दराज से आकर लोग अपनी शिकायतें व समस्याएं गृहमंत्री के समक्ष रख रहे हैं। इस जनता दरबार में रविवार भी फरियादियों की लंबी-लंबी लाइनें लगी तथा सभी प्रार्थियों की गृहमंत्री ने विस्तारपूर्वक समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत मार्क करके प्रभावी तरीके से इस पर कार्रवाई हो इसके लिए उन्हें निर्देश भी दिए। साथ ही गृहमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत या समस्या ई-मेल पर भेज सकता है। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का समय अवधि के तहत निपटान सुनिश्चित होगा। करनाल जिले के गांव खेड़ी मान सिंह निवासी बलिन्द्र सिंह ने बताया कि उसने रमेश उर्फ बिल्लू के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति जुटाने की शिकायत की थी तथा उसने यह भी बताया कि उसने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से वर्ष 1996 में सरकारी नौकरी हासिल की थी लेकिन बाद में उसे नौकरी से निकाल दिया गया। उसने यह भी बताया कि उसने मेरे माता-पिता से फर्जी हस्ताक्षर करवाकर मुझे बेदखल कर दिया है। यह भी बताया कि उसे जान से खतरा है, पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# हिसार हवाई अड्डे से जल्द शुरू हो सकती है उड़ान

**चंडीगढ़।** हिसार एयरपोर्ट पर जल्द ही उड़ान शुरू हो सकती है। पिछले लंबे समय में पर्यावरण क्लीयरेंस को लेकर चल रही कागजी कार्रवाई सिविल एविशन डिपार्टमेंट ने पूरी कर ली है। एयरपोर्ट पर पर्यावरण क्लीयरेंस को लेकर फाइलें दिल्ली स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेज दी हैं।

मंत्रालय में सब कुछ ठीक रहा तो यह परमिशन भी हिसार एयरपोर्ट को मिल जाएगी। पर्यावरण विभाग की मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट पर रनवे विस्तार का टेंडर खुल जाएगा। इसके अलावा एयरपोर्ट पर लाइटिंग लगाने का टेंडर भी ओपन हो चुका है और उसका काम जल्द शुरू हो जाएगा।वहीं दूसरी ओर स्पाइस जेस कंपनी ने हिसार से उड़ान शुरू करने के लिए तीन हवाई जहाज खरीदे हैं।

जिसमें 19-19 यात्रियों के बैठने का प्रबंध रहेगा। इसके साथ ही सभी सुविधाओं से लैस यह जहाज होंगे। इन प्लेन के साथ पांच स्थानों के लिए फ्लाइट शुरू की जा सकती हैं। इसमें जयपुर, दिल्ली, देहरादून, चंडीगढ़ शहर शामिल हैं। हिसार एयरपोर्ट पर अभी तक दृश्यता कम होने के कारण फ्लाइट स्थगित चल रही है।

**20 नवंबर से बंद पड़ी है उड़ान:** 20 नवंबर 2019 से एयरपोर्ट से उड़ाने बंद पड़ी हैं। हिसार एयरपोर्ट को हरियाणा सरकार तीन चरणों में विकसित करना चाहती है। पहला चरण पूरा हो चुका है मगर दूसरा चरण शुरू करने से पहले एन्वायरमेंट क्लीयरेंस लेना जरूरी है। इसके लिए सरकार प्रयासरत है।

## खबर संक्षेप

### कोयला लगे हाथ से भोजन छूने पर दलित को मारा त्रिशूल, हालत गंभीर

**बलिया।** बलिया जिले के दोकटी क्षेत्र में कथित रूप से कोयला लगे हाथ से भोजन छूने पर 4 लोगों ने दलित युवक की पिटाई कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। दोकटी थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में शनिवार शाम आयोजित भोज कार्यक्रम के दौरान 30 वर्षीय उपेंद्र राम नामक दलित युवक ने कोयला लगे हाथ से भोजन को छू दिया। इस पर वहां मौजूद चार लोगों ने उसकी चिमटे से पिटाई की, त्रिशूल मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

### बदमाश ने कूरियर ऑपरेटर की पिटाई की, हालत गंभीर

**मुजफ्फरनगर।** यूपी के शामली जिले में बदमाश के कूरियर ऑपरेटर की जमकर पिटाई करने मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। कूरियर ऑपरेटर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। शामली एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि थाना भवन में शनिवार को पैसों को लेकर हुए विवाद के बाद प्रताप सिंह ने विनोद कुमार की पिटाई कर दी। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कार्रवाई की गई। पुलिस मौके पर पहुंची, बुरी तरह घायल पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।

### छेड़छाड़ के आरोप में बिजली मीटर रीडर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** शामली जिले में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में बिजली मीटर रीडर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब आरोपी जिले के एक गांव में बिजली रीडिंग की जांच करने आया था। आरोपी प्रवीण शनिवार को कांधला पुलिस थाना इलाके के तहत आने वाले एक गांव में बिजली मीटर की रीडिंग लेने के लिए किशारी के घर आया था।

## प्रधानमंत्री बोले- नए भारत की दिशा तय करेगा हमारा आचरण

# पीएम ने काशी को दी 1200 करोड़ की सौगात

एजेंसी ⏭ वाराणसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर पहुंच गए हैं। दोबारा पीएम बनने के बाद दूसरी बार वाराणसी पहुंचे नरेंद्र मोदी शैव समुदाय से जुड़े जंगमवाड़ी मठ पहुंचे। इसके बाद मोदी ने चंदौली के पड़ाव में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 63 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। पीएम मोदी ने वाराणसी में लगभग 1200 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया। उन्होंने काशी से महाकालेश्वर व ओंकारेश्वर को जोड़ने वाली काशी-महाकाल एक्सप्रेस को भी झंडी दिखाई। जंगमवाड़ी मठ में नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक, महाराष्ट्र व तमिलनाडु से आए लोगों और संतों को संबोधित करते हुए तमिल, मराठी, कन्नड़ और हिंदी में अपनी बात रखी। उन्होंने लोगों से संकल्प लेने को कहा कि वे अपने आचरण, विचार से राष्ट्र निर्माण का काम करेंगे। पीएम मोदी ने शैव समुदाय और संतों की भी जमकर तारीफ की। अपने इस दौरे में पीएम नरेंद्र मोदी ने कई विकास योजनाओं, अस्पतालों व पर्यटन से जुड़ी योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। आपको बता दें कि पिछले छह सालों में यह पीएम नरेंद्र मोदी का 22वां वाराणसी दौरा है।

### चंदौली के दीन दयाल उपवन में पीएम नरेंद्र मोदी ने जनता की संबोधित

'हर-हर महादेव' के नारे से साथ पीएम मोदी ने की संबोधन की शुरुआत। पीएम मोदी ने होली, एकादशी और महाशिवरात्रि की बधाई अवधी में दी। महाकाल के आशीर्वाद से हम वे फैसले लेने में सक्षम हुए, जो लंबे समय से रुके हुए थे। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि महाकाल के आशीर्वाद से लिए गए इन फैसलों पर आगे भी कायम रहेंगे। आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी पंडित दीन दयाल की यह प्रतिमा। यहां बनाया गया उपवन भी लोगों के लिए प्रेरणा स्थली के रूप में है। उनकी आत्मा हमें निरंतर आशीर्वाद देती है क्योंकि हम समाज दे दलित, पीड़ित, शोषित वर्ग के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था। यानी समाज के आखिरी पंक्ति के व्यक्ति का उदय। जो आखिरी पायदान पर है, उसे पहले पायदान पर लाने के लिए काम हो रहा है। हर क्षेत्र में विकास के अभूतपूर्व काम हो रहे हैं।

### बाबा भोले के आशीर्वाद से 25 हजार करोड़ की योजनाओं पर जारी है कार्य

शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, संस्कृति से जुड़े इन कार्यों के लिए मैं वाराणसी और पूर्वांचल के लोगों को बधाई देता हूं। पिछले कुछ सालों में वाराणसी में लगभग 25 हजार करोड़ की योजनाएं या तो पूरी हो चुकी हैं, या काम जारी है। यह सब महादेव की इच्छा है, बाबा भोले का ही आशीर्वाद है। बाबा ने हमें इसकी जिम्मेदारी दी है। चौकाघाटा-लहरतारा फ्लाइओवर बन जान से जाम की समस्या खत्म होगी। 16 सड़कें बनाई गईं, उनका लोकार्पण हुआ है। इनसे यात्रियों को बहुत लाभ होगा। कनेक्टिविटी के ये काम आपके आराम के साथ-साथ रोजगार को भी जन्म देंगी। पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा। आस्था से जुड़े स्थलों पर लगातार काम कर रहे हैं काशी विश्ननाथ कॉरिडोर के अन्नक्षेत्र का लोकार्पण किया गया है। अब भक्तों के भोजन में कमी नहीं आएगी। जल्द ही विश्वनाथ धाम नए रूप में दिखाई देगी। इसी तरह से अयोध्या में राम मंदिर पर जल्द ही काम शुरू होगा। देशभर में आस्था से जुड़े स्थलों के विकास के लिए काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बाबा विश्वनाथ को ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर से जोड़ने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई।

### शिक्षा, चिकित्सा में आगे बढ़ रहा काशी

शिक्षा के अलावा चिकित्सा के क्षेत्र में भी काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है वाराणसी। उन बीमारियों का इलाज भी यहां हो रहा है, जिसके लिए बहुत दूर जाना पड़ता था। सिर्फ 21 महीने में 430 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। मेडिकल कॉलेज के लिए मैं योगी जी और उनकी टीम को बहुच-बहुत बधाई देना चाहता हूं। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 100 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से ज्यादा हिस्सा छोटे-छोटे शहरों के खाते में जाएगा। पूर्वांचल समेत कई जगहों पर कई फैक्ट्रियां यूपी में पिछले कुछ सालों में लगी हैं।

### स्वदेशी खरीदने का किया आह्वान

नमामि गंगे के तहत 7000 करोड़ की लागत से काम पूरा हुआ है। 21 हजार करोड़ की लागत से चल रहे प्रॉजेक्ट्स का काम प्रगति पर है। इसमें जनभागीदारी का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। भारत में बने सामान को सम्मान देना हमारा लक्ष्य है। मैंने लालकिले से कहा था कि स्वदेशी खरीदेंगे और आसपास के लोगों को भी प्रेरित करेंगे। भारत में वैश्विक स्तर के उत्पाद बन रहे हैं। हमें 'इंपोर्टेड श्रेष्ठ है' की सोच को बदलना है।

### दिखाया काला जैकेट, एसपीजी ने सपा नेता के बेटे को उठाकर बैरीकेडिंग के बाहर फेंक दिया

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश फौजी के लड़के अजय यादव ने पीएम मोदी को दिखाया काला झंडा। पुलिस ने अजय यादव को किया गिरफ्तार। अजय ने काला जैकेट निकालकर दिखाया तो एसपीजी ने उसको उठाकर बैरीकेडिंग के बाहर फेंक



### राम मंदिर के निर्माण के लिए ट्रस्ट तेजी से काम करेगा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए ट्रस्ट बनाया गया है। यह ट्रस्ट तेजी से काम करेगा। उच्चतम न्यायालय ने मंदिर निर्माण व प्रबंधन को देखने के लिए केंद्र सरकार को ट्रस्ट बनाने का निर्देश दिया था जिसके बाद सरकार ने हाल में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का गठन किया था।

### जनभागीदारी पर दिया जोर

पीएम ने कहा कि हमें पानी की बचत पर ध्यान देते हुए भारत को 'सूखा मुक्त और जलयुक्त' बनाने के लिए हर भारतीय को योगदान देना है। सिर्फ सरकारों के माध्यम से यह नहीं हो सकता है। जनभागीदारी आवश्यक है। नागरिकों के संस्कार से बनता है। कर्तव्यभावना नागरिक को श्रेष्ठ बनाती है। हमारा आचरण ही नए भारत की दिशा को तय करेगा। वीर शैव संतों ने तो सदियों से धर्म की शिक्षा कर्तव्य से ही दी है।

### भाजपा विधायक से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**गोंडा (उप्र)।** गोंडा जिले की तरबगंज सीट से भाजपा विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगने के आरोपी व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार ने यहां बताया कि गत 11 फरवरी को तरबगंज से भाजपा विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय के मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने संदेश भेजकर 10 लाख रुपये देने को कहा था।

## कन्हैया के काफिले पर किया था हमला, शिवसैनिक समेत तीन धरे

एजेंसी ⏭ आरा



जेएनयू के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, भाकपा के युवा नेता कन्हैया कुमार के काफिले पर हमला करने के मामले में पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए वीडियो फुटेज के माध्यम से पहचान करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तर कर लिया है। शनिवार को दो लोगों को जेल भेज दिया गया।

वहीं, एक का इलाज पुलिस की देख रेख में चल रहा है। आपको बता दे कि कन्हैया के काफिले पर हमले मामले में गजराजगंज ओपी के एएसआई हीरा लाल राय के बयान पर शिव सेना के प्रदेश संगठन सचिव विक्रमादित्य सिंह सहित 10 लोगों पर नामजद प्राथमि की दर्ज की गई है, जिसमें पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में शिव सेना के प्रदेश संगठन सचिव विक्रमादित्य सिंह तथा शिवसेना के व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय प्रसाद शामिल हैं। वहीं, तीसरा आरोपित जख्मी सन्नी तिवारी का इलाज पुलिस अभिरक्षा में चल रहा है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। बता दें कि शुक्रवार को रमना मैदान में डॉ. कन्हैया कुमार की जनसभा थी।

### दो दिन की झारखंड यात्रा पर उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू रांची पहुंचे




**रांची।** भारत के उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू रविवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने उनका स्वागत किया। झारखंड के मुख्य सचिव डॉ. डीके तिवारी, पुलिस महानिदेशक कमल नयन चौबे मौजूद थे। उपराष्ट्रपति रांची स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मोरहाबादी स्थित रांची विवि आर्यभट्ट सभागार में नायडू 'अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस' के तहत नेतृत्व क्षमता, सुशासन विषय पर आईआईएम के छात्रों को संबोधित करेंगे।

### खूबसूरती...



**आगरा।** कर्नाटक की महिलाओं का समूह अपने पारंपरिक परिधान में शनिवार को ताजमहल परिसर में नजर आया।

## राशिफल 17 फरवरी 2020



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : बीमारी में सुधार के योग हैं। कार्यक्षेत्र पर भाग्य का साथ मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। शैक्षणिक मोर्चे पर किसी नए क्षेत्र में दिलचस्पी ले सकते हैं। **शुभ अंक**: 1, **रंग** : सफेद।

**वृष**: प्रतियोगिता परीक्षा में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। जीवन का स्तर और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे। **शुभ अंक**: 11, **रंग**: लेमन।

**मिथुन**: करियर में आगे बढ़ने के लिए सहयोगियों को साथ लेकर चलें। गृहणियां घर को व्यवस्थित करने की सोच सकती हैं। नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मक होने की कोशिश करें। **शुभ अंक** : 3, **रंग**: पर्पल।

**कर्क**: कार्यक्षेत्र पर स्थिति को काबू में करने की जरूरत है। परिवार के किसी सदस्य के साथ चल रहे मतभेद दूर हो सकते हैं। किसी को की गई मदद का अच्छा परिणाम मिलेगा। **शुभ अंक**: 18, **रंग**: कॉफी।

**सिंह**: परिवार के किसी समारोह में लंबे समय बाद लोगों से मिलना होगा। जीवन के उतार-चढ़ाव को लेकर ज़्यादा ना सोचें। कार्यक्षेत्र पर स्थिरता महसूस करेंगे। **शुभ अंक**: 9, **रंग**: कॉफी।

**कन्या**: नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को कुछ इंतजार करना होगा। अपने करीबियों के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। मानसिक तनाव कम होगा। **शुभ अंक**: 18, **रंग**: पीला।

**तुला**: अपनी कार्यक्षमताओं को निखारने की कोशिश करें। घर के अधूरे कामों को समय पर पूरा करने की जरूरत है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिलकर प्रोत्साहित महसूस करेंगे। **शुभ अंक**: 7, **रंग** : पीच।

**वृश्चिक**: व्यवासायिक साझेदारी करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। अपने साथी के साथ भविष्य की योजनाएं बना सकते हैं। बुरी आदत से छुटकारा पाने में कामियाब होंगे। **शुभ अंक**: 1, **रंग** : हल्का लाल।

**धनु**: घर पर विवादास्पद मामले को उठाने की कोशिश ना करें। अहम काम को अच्छे से करने में सफल होंगे। प्रॉपर्टी मामले को आसानी से सुलझाने में कामियाब होंगे। **शुभ अंक** : 4, **रंग**: डार्क टरक्वॉइश।


**मकर**: किसी विशेष पेशे को अपनाने की इच्छा रखने वाले लोगों को किस्मत का साथ मिलेगा। परिवार के साथ कोई महत्वपूर्ण योजना बनाकर एंजॉय करेंगे। **शुभ अंक** : 18, **रंग**: मजेंटा।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र पर संदेह का लाभ मिल सकता है। परिवार के किसी सदस्य को अनुशासन की जरूरत है। अतिरिक्त कौशल को सीखने से आपकी प्रतिष्ठा में इजाफा होगा। **शुभ अंक** : 5, **रंग**: हरा।

**मीन**: कार्यक्षेत्र पर जल्दबाजी में काम करने से बचें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। कुछ चीजों को दूसरे के नजरिए से देखने की कोशिश करें। पढ़ाई में कोई तारीफ कर सकता है। **शुभ अंक** : 22, **रंग** : मरुन।

### : टिप्स :

1. घर के बच्चों में पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी बढ़ती रहे इसके लिए मुख्य दरवाजे के सीधे सामने किताबों की अलमारी लगा कर रखें। घर में घुसते ही नजर किताबों पर पड़ेगी तो आपकी, आपके बच्चे में पढ़ाई का रुझान बढ़ेगा।
2. लाल कंटेनर में एक पौधा आपकी आमदनी को बढ़ाने और सुख-समृद्धि का कारक होता है। आमदनी को बढ़ावा देने के रूप में लाल रंग सौभाग्य और संमृद्धि का प्रतीक है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## बिहार चुनावों में भाषा पर संयम बनाए रखना चाहिए: पासवान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री, लोजपा नेता रामविलास पासवान ने कहा कि इस साल के अंत में होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव स्थानीय विकास के मुद्दों पर लड़ा जाएगा, चुनाव में भाषा पर संयम बनाए रखना चाहिए।

दिल्ली विस चुनाव प्रचार में कटु बयानों के बाद भाजपा के सहयोगी दल के नेता की टिप्पणी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। निर्वाचन आयोग ने दिल्ली विस चुनाव प्रचार में कुछ भाजपा नेताओं को भड़काऊ भाषण देने को लेकर फटकार लगाई थी। पासवान ने कहा कि बिहार में राजग गठबंधन एकजुट है, उन्होंने भरोसा जताया कि यह दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगा क्योंकि विपक्ष 'डूबा हुआ जहाज' है। बिहार में राजग गठबंधन की स्थिति के बारे में कहा कि लोजपा (लोक जनशक्ति पार्टी) मजबूती से राजग के साथ बनी हुई है। मैंने हमेशा कहा है कि केवल वे जानवर सड़क पर मरते हैं जो यह फैसला नहीं कर पाते कि बाएं जाएं या दाएं। जहां तक नीतीश कुमार जी का संबंध है तो मुझे नहीं लगता कि वह कहीं और जाएंगे। बिहार में विपक्षी गठबंधन के लिये कोई भी छोड़कर नहीं जाएगा।

### 'दिल्ली ने दिखाया दम अब है बिहार की बारी'



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। पर सियासी बयानबाजी का दौर जारी है। रविवार को राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला। दिल्ली चुनाव में मतदाताओं के 'असली राष्ट्रवाद' को अपनाने की बात कहते हुए तेजस्वी ने कहा कि अब बिहार के मतदाताओं पर मौका है। बिहार के मतदाता दिल्ली की तर्ज पर सीएम नीतीश को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिये आगे आयें। तेजस्वी ने बताया कि 23 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में ऐतिहासिक रैली आयोजित होगी। फिर 'बेरोजगारी हटाओ यात्रा' के जरिये सरकार की नाकामियों को जनता के सामने लाया जायेगा।

## हॉरर किलिंग: मेरठ में 12वीं की छात्रा का मर्डर

एजेंसी ⏭ मेरठ

यूपी के मेरठ जनपद के थाना सरधना क्षेत्र में 12वीं की छात्रा की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रेम प्रसंग के सिलसिले में छात्रा की हॉरर किलिंग का अंदेशा है।

एसपी (ग्रामीण) अविनाश पांडे ने रविवार को बताया कि परिजन तीन घंटे तक घटना को छुपाए रहे। सूचना पर उच्च अधिकारी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे, इस दौरान परिजनों द्वारा घर में बिखरा खून साफ करने का प्रयास किया गया था। इसे देखकर टीम को शक हुआ। घर में सामान भी बिखरा हुआ था व प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा था, जैसे छात्रा ने संघर्ष किया हो। पांडे ने कहा कि छात्रा के हाथ में कुछ चूड़ियां थीं, जो टूटी हुई थीं। उनके मुताबिक पूछताछ के बाद स्थिति साफ हो गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी छात्रा के ताऊ के लड़के प्रशांत, छात्रा के माता-पिता, भाई, ताऊ समेत छह लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।



### गांव के युवक से था प्रेम प्रसंग

थाना सरधना पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर बताया है कि मृतका का गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग था। इसकी जानकारी होने पर परिजनों ने विरोध किया, उसका घर से निकलना बंद कर दिया था।

### पहले पी शराब, फिर छात्रा को परिवार की मौजूदगी में मारी गोली

पुलिस के मुताबिक छात्रा के भाई, ताऊ के लड़के प्रशांत ने घटना से पहले शराब पी। इसके बाद घरवालों की मौजूदगी में प्रशांत ने छात्रा को गोली मार दी। घटना को छिपाने के लिये प्रशांत ने हवाई फायर किए, घटनास्थल पर खून साफ कर मौके से छात्रा को उठाकर अंदर कमरे में ले गये, कमरे में साफ सफाई की उसके बाद योजना बनाकर 112 नंबर पर झूठी सूचना दी गई थी। सरधना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, पूछताछ की जा रही है।

- परिवार के छह लोगों से हिरासत में पूछताछ जारी
- घटना छिपाने के लिए 112 नंबर पर झूठी सूचना दी गई

### 'कोर्ट में केंद्र सरकार के रवैये से आरक्षण व्यवस्था निष्प्रभावी हुई'



**नई दिल्ली।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने आरक्षण व्यवस्था को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में इससे जुड़े मामले में केंद्र सरकार की सकारात्मक भूमिका नहीं होने के कारण शीर्ष अदालत ने नियुक्ति, पदोन्नति में आरक्षण, मौलिक अधिकार नहीं होने की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आरक्षण से जुड़े मामले में कहा था कि नियुक्ति, पदोन्नति में आरक्षण मौलिक अधिकार नहीं है, आरक्षण व्यवस्था को बहाल करना राज्य सरकारों के क्षेत्राधिकार में है। यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने फैसले के लिये कोर्ट में केंद्र सरकार के उपेक्षित रवैये को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस के बाद अब भाजपा, इनकी केंद्र सरकार के अनवरत उपेक्षित रवैये से सदियों से पिछड़े अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़े वर्ग के शोषितों पीड़ितों को आरक्षण के माध्यम से देश की मुख्यधारा में लाने का सकारात्मक संवैधानिक प्रयास विफल हो रहा है।

## भारत की कालीन का परचम दुनिया में लहराने वाले अंसारी को पढ़ेंगी पीढ़ियां

# 'चीन, पाक पूछ रहे कालीन मेले की सफलता का राज'

एजेंसी ⏭ लखनऊ

भारत में कालीन उद्योग को लाने के लिए जिस तरह मुगल बादशाह अकबर का नाम इतिहास में दर्ज है, उसी तरह भारत की कालीन का परचम दुनिया में लहराने के लिए व कालीन उद्योग में एशिया के सबसे बड़े कालीन मेले के जनक हाजी जलील अहमद अंसारी का नाम भी आने वाली पीढ़ियां इतिहास में पढ़ेंगी।

अंसारी ने कालीन मेला लगाने की ठानी व आज उसे इस मुकाम पर पहुंचा दिया, जहां चीन व पाकिस्तान जैसे देशों की सरकारें व वहां कालीन मेला लगाने वाले उनसे भारत के कालीन मेले की सफलता का राज पूछ रहे हैं। यूपी के भदोही जिले के कालीन निर्माता, निर्यातक अट्ठासी साल के जलील अहमद अंसारी के प्रयासों से भदोही में प्रदेश सरकार द्वारा कारपेट एक्सपो मार्ट को आकार दिया गया है। अंसारी ने बताया कि 40 साल पहले एक सपना देखा था कि भदोही में कालीन मेला लगाएंगे, वह सपना आज पूरा होते देख रहा हूं। घर की माली हालत अच्छी न होने के कारण महज आठ वर्ष की उम्र में वह अपने पिता स्वर्गीय हाजी बिस्मिल्लाह अंसारी के साथ कालीन बनाने के काम में हाथ बंटाने लगे, 1945 में छठवीं कक्षा के बाद उनकी पढ़ाई छूट गई। कालीन बुनने में उनकी महारत के कारण उन्हें कम उम्र में ही एक कंपनी में मैनेजर बना दिया गया। इस दौरान 1960 में अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ से उनका नाता जुड़ा और 1967 में उन्होंने 'ताजमहल आर्ट्स' के नाम से अपनी कंपनी खोली। पहले साल 150 रुपए का कालीन निर्यात किया। उस समय भदोही से पांच करोड़ रुपए के कालीन का सालाना निर्यात होता था।

भारत में कालीन मेले के सफर के बारे में उन्होंने बताया कि 1980 में दिल्ली के प्रगति मैदान में 10 लोगों को मेला लगाने के लिए बुलाया गया, कोई विदेशी आयातक न होने से बड़ी निराशा हुई। इससे नाराज दस पंद्रह लोगों ने खुद कालीन मेला लगाने का संकल्प लिया, 20 लोगों ने अपने पास से पैसा लगाकर ऑल इंडिया कारपेट ट्रेड फेयर कमेटी का गठन कर रजिस्ट्रेशन करा लिया।



- अंसारी के प्रयासों से भदोही में प्रदेश सरकार द्वारा कारपेट एक्सपो मार्ट को आकार दिया गया
- भदोही में कालीन मेला लगाने का सपना पूरा होता देख रहे हैं अंसारी
- 1980 में दिल्ली के प्रगति मैदान से शुरू हुआ था भारत में कालीन मेले का सफर

## खबर संक्षेप



### पुर्तगाल के राष्ट्रपति पुराने गोवा में गिरजाघरों में प्रार्थना करने पहुंचे

**पणजी।** पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्केलो रीबेलो डे सौसा रविवार को पुराने गोवा के गिरजाघरों में गए। वह बोम जीसस चर्च भी गए, जहां सेंट फ्रांसिस जेवियर की निशानी सुरक्षित रखी गई है। वह पुराने गोवा के धरोहर परिसर में एक चर्च इंस्टीट्यूट मेटेर डेई सेंटा मोनिका और परिसर में स्थित क्रिश्चियन आर्ट म्यूजियम भी गए । पणजी से करीब नौ किलोमीटर दूर पुराने गोवा में ये सभी ढांचे उस परिसर में स्थित हैं जिसे यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल घोषित किया है । बेसिलिका ऑफ बोम जीसस के रेक्टर फादर पेट्रिको फर्नांडीस ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने पुर्तगाल के राष्ट्रपति को सेंट फ्रांसिस जेवियर से जुड़ी चीजों को दिखाया । उन्होंने बताया कि मार्केलो ने सेंट फ्रांसिस जेवियर की निशानियों के आगे प्रार्थना की और 1605 में बनी इमारत के भीतर गए। पुर्तगाल के राष्ट्रपति शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर गोवा पहुंचे।

### जम्मू में 60 से अधिक लोग जेकेएनपीपी में शामिल

**जम्मू।** जम्मू में 60 से अधिक लोग रविवार को जम्मू कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी(जेकेएनपीपी) में शामिल हो गए। पार्टी प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी मुख्यालय में जेकेएनपीपी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री हर्ष देव सिंह ने नये सदस्यों का स्वागत किया। सिंह ने युवाओं को रोजगार देने में कथित तौर पर विफल रहने और राज्य को केंद्रशासित प्रदेशों में तब्दील करने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना की। उन्होंने राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध और कई सारे टोल प्लाजा बनाए जाने की आलोचना करते हुए कहा कि इस बदलाव ने जम्मू क्षेत्र के लोगों में केवल दर्द, दुःख, अपमान और असंतोष पैदा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का 'अच्छे दिन' का नारा सिर्फ एक 'खोखला वादा' था क्योंकि जम्मू कश्मीर के युवा ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

### बंगाल में किशोरी ने बलात्कार के बाद आत्महत्या की

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में बलात्कार पीड़िता एक किशोरी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि नौवीं कक्षा की छात्रा ने बृहस्पतिवार को अपने घर में पंखे से फंदा लगा लिया। उससे एक व्यक्ति ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया था। अधिकारियों ने बताया कि ई-रिक्शा चालक व्यक्ति ने लड़की से उस समय कथित तौर पर बलात्कार किया जब घर में कोई नहीं था। उसके जाने के बाद लड़की ने आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि लड़की को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। जांच चल रही है। लड़की के पिता ने आरोपी के लिए फांसी की सजा की मांग की है।

### आज से शुरू हो रहे कर्नाटक विधानसभा के हंगामेदार होने के आसार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ पुलिस के दुरुपयोग, केंद्रीय फंड में राज्य का हिस्सा पाने में सरकार की विफलता और आनंद सिंह की पर्यावरण मंत्री के रूप में नियुक्ति जैसे मुद्दे विपक्ष द्वारा उठाये जाने की संभावना के कारण सोमवार से यहां शुरू हो रहे 2020 के विधानमंडल के पहले सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। पहले दिन विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त सत्र को राज्यपाल वजूभाई वाला द्वारा संबोधित करने के साथ ही सत्र शुरू होगा और 20 फरवरी को उसका समापन होगा। विधानमंडल का फिर दो मार्च को बजट सत्र शुरू होगा और पांच मार्च को राज्य का बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र 31 मार्च तक चलेगा।

## भाजपा अध्यक्ष ने महाराष्ट्र सरकार को 'अप्राकृतिक, अवास्तविक' करार दिया

# अगली बार अकेले लड़ेंगे चुनावः नड्डा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने उद्धव ठाकरे नीत महाराष्ट्र सरकार को रविवार को 'अप्राकृतिक तथा अवास्तविक' करार दिया और कहा कि इसने राज्य के विकास पर रोक लगा दी है।

नवी मुंबई उपनगर के नेरुल में प्रदेश भाजपा के सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि पार्टी को भविष्य में होने वाले चुनावों में अकेले लड़ने के लिए तैयार होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में राज्य विधानसभा चुनाव में जनादेश मिलने के बावजूद, कुछ "स्वार्थी विचार" वालों ने पार्टी से राहें जुदा कर लीं और सत्ता में आने के लिए विपक्ष से हाथ मिला लिया।



हालांकि भाजपा अध्यक्ष ने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी अपने दम पर महाराष्ट्र विधानसभा का अगला चुनाव जीतेगी।

नड्डा ने किसी पार्टी या व्यक्ति का नाम लिए बिना कहा कि महाराष्ट्र सरकार अप्राकृतिक एवं अवास्तविक है। कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए भाजपा का साथ छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को भविष्य में होने वाले सभी चुनावों को अपने बूते लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि आपको 'भाजपा बनाम सब' के लिए तैयार रहना चाहिए। गत अक्टूबर में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। हालांकि मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर ठाकरे नीत शिवसेना के संबंध तोड़ लेने के बाद भाजपा सरकार नहीं बना पाई। बाद में शिवसेना ने वैचारिक रूप से अलग राकांपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन कर राज्य में महाराष्ट्र विकास अघाडी सरकार बनाई।

नड्डा ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र का अगला विधानसभा चुनाव अपने दम पर जीतने वाली है। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य प्रगति कर रहा था लेकिन दुख की बात है कि अब विकास रुक गया है। नड्डा शनिवार को नवी मुंबई में शुरू हुए प्रदेश भाजपा के दो दिवसीय सम्मेलन में बोल रहे थे। भाजपा ने चंद्रकांत पाटिल को महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष बनाए रखने का फैसला किया है।

## जम्मू-कश्मीर पंचायत चुनाव में हिस्सा लेगी नेशनल कॉन्फ्रेंस

**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू कश्मीर में अगले महीने होने वाले पंचायत चुनाव में हिस्सा लेने का फैसला किया है लेकिन पार्टी उसकी राह में अटकाए गए 'रोड़े' हटाना चाहती है, ताकि वह मुक्त रूप से चुनाव प्रचार कर सके। जम्मू कश्मीर के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) शैलेंद्र कुमार को लिखे पत्र में नेकां के केंद्रीय सचिव रतन लाल गुप्ता ने कहा कि पार्टी लोकतांत्रित प्रक्रिया की सख्त समर्थक है और वह 11,000 से अधिक सीटों पर पांच मार्च से आठ चरण में होने वाले चुनावों में हिस्सा लेना चाहती है।

पत्र की एक प्रति मुख्य चुनाव आयुक्त को भी भेजी गई। पत्र में कहा गया है कि पार्टी के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला, उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला, महासचिव अली मोहम्मद सागर समेत इसके शीर्ष नेताओं को जन सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिए जाने के कारण चुनाव में हिस्सा लेना व्यवहारिक रूप से पार्टी के लिए



मुश्किल है। पत्र के अनुसार इसलिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया और मौजूदा हालातों में चुनाव प्रचार असंभव है।

पिछले साल जम्मू कश्मीर के केंद्र शासित क्षेत्र बनने के बाद पहली बार यहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत स्थानीय निकाय चुनाव हो रहे हैं। ये चुनाव 2018 के चुनाव के उलट पार्टी लाइन की तर्ज पर लड़े जाएंगे। गुप्ता ने कहा कि उनकी पार्टी लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों और विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधियों को चुनने के उनके अधिकार में दृढ़ विश्वास रखती है। उन्होंने सीईओ से पार्टी को सलाह देने का अनुरोध किया कि कैसे इन रोड़ों को दूर किया जाए जो उसकी राह में अटकाए गए हैं।

## अफगान युवकों के फर्जी पासपोर्ट मामले में अभिसूचना इकाई का इंस्पेक्टर निलम्बित

**आजमगढ़ ।** जिले के फूलपुर क्षेत्र में कुछ अफगान युवकों के फर्जी पासपोर्ट बनाये जाने के मामले में स्थानीय अभिसूचना इकाई के एक इंस्पेक्टर को निलम्बित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक त्रिवेणी सिंह ने रविवार को बताया कि फर्जी पासपोर्ट बनवाने के मामले में पुलिस उपमहानिरीक्षक सुभाष चंद्र दुबे के निर्देश पर स्थानीय अभिसूचना इकाई के इंस्पेक्टर ए. के. सिंह को शनिवार को निलम्बित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि गत एक फरवरी को वाराणसी पुलिस ने एक अफगान नागरिक को पासपोर्ट बनवाते समय गिरफ्तार किया था। उसका गलत तरीके से बनवाया गया पासपोर्ट जारी होने वाला था। उसकी निशानदेही पर फूलपुर कोतवाली क्षेत्र से तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया।

सिंह ने बताया कि पकड़े गये लोगों से पूछताछ के बाद फूलपुर

- एक फरवरी को वाराणसी पुलिस ने एक अफगान नागरिक को पासपोर्ट बनवाते समय गिरफ्तार किया था

कोतवाली पुलिस ने कोलकाता के हवाई अड्डे से करामत उल्ला नामक एक और अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया था। उसका फर्जी तरीके से बनवाया गया पासपोर्ट जारी हो गया था और वह विदेश भागने की फिराक में था। फर्जी पासपोर्ट बनाने और बनवाने के लिये फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के पते पर बने फर्जी आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र आदि का प्रयोग किया गया था। इस मामले कि जांच आईपीएस अधिकारी इला मारन को सौंपी गई थी। जांच में प्रथम दृष्टया भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर अभिसूचना इकाई के इंस्पेक्टर एके सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

## कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैंः गिरिराज सिंह

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं, ऐसे लोगों से मुकाबला करने की अब जरूरत है और सभी युवाओं को इसके लिए आगे आना चाहिए जिससे देश विकास के मार्ग पर चलता रहे।

मेरठ जिला सहकारी बैंक के भवन का लोकार्पण करते हुए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि देश में नेहरू अगर लम्बे समय तक होते तो यहां पर पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे उद्यम की स्थिति काफी खराब होती। बिहार के बेगूसराय से सांसद सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को पहचानें। उन्होंने कहा कि अगर हिंदू युवा नहीं जागे, उन्हें भविष्य में पछताना पड़ेगा। उन्होंने पाकिस्तान



में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार के बारे में भी सभी को बताया। उन्होंने कहा कि हम जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं।

एक समय में हिंदुस्तान में मुस्लिमों की संख्या बहुत कम थी लेकिन आज वह बड़ी संख्या में पहुंच गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर है। अब तो आप चार जानवर पालिए और इनके गोबर व गोमूत्र से वर्ष भर में करीब 20 लाख रुपये कमाइए। जानवर पालने में बड़ा रोजगार है। दूध की जरूरत बहुत है।

## कोलकाता के राजाबाजार इलाके में लगी भीषण आग



कोलकाता। मध्य कोलकाता के राजाबाजार इलाके में रविवार को झुग्गियों में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि आग चौलपट्टी इलाके में दोपहर दो बजकर 10 मिनट पर लगी। दमकल की 12 गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग का आसपास की इमारतों तक फैलने का कोई खतरा नहीं है। इलाके के एक हिस्से की घेराबंदी कर दी गई है। घटना से इलाके में यातायात बाधित हो गया। वाहनों के मार्ग में बदलाव किए गए हैं।

## संयुक्त अभ्यास...




उमरोई में शनिवार को भारत-बांग्लादेश संयुक्त सैन्य अभ्यास के नौवें संस्करण के दौरान भारतीय और बांग्लादेश की सेनाओं के सैनिक।

### लुप्तप्राय हो रहे जीव-जंतुओं, पक्षियों को संरक्षित करने के उपायों पर सात दिवसीय मंथन आज से

# 130 देशों से आए विशेषज्ञ गांधीनगर में करेंगे विमर्श, आज पीएम करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यह पहली बार है जब देश में ऐसे विषय पर हफ्ते पर विशेषज्ञ माथापच्ची करेंगे जिस विषय पर आज से पहले की सरकारों ने शायद ही इतना गंभीरता दिखाई हो। विश्वभर से लुप्तप्राय हो रहे ऐसे 173 जीव जंतुओं को कैसे संरक्षित किया जाए ? कैसे उनके एक-दूसरे के देशों में प्रवास के दौरान अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षा दी जा सके? इस पर विश्वभर के 130 देश से आए जीव विज्ञान और पारिस्थतकीय विशेषज्ञ,



पर्यावरणविदों के साथ 10 अंतर्राष्ट्रीय मंत्रियों का समूह और अपने देश के 15 राज्यों के मंत्रियों का समूह एकसाथ एक जगह पर लगातार विचार करेगा। गुजरात के गांधीनगर में कल से शुरू हो रहे 'कंवेंशन ऑन कंजर्वेशन ऑफ माइग्रेटरी स्पाइसेस' (सीएमएस) की औपचारिक शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने और बायोडाइवर्सिटी को बचाए रखने के लिए ऐसे जीव जंतुओं की मानवीय जिंदगी में कितनी अहम किरदार अदा करती है इसकी जानकारी विमर्श के बाद वैश्विक स्तर पर दी जाएगी। विशेषज्ञों के महाकुंभ का आयोजन संयुक्त राष्ट्र संघ की देखरेख में हो रहा है। भारत में विमर्श की क्वालिटी को देखने के बाद उम्मीद है कि भारत को अगले तीन सालों के लिए आयोजन की अध्यक्षता की जिम्मेदारी दे दी जाए। ऐसा हुआ तो पर्यावरण और पारिस्तथकीय विशेषज्ञों के लिए भारत 'मेन-डेस्टिनेशन' बन जाएगा।

### चुनाव आयोग आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर कर रहें हैं नई प्रौद्योगिकी पर काम

# 'अब मतदाता दूसरे राज्य या शहर में होने पर भी कर पाएंगे मतदान'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर एक ऐसी नई प्रौद्योगिकी विकसित करने पर काम कर रहा है जिसमें अपने निर्वाचन क्षेत्र से दूर किसी अन्य शहर या राज्य में होने पर भी मतदाता मतदान कर पाएगा।

चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि परियोजना फिलहाल शोध और विकास के चरण में है और इसका मकसद 'प्रोटोटाइप' विकसित करना है। आयोग की इस भावी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ने और चुनाव संपन्न कराने के खर्च में कमी आने के भी आसार हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने हाल ही में इस व्यवस्था के बारे में खुलासा किया था कि आईआईटी मद्रास के सहयोग से विकसित की जा रही मतदान की इस पद्धति के तहत किसी भी राज्य में पंजीकृत मतदाता किसी अन्य राज्य से मतदान कर सकेगा। वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त संदीप सक्सेना ने स्पष्ट किया कि मतदाता को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए पहले से तय वक्त पर नियत स्थल पर पहुंचना होगा। सक्सेना ने कहा कि इसका मतलब घर से मतदान करना नहीं है। घर से मतदान के लिए और वक्त तथा उन्नत प्रौद्योगिकी की जरूरत है। सक्सेना ने कहा कि मानिए कि लोकसभा चुनाव

- मतदाता को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए पहले से तय वक्त पर नियत स्थल पर पहुंचना होगा




है और चेन्नई का मतदाता दिल्ली में है। तो मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र जाने के बजाय या मतदान नहीं करने के बजाय, वह चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए स्थान पर खास समय पर आ सकता है और अपना वोट दे सकता है।" उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाताओं को यह सुविधा लेने के लिए अपने चुनाव अधिकारी के यहां पहले से आवेदन देना होगा। इस परियोजना से जुड़े एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दूरस्थ मतदान का प्रयोग ई वोटिंग के रूप में सबसे पहले 2010 में गुजरात के स्थानीय निकाय चुनाव में किया गया था। इसमें राज्य के प्रत्येक स्थानीय निकाय के एक एक वार्ड में ई वोटिंग का विकल्प मतदाताओं को दिया गया था। इसके बाद 2015 में गुजरात राज्य निर्वाचन आयोग ने अहमदाबाद और सूरत सहित छह स्थानीय निकायों के चुनाव में मतदाताओं को ई वोटिंग की सुविधा से जोड़ा था।

## कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

**देहरादून।** बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी मोर्चो को लेकर कांग्रेस ने रविवार को उत्तराखंड की त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार के खिलाफ एक आरोप पत्र जारी किया और कहा कि वह प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन करेगी।

यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश पार्टी अध्यक्ष प्रीतम सिंह और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष इंदिरा ह्रदयेश ने कहा कि कांग्रेस 26 फरवरी को हल्द्वानी में सरकार के खिलाफ विशाल पदयात्रा निकालेगी जिसमें लालटेन लेकर सरकार की उपलब्धियां खोजने निकलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार विशेषकर बेरोजगारी के मुद्दे पर बुरी तरह नाकामयाब रही है और प्रदेश कांग्रेस अपनी जिला इकाइयों से बेरोजगारी पर एक सर्वेक्षण करायेगी। उन्होंने कहा कि कल 17 फरवरी को मुख्यमंत्री रावत के विधानसभा क्षेत्र डोइवाला में एक बड़ा धरना प्रदर्शन किया जायेगा

- मुख्यमंत्री रावत के विधानसभा क्षेत्र में आज किया जाएगा धरना प्रदर्शन

और उसके बाद 18 फरवरी को विकासनगर में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उसके बाद 23 और 25 फरवरी तक उधमसिंह नगर जिले के अलग—अलग स्थानों पर प्रदर्शन होगा। 'उत्तराखंड की प्रबुद्व जनता के नाम कांग्रेस का आह्वान' नाम के जारी पत्र में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मंहगाई और अर्थव्यवस्था पर काबू पाने में भाजपा पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी के मुद्दे पर यह सरकार बुरी तरह विफल रही है। नेताओं ने कहा कि राज्य का बेरोजगर इस बात से आशान्वित था कि प्रचंड बहुमत वाली सरकार उनकी समस्या का हल निकाल कर पलायन को रोकने में सफल होगी लेकिन इसकी जगह बेरोजगारों की संख्या बढ गयी।

## चिंतन

# सीएए, 370 के फैसले पर संदेह उचित नहीं

अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साथ कई संदेश दिए। सबसे अहम संदेश उन्होंने यह दिया कि वे नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और कश्मीर से धारा 370 में व्यापक बदलाव के अपनी सरकार के फैसले पर कायम रहेंगे, तमाम दबावों के बावजूद उनकी सरकार पीछे नहीं हटेगी। इससे पहले भी कई मौकों पर पीएम ने सीएए व 370 पर अपनी सरकार की दृढ़ता प्रदर्शित की है। काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी से पीएम का सीएए व 370 पर पीछे नहीं मुड़ने का संकल्प उन सभी लोगों के लिए दो टूक संदेश है, जो सरकार पर प्रदर्शन के जरिये दबाव बना रहे हैं। सीएए पर पीएम का बयान उस समय आया है, जब शाहीन बाग के प्रदर्शनकारी गृहमंत्री अमित शाह से मिलने के लिए कूच कर रहे थे। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने गृहमंत्री से मुलाकात का कोई समय नहीं लिया था और दिल्ली पुलिस ने उनके मार्च को शुरू होते ही रोक दिया। प्रदर्शनकारी भी सकुशल वापस लौट गए, लेकिन उनके समेत देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों को यह संदेश अवश्य मिल गया कि सरकार सीएए को वापस नहीं लेने वाली है। सीएए को लेकर प्रदर्शन भी समझ से परे है, कारण हर देश को बाहरी लोगों के लिए नागरिकता नियम तय करने का अधिकार है। भारत सरकार ने भी यही किया है। अपनी ही सरकार के किसी फैसले के खिलाफ इस कदर सड़क पर उतरना अराजकता की स्थिति पैदा करने जैसा है। सरकार की ओर से बार-बार स्पष्टीकरण के बावजूद कुछ लोग प्रदर्शन पर डटे हुए हैं, तो संदेह पैदा होता है। या तो इनके पीछे सियासी ताकत है या फिर देश विरोधी शक्तियां हैं, क्योंकि इन प्रदर्शनों में तथ्य के बदले जिद दिखाई पड़ रही है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 अब बेमानी था, आधुनिक समय में जब हम ग्लोबल विलेज की बात कर रहे हैं, एक देश एक विधान की बात कर रहे हैं, उसमें किसी राज्य के स्पेशल स्टेटस को केवल कुछ लोगों की राजनीति के लिए बनाए रखना निरर्थक था। कश्मीर अभिन्न अंग है तो यह व्यवहार में भी दिखना चाहिए। कश्मीर के समग्र विकास के लिए जरूरी है कुछ नेताओं व दलों की मनमानियों से प्रदेश को मुक्त किया जाय। 370 के बाद कश्मीर में खूनखराबा रुका है, यह स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने काशी से स्वदेशी अपनाने की भी महत्वपूर्ण बात कही है। देश के विकास के लिए यह अहम औजार है। चूंकि आज सभी देश अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संधियों से बंधे हुए हैं, इसलिए बाहरी कंपनियों को आने से कोई सरकार रोक तो नहीं सकती, लेकिन वह अपनी जनता को शिक्षित अवश्य कर सकती है। भारतीयों की परचेजिंग हैबिट खराब है, जिसके चलते हर वर्ष दो लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियां भारत से मुनाफे के रूप में ले जाती हैं। भारत में बने सामान खरीदने का आह्वान देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम है। जब देश ने 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य तय किया है, तो इसमें नागरिकों का योगदान जरूरी है। इसके लिए एलआईसी को स्टॉक मार्केट में सूचीबद्ध कराने जैसे कदम भी चाहिए और देश में बने उत्पाद खरीदने की आदत भी बनानी चाहिए। वाराणसी को एक साथ 36 योजनाओं की सौगात का सीधा तात्पर्य है कि राजग सरकार विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ा रही है। पूर्वांचल कतिपय कारणों से विकास में पिछड़ गया है, वाराणसी में विकास योजनाओं से व महाकाल एक्सप्रेस जैसे प्रोजेक्ट से पूर्वांचल के विकास को पंख लगे हैं और पर्यटन को गति मिलेगी। ये विकास परियोजनाएं राजग सरकार पर विपक्ष की ओर से लग रहे विभाजनकारी आरोपों को खारिज करने के लिए काफी हैं। सरकार कोई भी हो, उसका एकमेव लक्ष्य देश-प्रदेश का विकास व शांति रहना चाहिए। और हमें भी अपनी सरकार के फैसलों पर विश्वास करना चाहिए। सीएए व अनुच्छेद 370 पर सरकार के फैसले को संदेह की नीयत से देखना उचित नहीं है और देश को धरना-प्रदर्शन के मोड में रखना कतई संवैधानिक कर्तव्य नहीं है।

## व्यंग्य
सुरजीत सिंह

# डेंगू-कोरोना भाई-भाई

खाली नाम चीन है, चीनी जैसा कभी कुछ आस्वादन नहीं होता। उलटे नाम लेते ही मिजाज में कड़वाहट सी घुल जाती है। कभी हथियार, कभी मिसाइल, कभी अंतरिक्ष में कचरा, कभी परमाणु, कभी सीमाओं से घुसपैठ और कुछ नहीं तो बैठे-ठाले पाक आतंकियों के पक्ष में यूएनओ में वीटो! अब ताजा-ताजा कोरोना वायरस की उत्पत्ति कर दुनिया को खौफ से भर दिया है। कोरोना वायरस उसकी नीयत की कोख से पैदा हुआ या कुदरत की खाद्य श्रृंखला को भंग कर जीव-जन्तुओं की बेतहाशा आहारशीलता से, चलो यहां तक ठीक था, लेकिन जब वायरस विस्तार पाकर बेकाबू हो गया, चट मौतें, पट मरीज बढने लगे, तो बाकायदा घोषणा कर फटाफट एक हजार बेड का अस्पताल भी बना डाला। वह भी खाली नौ दिन में। सिर्फ नौ दिन, इतने से दिन में अपुन के यहां कागज पर नक्शा नहीं बनता, उसने जमीन पर अस्पताल बना डाला। ऊपर से दुनियाभर में डंका भी पीट दिया कि नौ दिन में अस्पताल बनाकर दिखा दिया। यही नहीं, 1400 डॉक्टर भी तैनात कर दिए। नौ दिन में हमारे यहां 1400 नाम टाइप नहीं हो पाते। जिस तत्परता से यह काम किया है, उससे तो ऐसा लगता है, जैसे यह वायरस ही इसीलिए पैदा किया गया है, ताकि दुनिया को नौ दिन में अस्पताल बनाकर दिखा सके। हम सीमेंट में रेत मिलाते हैं, उसने जरूर तकनीक में खतरनाक लेवल के जिद की मिलावट की होगी। हालांकि इस पर कुछ शक-सुबहा सा है, मसला कहीं पे निगाहें, कहीं पे निशाना जैसा प्रतीत हो रहा है। जरूर दुनिया में कहीं कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रेक्ट हासिल करने की फिराक में होगा। अपने यहां नौ दिन छोड़ो, हॉस्पिटल जैसी चीज नौ साल में भी कम्प्लीट हो जाए, तो चमत्कार समझिए और फिर तय समय पर उद्घाटन हो जाए, तो साष्टांग दंडवत होकर नमस्कार कहिए। बनते-बनते सरकारें बदल जाती हैं। वायरस की कई पीढ़ियां मर-खप लेती हैं। अंततोगत्वा वायरस भी पैर पकड़ लेता है, तुम तो वड्डे वाले 'वो ' हो! वो बोले तो वायरस के भी बाप। खैर, अगर चीन नौ दिन में अस्पताल बनाकर हमें, बोले तो हम इंडियंस को उकसा रहा है, तो वह भारी गलतफहमी में है।

हम वह आइटम नहीं, जो उकसाने पर इंच भर भी उकस जाएं। किसी की प्रेरणा से प्रेरित हो जाएं। वैसे भी यहां सौ से ज्यादा दिन इसमें खप जाते हैं कि आखिर करना क्या है? टेंडर किसे देना है? किसका कितना परसेंटेज तय रहेगा? लाख कोरोना वायरस घातक होगा, हम उसे चीनी आइटम से ज्यादा नहीं मानते। फिर हमारे पास डेंगू, चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू जैसे खतरनाक वायरस पहले से मौजूद हैं। कहीं उसका दांव उलटा न पड़ जाए, कोरोना वायरस आए और डेंगूग्रस्त हो अस्पताल में भर्ती हो जाए। बेड पर पड़ा बड़बड़ाता मिले-डेंगू-कोरोना भाई-भाई। उफ, अभी तलक तो हम 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई ' के झटके से ही नहीं उबरे हैं! बाकी काम चैनल कर देंगे-'भारत में घुसते ही कोरोना को हुआ डेंगू'। 'कोरोना को क्यों आया रोना।' आज शाम देखिए, कोरोना के साथ एक्सक्लूसिव इंटरव्यू। मैं तो कहता हूं, एक बार आने दो, फिर हमारे अस्पताल, लैबोरेट्री, रिपोर्ट, गंदगी, रेस्पॉन्स देखकर खुद ही तौबा कर बैठेगा। मुमकिन है, किसी सुबह बस अड्डे या स्टेशन के बाहर बदहवासी की हालत में बरामद हो, भाई साहब, अभी-अभी मेरा 'कोरोना ' मार लिया किसी ने, देखा कहीं! खाली वायरस को अपन के यहां पूछता कौन है, ढेरों घूमते हैं। ओवर टाइम तक कर रहे हैं। ताजा खबर यह है कि कोरोना ने तैरना सीख लिया है। पट्ठा हवा में ही तैर रहा है। इत्ते से दिन में हमारे यहां कोई बाबू फरियादी की तरफ आंख उठाकर नहीं देखताइतने से दिन में उसने तैरना भी सीख लिया है। वैसे चाइना हमेशा से ही बड़ा डाउटफुल कंट्री रहा है। पीठ करो, तो छुरा भोंकता है, सीना ठोको, तो चीं चा चू दोस्तीनुमा बिहेव करता है। उसके वायरस से ज्यादा, उसके मंसूबों से अलर्ट रहने का!


# परस्पर हितों का नया अध्याय



ट्रंप की यात्रा
प्रभात कुमार रॉय

> राष्ट्रपति ट्रंप की दो दिवसीय भारत यात्रा वस्तुतः दोनों देशों के मध्य एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है, जिसमें परस्पर राष्ट्रीय हितों के नजरिए का एक नया अध्याय प्रारंभ हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि रहते हैं। भारत का राष्ट्रीय हित इस तथ्य में निहित है कि अमेरिका, रूस और चीन सरीखी विश्व शक्तियों के साथ उसके गहन कूटनीतिक ताल्लुकात कायम बने रहें। अंतरराष्ट्रीय पटल पर शक्ति संतुलन ही विश्व शांति की गारंटी है।

कोल्डवॉर के ऐतिहासिक दौर में तल्ख कूटनीतिक संबंधों के कारण जबरदस्त तनाव से गुजर चुके भारत और अमेरिका के परस्पर संबंध अब प्रबल प्रगाढ़ता की तरफ अग्रसर हैं। अमेरिका पर वर्ष 2001 में 9/11 के बर्बर जेहादी आक्रमण के पश्चात ही दोनों राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय जेहादी आतंकवाद नृशंस साझा दुश्मन के विरुद्ध एकजुट हेने लगे थे। उल्लेखनीय है भारत-अमेरिका के मध्य निरंतर प्रगाढ़ होते कूटनीतिक संबंधों के तहत वर्ष 2015 में पूर्व अमेरिकन राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत यात्रा अंजाम दी गई थी। भारत सरकार के प्रेस सचिव और अमेरिकन व्हाइट हाऊस के प्रवक्ता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 24 और 25 फरवरी को आयोजित होने वाली भारत यात्रा का ब्योरा पेश किया। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और पुत्री इवानका भी रहेंगी। अमेरिकन सीनेट द्वारा महाअभियोग ट्रायल में बाकायदा बरी कर दिए जाने पश्चात राष्ट्रपति ट्रंप की प्रथम विदेश यात्रा होगी। विगत वर्ष 2019 के दिसंबर माह में लिए भारत के विदेशमंत्री और रक्षामंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान मिनिस्ट्रियल डॉयलाग के द्वितीय सत्र के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की भारत यात्रा की बुनियाद रखी गई। कार्नेजी एंडामेंट फॉर इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट के दक्षिण एशिया मामलात के विशेषज्ञ एल्शे टेलिस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का भारत दौरा पूर्णतः कामयाब सिद्ध होगा। अमेरिका के सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज में अमेरिका-भारत कूटनीतिक संबंधों के विशेषज्ञ रिक रोसॉव का कथन है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप हाल ही में दोनों देशों के मध्य उत्पन्न हुए व्यापार अवरोधों का कामयाबी के साथ निदान कर सकते हैं। डिफेंस सेक्टर और ट्रेड इनिशिएटिव के तहत टेक्नोलॉजी ट्रांसफर समझौता संपन्न हो सकता है। दिसंबर 2019 में भारत और अमेरिकी द्वारा इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एनेक्स (आईएसए) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। यह आईएसए समझौता संकट के वक्त न केवल सुरक्षित रक्षा संबंधित चैनलों के माध्यम से सूचनाओं को साझा करने की अनुमति देगा, बल्कि दोनों देशों की निजी संस्थाओं के बीच आपसी सहयोग के जरिए मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने में भी सहायता प्रदान करेगा। अमेरिका और भारत के मध्य स्पेस, साइंस और वॉटर पर अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली भारतीय यात्रा के दौरान दोनों देश डिफेंस और स्पेस सेक्टर में पार्टनरशिप के साथ सीमित व्यापार समझौते पर बने रोडमैप को भी अंतिम रूप दे सकते हैं। इस दौरे के महत्वपूर्ण परिणामों में इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम के लिए 1.86 अरब डॉलर की डील भी संपन्न हो सकती है। इसे नेशनल एडवांस्ड सर्फेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम-II के नाम से भी जाना यह समझौता काफी महत्वपूर्ण है, दोवास में वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम की मीटिंग में पाक़ प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ मुलाकात में राष्ट्रपति ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता करने की तीसरी दफ़ा पेशकश की। भारत



द्वारा कश्मीर विवाद में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया जा चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप किसी के लिए कुछ भी क्यों न हो, किंतु भारत के तो परम मित्र सिद्ध हुए हैं। पाकिस्तान सरकार और फौज़ की धर्मान्ध जेहादी फितरत पर जिस तरह से ट्रंप ने प्रहार किया और पाक़ की सैन्य और आर्थिक सहायता रोक देने का हुक्म दिया। राष्ट्रपति ट्रंप का यह हुक्म काबिल-ए-तारीफ है। अमेरिका कदापि नहीं चाहता है कि पाकिस्तान किसी तौर पर पूर्णतः चीन के प्रभाव क्षेत्र में चला जाए. अफगानिस्तान में जब तक शांति कायम नहीं हो जाती तब तक पाकिस्तान वस्तुतः अमेरिका की विवशता ही बना रहेगा। अमेरिका की कूटनीति का मकसद चीन का दक्षिण एशिया में आधिपत्य की रोकथाम करना है, अतः वह, भारत आस्ट्रेलिया और जापान का निकट सहयोग चाहता है। व्यापार युद्ध में चीन का आर्थिक मुकाबला करने के लिए भी अमेरिका को भारत का गहन साथ चाहिए। ये सभी हालात विद्यमान जिनके कारण अमेरिकन राष्ट्रपति द्वारा भारत को अत्याधिक महत्व प्रदान किया जा रहा। ईरान के साथ भारत के अत्यंत निकट कूटनीति और व्यापार संबंधों को अमेरिका बर्दाश्त नहीं कर पाता है। ईरान को लेकर भारत की नीति स्पष्ट रही है कि वह द्विपक्षीय संबंधों में तीसरे पक्ष की दखल को स्वीकार नहीं करेगा। अहमदाबाद एयरपोर्ट से साबरमती आश्रम की सड़क यात्रा में राष्ट्रपति ट्रंप और नरेंद्र मोदी के साथ लाखों भारतीय विद्यमान रहेंगे और फिर मेटोरो में वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में तकरीबन एक लाख से ज्यादा लोग राष्ट्रपति ट्रंप के खैरमकदम में एकत्रित होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप की भारत यात्रा का मक़सद केवल परस्पर कूटनीतिक संबंधों के नए शिखर पर पंहुचाना ही नहीं है, वरन डोनाल्ड ट्रंप के लिए राष्ट्रपति पद का अगला चुनाव जीतना भी इस यात्रा का उद्देश्य है। सर्वविदित है कि अमेरिका में नागरिकता प्राप्त भारतीयों की तादाद तकरीबन 16 लाख है, जिनमें से 20 फीसदी गुजराती हैं। अहमदाबाद से अपनी भारत यात्रा प्रारंभ करने की पृष्ठभूमि में राष्ट्रपति ट्रंप की चुनाव रणनीति निहित है। अमेरिका के शहर हुस्टन में हॉऊडी मोदी कार्यक्रम से इस चुनाव रणनीति का आगाज हुआ था। नरेंद्र मोदी द्वारा वहां पर पचास हजार भारतीयों के मध्य ट्रंप की चुनाव में फतह का परचम बुलंद किया था। नरेंद्र मोदी के साथ राष्ट्रपति ट्रंप के साथ कूटनीतिक रिश्तों के अतिरिक्त निजी रिश्ते भी कायम हो चुके हैं। सत्तासीन शक्तिशाली शख्सियतों के मध्य स्थापित निजी संबंध अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में विशिष्ट स्थान रखते हैं। उल्लेखनीय है कि पं. जवाहरलाल नेहरू के जॉन एफ कनैडी और निकिता ख्रुश्शोव के मध्य निजी रिश्तों ने क्यूबा के कारण विश्वयुद्ध के संकट को खत्म किया था। इंदिरा गांधी और ब्रझनेव के परस्पर रिश्तों के कारण बांग्लादेश युद्ध का परिणाम भारत के पक्ष में गया था।

कुल मिलाकर राष्ट्रपति ट्रंप की दो दिवसीय भारत यात्रा वस्तुतः दोनों देशों के मध्य एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है, जिसमें परस्पर राष्ट्रीय हितों के नजरिए का एक नया अध्याय प्रारंभ हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि रहते हैं। भारत का राष्ट्रीय हित इस तथ्य में निहित है कि अमेरिका, रूस और चीन सरीखी विश्व शक्तियों के साथ उसके गहन कूटनीतिक ताल्लुकात कायम बने रहें। विश्वपटल पर शक्ति संतुलन ही विश्व शांति की गारंटी है। परमाणु बमों से लैस दुनिया के देश शक्ति संतुलन बिगड़ते ही आत्म विनाश की कथा लिख सकते हैं। कश्मीर विवाद में बार बार परमाणु बम की धमकियां देने वाला देश पाकिस्तान का मानसिक और भौतिक इलाज केवल विश्व की महाशक्तियां ही कर सकती हैं। महाशक्ति अमेरिका के साथ भारत की निकट साझेदारी भारतीय उपमहाद्वीप में शांति स्थापना के लिए बेहद आवश्यक है।


## भीतर बसा है ईश्वर



संकलित
दर्शन

बहुत से लोग एक एक पैसा जोड़कर तीर्थयात्रा की योजना बनाते रहते हैं। इस कारण से वे अपने व्यक्तिगत जीवन की बहुत सी खुशियों की आहुति भी दे देते हैं। लेकिन सोच कर देखिए क्या ईश्वर तीर्थयात्रा करने से प्राप्त हो जाता है। जब आप अपनी छोटी-छोटी खुशियों को मार कर तीर्थयात्रा के लिए धन जमा करते हैं तो ईश्वर को खुशी होती है। आपका अंतर्मन जवाब देगा नहीं। कबीर दास जी ने कहा है 'कस्तूरी कुण्डल बसे, मृग ढूंढे बन माही, ऐसे, घटि-घटि राम हैं, दुनिया देखे नाहि'। तीर्थों में ईश्वर को ढूंढने वाले लोगों के लिए ही संत कबीर ने ऐसा कहा है। कबीरदास जी समझाते हैं कि कस्तूरी मृग जिस तरह अपने अंदर छुपी कस्तूरी को जान नहीं पाता है और कस्तूरी की सुंगध की ओर आकर्षित होकर वन में भटकता रहता है। हम मनुष्य भी ऐसे ही अज्ञानी हैं। ईश्वर हमारे अंदर बसा होता है और उसे मन में तलाशने की बजाय दूर पहाड़ों और जंगलों में ढूंढते फिरते हैं। अपने एक अन्य दोहे में कबीरदास जी ने यह समझाने का प्रयास किया है कि आपस में किसी से द्वेष नहीं करना चाहिए। सभी मनुष्य ईश्वर के ही प्रतिबिंब हैं। 'नर नारायण रूप है, तू मति जाने देह। जो समझे तो समझ ले, खलक पलक में खेह। अर्थात हम जिसे मात्र शरीर मानते है वह तो नारायण का रूप हैं। क्योंकि हर व्यक्ति में आत्म रूप में नारायण बसते हैं।

## भक्तों के साथ होते हैं भगवान



संकलित
प्रेरणा

सभी शास्त्र कहते हैं कि बिना भगवान को प्राप्त किये मुक्ति नहीं मिल सकती है। इसलिए भगवान की तलाश के लिए कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो कोई मस्जिद, कोई गुरुद्वारा, तो कोई गिरजाघर। लेकिन इन सभी स्थानों में जड़ स्वरूप भगवान होता है। अर्थात ऐसा भगवान होता है जिसमें कोई चेतना नहीं होती है। असल में भगवान की चेतना तो अपने भक्तों के साथ रहती है इसलिए मंदिर में हम जिस भगवान को देखते हैं वह मौन होकर एक ही अवस्था में दिखता है। जब हमारी चेतना यानी इन्द्रियां अपने आस-पास ईश्वर को महसूस करने लगती है तब हम जहां भी होते हैं वहीं ईश्वर प्रकट दिखाई देता है। उस समय भगवान को ढूंढने के लिए मंदिर या किसी तीर्थ में जाने की आवश्यकता नहीं होती है। जब व्यक्ति इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है तब व्यक्ति के साथ चल रही भगवान की चेतना व्यक्ति के मंदिर में प्रवेश करने पर मंदिर में मौजूद ईश्वर की प्रतिमा में समा जाती है और मूक बैठी मूर्ति बोलने लगती है। यह उसी प्रकार होता है जैसे मृत शरीर में आत्मा के प्रवेश करने पर शरीर में हलचल होने लगती है। शरीर की क्रियाएं शुरू हो जाती है। मंदिर में विराजमान मूर्ति वास्तव में एक मृत शरीर के समान है। मृत की पूजा करें अथवा न करें उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी श्रद्धा और भक्ति की अनुभूति वही कर सकता है जिसमें चेतना हो प्राण हो।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जुमला न बने रामराज्य

देश में भूखे, बेघर, गरीब लोगों की बढ़ती तादाद जिस मजबूरी का शिकवा कर रही है, तो क्या पहले इसके समाधान की कवायद नहीं छेड़ी जा सकती? हम सिर्फ अपने हितों को तव्वजो देने के सफर में मशगूल हैं। देश में बेघर, भूख से तड़पते लोग राजनीति के महलों की चारदीवारी को लांघ कर अपना दर्द तो बयां नहीं कर पाते, परंतु वहीं हम भी इतने बेदर्द हो चुके हैं कि इनके लिए कभी आवाज नहीं उठा सकते। राम-राम, राम राज्य का ढिंढोरा तो हम कब से पीटते आ रहे हैं, परंतु राम राज्य आखिर बना कहां है, जो दिखाई ही नहीं दे रहा? भगवान की महत्ता भी हमारे जीवन में सिर्फ दिखावे की बेड़ियों में जकड़ी है।

-अनिल गहलोत

## करंट अफेयर

# भारत, अमेरिका में अटूट संबंध : वेल्स



**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक शीर्ष राजनयिक ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध अटूट हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच अगले महीने होने वाली मुलाकात से दोनों देशों के बीच संबंध और प्रगाढ़ होने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 24-25 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं।दक्षिण और मध्य एशिया के लिए कार्यकारी सहायक विदेश मंत्री एलिस वेल्स ने शनिवार को ट्वीट किया, 'हमारे देशों के बीच संबंध अटल हैं। इस महीने के अंत में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की मुलाकात से हम इन संबंधों के और अधिक प्रगाढ़ होने की आशा करते हैं।" उन्होंने कहा, "भारत और अमेरिका करीबी साझेदार हैं और यह साझेदारी दिन प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है। साथ मिलकर हम कीर्तिमान बना रहे हैं। उदाहरण के लिए हमने पिछले साल बड़ी संख्या में भारतीय छात्रों का अमेरिका में स्वागत किया और इस साल और अधिक छात्रों के आने की उम्मीद कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र के केंद्र में है और विश्व मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वेल्स ने कहा, 'अमेरिका भारत के साथ हर कदम पर साझेदारी करने की प्रतीक्षा कर रहा है।

## ऑफ बीट

# पहली योग विवि में शुरू होंगी कक्षाएं



**वाशिंगटन।** भारत के बाहर दुनिया का पहला योग विश्वविद्यालय अमेरिका में इस साल शोध के साथ अपना परास्नातक पाठ्यक्रम शुरू करेगा। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इसके लिए दाखिले अप्रैल में शुरू होंगे। विवेकानंद योग विश्वविद्यालय (वायु) को 50 लाख डॉलर के बजट के साथ लॉस एंजिलिस में स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा कि केस वेस्टर्न विश्वविद्यालय के प्रोफेसर श्री श्रीनाथ को इसका अध्यक्ष नामित किया गया है और भारतीय योग गुरु एच आर नागेंद्र इसके चेयरमैन होंगे। बयान में कहा गया है, "पाठ्यक्रम अगस्त 2020 से शुरू होगा जिसके लिए संस्थापक अध्यक्ष के तौर पर श्री श्रीनाथ के नेतृत्व में योग में मास्टर पाठ्यक्रम के लिए अप्रैल 2020 से दाखिले शुरू होंगे।" विश्वविद्यालय ने योग आधारित उच्च शिक्षा मुहैया कराने के लिए नवंबर 2019 में ब्यूरो फॉर प्राइवेट पोस्टसेकण्डरी एजुकेशन, कैलिफोर्निया से आधिकारिक मान्यता प्राप्त होने के तीन महीनों के भीतर यह घोषणा की। 'वायु' को नासा के पूर्व वैज्ञानिक नागेंद्र के दिमाग की उपज बताया जाता है जो पिछले चार दशकों में योग को सामाजिक रूप से प्रासंगिक विज्ञान में बदलने पर काम कर रहे हैं।

## ट्रेंड

### महाकाल एक्सप्रेस को झंडी



देशभर में आस्था और अध्यात्म से जुड़े तमाम बड़े केंद्रों को विकसित करने के साथ श्रद्धालुओं के लिए उन्हें सुविधाजनक भी बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर से जोड़ने वाली काशी-महाकाल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।

-नरेंद्र मोदी

### बहादुरों को सलाम



दिल्ली पुलिस की 73 वीं स्थापना दिवस परेड में भाग लिया। दिल्ली पुलिस बेहतरीन बलों में से एक है, जो हमारी राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखने के लिए चौबीसों घंटे काम करती है। मैं हमारे बहादुर को सलाम करता हूं।

-अमित शाह

### ये 54 शक्तिस्थल



शिव ने सती के आधे जले हुए शरीर को उठाया और बड़े शोक में चले गए। सती का शरीर सड़ने लगा और जैसे-जैसे वह घूमती गई, वह कई हिस्से बन गए और 54 जगहों पर गिर गए। ये स्थान शक्तिस्थली के रूप में सामने आए।

-सदगुरु

### खूबसूरत भेंट



अनुमान करें कि परेड के बाद क्या हुआ। यह एक खूबसूरत भेंट थी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के रोड सेफ्टी विंग में कार्यरत दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल संदीप साही ने एक हेलमेट भेंट किया है। इसके साथ ही उसने एक अच्छा संदेश भी दिया।

-किरण बेदी

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## प्रेसिडेंट ट्रंप की अहमदाबाद यात्रा की थीम में बदलाव

# मेगा शो का नाम अब 'केम छो ट्रंप' नहीं 'नमस्ते ट्रंप' होगा

अहमदाबाद/नई दिल्ली

24 फरवरी को भारत और अमेरिका की दोस्ती का नया अध्याय अहमदाबाद में लिखा जाएगा. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वागत करेंगे। 24 फरवरी को अहमदाबाद पर सिर्फ भारत और अमेरिका की ही नज़र नहीं होगी, बल्कि पूरी दुनिया अपने टेलीविजन पर मोदी और ट्रंप का मेगा शो देखेगी. अहमदाबाद की सड़कों पर 22 किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान ट्रंप भारत के हर रंग और संस्कृति से रूबरू होंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति को 'केम छो ट्रंप' नाम दिया गया था। हालांकि, अहमदाबाद नगर निगम के नए पोस्टर पर अब 'नमस्ते ट्रंप' लिखा गया है. इससे माना जा रहा है कि ट्रंप की अहमदाबाद यात्रा की थीम में बदलाव किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने पहले भारत दौरे पर आने वाले हैं और ट्रंप का ये दौरा पूरी तरह से यादगार रहे इसकी तैयारी भारत कर चुका है। ट्रंप के इस दौरे से भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती की वो इबारत गढ़ी जाएगी जिसे देख पाकिस्तान की नींदे उड़नी तय हैं। हर सड़क पर रोशनी होगी. हर तरफ लोग ही लोग होंगे और भव्यता की ऐसी तस्वीरें दिखेंगी जो सालों साल याद रखी जाएंगी। इन सबमें से खास होगा वो रोड शो जो अद्भुत होगा.। अकल्पनीय होगा और ऐसा होगा जो आज से पहले कभी भी नहीं हुआ।



### 22 किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अहमदाबाद में 22 किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। ट्रंप और मोदी का ये रोड शो एयरपोर्ट से शुरू होगा और मोटेरा स्टेडियम पर खत्म होगा. इस रोड शो में करीब 50 हज़ार लोग दोनों नेताओं का अभिवादन करेंगे। अपने इस रोड शो में मोदी और ट्रंप पहले एयरपोर्ट से सीधा साबरमती आश्रम जाएंगे। फिर आश्रम से इंदिरा ब्रिज और फिर इंदिरा ब्रिज से होते हुए मोटेरा स्टेडियम तक पहुंचेगे। पीएम मोदी औऱ ट्रंप के इस रोड शो में हर चीज खास होगी. इसकी पूरी तैयारी अहमदाबाद नगर निगम ने कर ली है।

### एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ़ ऑनर

ट्रंप और मोदी के रोड शो के दौरान अलग- अलग राज्यों के लोग पारंपरिक परिधान पहने हुए दिखेंगे. इसके लिए 300 संस्थाओं के कलाकार मिलकर इसमें हिस्सा लेंगे. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जगह-जगह स्टेज भी बनाए जाएंगे। एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया जाएगा. उसके बाद वो गांधी आश्रम जाएंगे। इस दौरान रास्ते पर अलग अलग कल्चरल प्रोग्राम होंगे। दोनों नेताओं के इस रोड शो के लिए तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। सुरक्षा के इंतज़ाम भी कड़े कर दिए गए हैं। ट्रंप के अहमदाबाद दौरे में सुरक्षा के लिए 10 हज़ार से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात होंगे।

### भारत दौरा कितना खास

ट्रंप का ये उत्साह बताने के लिए काफी है कि उनके लिए भी भारत दौरा कितना खास है। जिस दोस्ती की ऐतिहासिक तस्वीरें ह्यूस्टन में दुनिया ने देखी थी, अब उसी दोस्ती का ये दूसरा अध्याय है जो लोगों को अहमदाबाद में दिखेगा। ह्यूस्टन की जगह मोटेरा स्टेडियम होगा। जब 1 लाख 10 हज़ार लोग इन दोनों नेताओं की ये केमिस्ट्री देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद होंगे। स्टेडियम को तैयार करने के लिए गुजरात के बाहर से भी कई कारीगर बुलाए गए हैं। कुल मिलाकर मोदी ट्रंप का ये एक ऐसा मेगा शो होने जा रहा है जो इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दर्ज कर लिया जाएगा।

## मोंटेक सिंह अहलूवालिया का दावा

# मनमोहन सिंह ने मुझसे पूछा था कि क्या उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए?

**नई दिल्ली।** पूर्ववर्ती योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने दावा किया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 2013 में अध्यादेश फाड़ने संबंधी घटनाक्रम के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने उनसे पूछा था कि क्या उन्हें लगता है कि उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अहलूवालिया ने कहा कि उन्होंने सिंह से कहा कि उन्हें नहीं लगता कि इस मुद्दे पर इस्तीफा देना उचित होगा। मनमोहन सिंह उस समय अमेरिका की यात्रा पर थे।

दोषी करार दिए गए जनप्रतिनिधियों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी करते हुए यूपीए सरकार ने विवादास्पद अध्यादेश लाया था. तब राहुल गांधी ने अपनी ही सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा कर दी थी। उन्होंने कहा था कि यह 'पूरी तरह से बकवास' है, जिसे फाड़कर फेंक देना चाहिए। अमेरिका से स्वदेश लौटने के बाद मनमोहन सिंह ने अपने इस्तीफे की बात से इनकार किया था। हालांकि वह इस पूरे प्रकरण पर खफा दिखाई दिए थे। तीन दशकों तक भारत के वरिष्ठ आर्थिक नीति निर्धारक के रूप में कार्यरत रहे अहलूवालिया ने कहा कि मैं न्यूयार्क में प्रधानमंत्री के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा था और मेरे भाई संजीव, जो आईएएस से सेवानिवृत्त हुए थे, ने यह कहने के लिए फोन किया था कि उन्होंने एक आलेख लिखा था जिसमें प्रधानमंत्री की कटु आलोचना की गई थी। उन्होंने मुझे इसे ईमेल किया था और उम्मीद जताई थी कि मुझे यह शर्मनाक नहीं लगेगा।

अहलूवालिया ने अपनी नयी किताब 'बैकस्टेज द स्टोरी बिहाइन्ड इंडिया हाई ग्रोथ इयर्स' में लिखा है, ''मैंने पहला काम यह किया कि इस आलेख को लेकर मैं प्रधानमंत्री के पास गया क्योंकि मैं चाहता था कि वह पहली बार मुझसे इसे सुनें. उन्होंने इसे चुपचाप पढ़ा और पहले उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद, उन्होंने अचानक मुझसे पूछा कि क्या मुझे लगता है कि उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।



### कांग्रेस ने राहुल को पार्टी के स्वाभाविक नेता के रूप में देखा

अहलूवालिया ने कहा कि कांग्रेस ने राहुल को पार्टी के स्वाभाविक नेता के रूप में देखा और उन्हें एक बड़ी भूमिका निभाते हुए देखना चाहती थी। इस स्थिति में जैसे ही राहुल ने अपना विरोध व्यक्त किया, कांग्रेस के उन वरिष्ठ नेताओं ने तुरन्त अपनी स्थिति बदल ली, जिन्होंने पहले मंत्रिमंडल में और सार्वजनिक रूप से इस प्रस्तावित अध्यादेश का समर्थन किया था। अहलूवालिया ने उस अवधि के दौरान संप्रग सरकार की सफलताओं और विफलताओं पर भी चर्चा की जब वह योजना आयोग के उपाध्यक्ष थे। योजना आयोग को अब भंग किया जा चुका है और उसकी जगह नीति आयोग का गठन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### ब्रिटिश काल के कानूनों में बदलाव की जरूरत : उद्धव



**नासिक।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल द्वारा आयोजित कानून सम्मेलन में कहा कि समाज में बदलाव के मद्देनजर ब्रिटिश काल में बने कानूनों में सुधार और उनके विश्लेषण की जरूरत है। ठाकरे ने कानून सम्मेलन 2020 के विषय आधुनिक न्यायपालिका की ओर तेजी से बढ़ते कदम पर संबोधन के दौरान कहा कि जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए लोकतंत्र के सभी चार खंभों को साथ आकर कानून में बदलावों पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी के कई वर्षों बाद भी ब्रिटिश काल के कानून लागू हैं। समाज की जरूरतों और बदलती परिस्थितियों के अनुसार पुराने कानूनों में बदलाव की आवश्यकता है।

### गैर लाभकारी संगठन ने मंदिरों में चोरी के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई

**भुवनेश्वर।** एक गैर लाभकारी संगठन ने ओडिशा के मंदिरों में चोरी के बढ़ते मामलों और मूर्तियों के अवैध निर्यात पर चिंता जाहिर करते हुए सरकार से समग्र नीति और इस समस्या से निपटने के लिए कानूनी कदम उठाने की अपील की है। भारतीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर राष्ट्रीय न्यास (इनटाच) के राज्य संयोजक ए भूषण त्रिपाठी ने इस बात पर खेद जताया कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाने वाली प्राचीन मूर्तियों के वास्तविक मूल्य को लेकर जागरूकता का भारी अभाव और अत्यंत उदासीनता है। उन्होंने कहा कि मूर्तियों की चोरी और सेंधमारी को रोकने की मंशा से बनाए गए मौजूदा कानून सहज रूप से अप्रभावी हैं और समग्र राष्ट्रीय धरोहर संरक्षण नीति एवं तंत्र बनाया जाना चाहिए।

### कई राज्यों तक फैले वाहन चोरों के गिरोह का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र में पालघर जिले की पुलिस ने कई राज्यों में वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके गिरोह का पर्दाफाश कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के ऊपर 55 वाहन चुराने का आरोप है जिसमें से अधिकतर पिकअप वैन हैं। आरोपियों के पास से जब्त किए गए 27 वाहनों की कीमत एक करोड़ के आसपास बताई जा रही है।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा

# तलाक के मामले शिक्षित और संपन्न परिवारों में अधिक

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि इन दिनों तलाक के अधिक मामले शिक्षित और संपन्न परिवारों में सामने आ रहे हैं क्योंकि शिक्षा और संपन्नता अंहकार पैदा कर रहा है जिसका नतीजा परिवार का टूटना है। अपने परिजन के साथ कार्यक्रम में आए आरएसएस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि भारत में हिंदू समाज का कोई विकल्प नहीं है। आरएसएस द्वारा जारी बयान में भागवत को उद्धृत किया गया मौजूदा समय में तलाक के मामले बहुत बढ़ गए हैं। लोग निरर्थक मुद्दों पर लड़ रहे हैं। तलाक के मामले शिक्षित और संपन्न परिवारों में अधिक हैं क्योंकि शिक्षा और संपन्नता से अहंकार आता है जिसका नतीजा परिवारों का टूटना है। इससे समाज भी खंडित होता है क्योंकि समाज भी एक परिवार है।' संघ प्रमुख ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि स्वयंसेवक अपने परिवार के सदस्यों को संघ की गतिविधि के बारे में बताएंगे क्योंकि कई बार परिवार की महिला सदस्य को हमसे अधिक कठिन कार्य करना पड़ता है।



- लोग निरर्थक मुद्दों पर लड़ रहे हैं

## जामिया वीडियो पर प्रियंका ने कहा

# अगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो सरकार की नीयत देश के सामने आ जाएगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को एक वीडियो साझा किया जिसमें पुलिस जामिया के छात्रों पर कथित तौर पर लाठीचार्ज करती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो सरकार की नीयत पूरी तरह से देश के सामने आ जाएगी। उन्होंने गृह मंत्री और दिल्ली पुलिस पर यह झूठ बोलने का भी आरोप लगाया कि लाइब्रेरी के भीतर जामिया के छात्रों की पिटाई नहीं की गई थी। उन्होंने ट्वीट किया, कि देखिए किस तरह दिल्ली पुलिस लाइब्रेरी में छात्रों को अंधाधुंध पीट रही है। एक लड़का किताब दिखा रहा है लेकिन पुलिसवाला लाठियां चलाए जा रहा है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री और दिल्ली पुलिस ने झूठ बोला कि उन्होंने लाइब्रेरी में घुसकर किसी को नहीं पीटा। प्रियंका ने कहा कि जामिया के इस वीडियो को देखने के बाद अगर कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो सरकार की नीयत पूरी तरह से देश के सामने आ जाएगी। विशेष पुलिस आयुक्त (खुफिया विभाग) प्रवीर रंजन ने कहा कि यह वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया है और वे जारी जांच प्रक्रिया के तहत इसकी भी जांच करेंगे। इस 48 सेकेंड के वीडियो में अर्द्धसैनिक बल और पुलिस के सात से आठ कर्मी ओल्ड रीडिंग हॉल में प्रवेश करते और छात्रों को लाठी से पीटते हुए दिख रहे हैं।



- गृह मंत्री और दिल्ली पुलिस ने झूठ बोला कि उन्होंने लाइब्रेरी में घुसकर किसी को नहीं पीटा


## संसद की एक समिति ने दिया सुझाव

# राजस्व बढ़ाने के वैकल्पिक स्रोत तलाश करे रक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने रक्षा मंत्रालय को सुझाव दिया है कि उसे राजस्व के स्रोत बढ़ाने के लिये गैर संवेदनशील रक्षा भूमि को पट्टे पर देने सहित वाणिज्यिकीकरण के अन्य विकल्प तलाशने चाहिए । संसद में हाल ही में पेश अनुदान की मांगों पर रक्षा संबंधी स्थायी समिति की रिपोर्ट के अनुसार समिति की राय में रक्षा मंत्रालय को गैर संवेदनशील रक्षा भूमि के वाणिज्यिकीकरण के विकल्प तलाशने चाहिए । इसमें राजस्व के स्रोतों को बढ़ाने के लिये भूमि पट्टे पर देना भी शामिल है । इससे छावनी बोर्ड अपने निवासियों को बेहतर जन स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा आदि मुहैया करा सकेगा। इसमें कहा गया है कि समिति यह सिफारिश करती है कि मंत्रालय द्वारा इस संबंध में अध्ययन किया जाए और तदनुसार उन्हें सूचित किया जाए । 'रक्षा भूमि का अतिक्रमण' विषय पर रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षा संपदा संगठन के प्रबंधन के तहत रक्षा भूमि का कुल क्षेत्रफल 66,097 एकड़ है । रक्षा संपदा संगठन के बुनियादी ढांचे का निर्माण 31.53 एकड़ भूमि पर किया गया है ।



## बर्फबारी...



मनाली जिले में रविवार को बर्फबारी का आनंद लेने के लिए सोलंग नाला जाते पर्यटक।

## केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा

# शाहीन बाग प्रदर्शन दूसरों पर विचार थोपने का प्रयास

**पणजी।** दिल्ली के शाहीन बाग में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ जारी प्रदर्शन की आलोचना करते हुए केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रविवार को कहा कि जो हो रहा है उसमें असहमति के अधिकार की अभिव्यक्ति नहीं है बल्कि 'दूसरों पर विचार थोपने का प्रयास है।

खान ने यहां एक सम्मेलन से इतर कहा कि कुछ लोगों ने कानून अपने हाथों में लेने और जनजीवन को प्रभावित करने का फैसला कर लिया है। प्रदर्शनकारियों का समूह पिछले करीब दो महीने से संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के खिलाफ शाहीन बाग में धरने पर बैठा हुआ है जिसमें अधिकतर महिलाएं हैं। दक्षिणी दिल्ली और नोएडा को जोड़ने वाले महत्त्वपूर्ण मार्ग पर धरने के कारण यातायात बाधित है। राज्यपाल ने संवाददाताओं से कहा कि यह असहमति का अधिकार नहीं है, यह दूसरों पर विचार थोपने का प्रयास है। आपके पास अपने विचार अभिव्यक्त करने का अधिकार है लेकिन आपके पास सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त करने का अधिकार नहीं है। सीएए के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में जारी प्रदर्शनों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 1986 में भी लाखों लोग थे जिन्होंने शाह बानो मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले को पलटे जाने का विरोध किया था।



- प्रदर्शनकारियों का समूह पिछले करीब दो महीने से सीएए, एनआरसी और एनपीआर के खिलाफ शाहीन बाग में धरने पर बैठा हुआ है जिसमें अधिकतर महिलाएं हैं

### मुंबई के बार में अश्लील नाच का मामला, छह गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के उपनगर अंधेरी के एक बार से पुलिस ने अश्लील डांस में धकेली गयीं चार महिलाओं को शनिवार को मुक्त कराया और इस सिलसिले में छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । पुलिस उपायुक्त (जोन एक्स) अंकित गोयल ने कहा, "बार में महिलाओं को अश्लील नाच करने को बाध्य करने के संबंध में गोपनीय सूचना मिलने के बाद (शनिवार को) उस पर छापा मारा गया। हमने बार के मालिक, प्रबंधक, दो वेटरों और दो ग्राहकों को गिरफ्तार किया तथा चार महिलाओं को मुक्त कराया।" आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता और महाराष्ट्र के होटल, रेस्तरां, बार इत्यादि में अश्लील नाच रोकने संबंधी कानून के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा

# भारत, नॉर्वे पर्यावरण के लिए मिलकर काम करेंगे

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने रविवार को कहा कि भारत और नार्वे पर्यावरण को लेकर जल्द कदम उठाने के लिए सभी देशों पर दबाव बनाने के वास्ते साथ मिलकर काम करेंगे और कहा कि विकासशील दुनिया को वित्तीय सहायता के वादे का पालन होना चाहिए। जावडेकर ने 13वें कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप 13) में वन्य प्राणियों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण (सीएमएस) पर सम्मेलन में द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर नार्वे के पर्यावरण मंत्री स्वेनंग रोतेवत्न के साथ ''सार्थक'' बातचीत की । जावडेकर ने कहा कि हम प्रासंगिक तकनीक के विकास और सभी देशों पर जल्द दबाव बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर साथ काम करने के लिए सहमत हुए। हम अपने संबंध मजबूत करने पर भी सहमत हुए ताकि अपशिष्ट प्रबंधन में संयुक्त प्रयास करते हुए सुनिश्चित करें कि समुद्र में कूड़ा घटे और तापमान कम करने के लिए भारत की कार्य योजना में गति आए।




### जलवायु परिवर्तन पर हमने वित्तीय सहायता पर जोर दिया

जावडेकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन पर हमने वित्तीय सहायता पर जोर दिया जिसे विकासशील दुनिया को देने का वादा किया गया था और पिछले 10 साल से नहीं दिया गया है। इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है । यह रकम एक ट्रिलियन डॉलर है । सारे देशों को इस बारे में चर्चा शुरू करनी चाहिए। इसलिए हमने प्रगति में भागीदार होने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सीएमएस कॉप 13 का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगे। इसमें करीब 130 देशों के 1800 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। नार्वे के मंत्री ने कहा कि भारत दिखा रहा है कि आर्थिक विकास और जलवायु पर साहसिक कार्रवाई साथ-साथ की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण पर नार्वे भारत को बड़ी अंतरराष्ट्रीय शक्ति के तौर पर देखता है । भारत दुनिया को दिखा रहा है कि आर्थिक विकास और जलवायु पर साहसिक कदम के साथ चल सकता है । प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से मुकाबले के लिए भारत के प्रयासों से हम प्रभावित हुए हैं । स्वेनंग रोतेवत्न ने कहा कि आज हमारी सार्थक बैठक हुई । हमने जैव विविधता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। हमने समुद्री कचरे के मुद्दे समेत अन्य विषयों पर चर्चा की।

## एल्गार मामले में बोले पवार

# पूर्व भाजपा सरकार 'कुछ छुपाना' चाहती थी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को एल्गार परिषद मामले में आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की पूर्व फडणवीस सरकार "कुछ छुपाना" चाहती थी इसलिए मामले की जांच केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। माओवादियों से कथित संबंध रखने के आरोप में गिरफ्तार किए गए मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के मामले की पड़ताल विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपे जाने की पहले ही मांग कर चुके पवार ने कहा कि केंद्र सरकार को जांच एनआईए को सौंपने से पहले राज्य सरकार को भरोसे में लेना चाहिए था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पूछा कि क्या सरकार के खिलाफ बोलना 'राष्ट्र विरोधी' गतिविधि है? पवार ने जलगांव में संवाददाताओं से कहा कि यहां ऐसा लगता है कि तत्कालीन फडणवीस सरकार कुछ छुपाना चाहती थी इसलिए जांच एनआईए को सौंप दी गई। जिस समय कोरेगांव-भीमा हिंसा हुई, उस समय फडणवीस सरकार सत्ता में थी।



- मामले की जांच केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी है

# बाजार हिस्सेदारी के बचाव के बजाय आक्रमक रुख अपनाएगी मारुति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कार बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का कहना है कि नई कंपनियों के कारण बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच वह न सिर्फ अपनी बाजार हिस्सेदारी का बचाव करेगी बल्कि इन कंपनियों को लेकर आक्रमक रुख अपनाएगी।

- जनवरी में यात्री वाहन बाजार में मारुति की हिस्सदारी 50.59 फीसदी

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह टिप्पणी की है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी के दौरान घरेलू यात्री वाहन बाजार में मारुति सुजुकी की 50.59 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है।

## घरेलू बाजार में नई कंपनियों के आने से प्रतिस्पर्धा बढ़ गई

### हमें प्रतिस्पर्धा की आदत है

आयुकावा ने कहा कि मारुति सुजुकी को प्रतिस्पर्धा की आदत है। उन्होंने कहा, 'प्रतिस्पर्धा हमेशा रहती है। 1990 के दशक में भी नई कंपनियां आई थीं, अतः तब भी प्रतिस्पर्धा थी। अभी दक्षिण कोरिया और चीन से नई कंपनियां आ रही हैं, अतः अभी भी प्रतिस्पर्धा है।'

### हम रक्षात्मक रुख नहीं अपनाएंगे

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी केनीचि आयुकावा ने बातचीत में कहा, 'मैं रक्षात्मक नहीं हो रहा हूं, मैं आक्रमक हो रहा हूं- यदि उनके उत्पाद अच्छे रहे तो हम उन्हें पीछे छोड़ने की कोशिश करेंगे।'




### उत्पाद का पोर्टफोलियो बड़ा करना होगा

कंपनी के एमडी ने कहा, 'हमें खुद ही उत्पाद पोर्टफोलियो को बड़ा करना है तथा उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए कारोबार का प्रबंधन करना है। इसके साथ ही बिक्री तथा सर्विस का मजबूत नेटवर्क भी तैयार करना है। इन सबके जरिए हम बेहतर तरीके से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।'

### बिक्री के बाद उपभोक्ताओं का ध्यान

उपभोक्ताओं के साथ संबंध को लेकर उन्होंने कहा, 'यह इस कारण महत्वपूर्ण है कि हम सिर्फ बिक्री नहीं कर रहे हैं, हम बिक्री के बाद उपभोक्ताओं का ध्यान भी रख रहे हैं। कोई उपभोक्ता मारुति को चुनता है क्योंकि हमारे पास डीलरों, बिक्री तथा सेवा केंद्रों की संख्या अच्छी-खासी है।'

### कारोबार उत्पादों से नहीं चलता

यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी को नए मॉडल विशेषकर एसयूवी श्रेणी में नए उत्पाद लाने की जरूरत होगी, आयुकावा ने कहा, हमें नए मॉडल बनाने होंगे, लेकिन कार का कारोबार सिर्फ उत्पादों से नहीं चलता है, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप उपभोक्ताओं का कितना ध्यान रख पाते हैं।

*घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो रही*
*किआ मोटर्स, एमजी मोटर्स, ग्रेट वॉल मोटर्स और हाइमा ऑटोमोबाइल्स जैसी नयी कंपनियों के आने से घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। इस बारे में यह पूछे जाने पर कि कंपनी नई परिस्थितियों में हिस्सेदारी बचाने के लिए किस स्तर तक तैयार है, आयुकावा ने यह टिप्पणी की।*

## खबर संक्षेप

### गायब डिफॉल्टरों पर आज विचार करेगा सेबी बोर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) लापता व्यक्तिगत चूककर्ताओं को 'वसूले जाने में कठिनाई' श्रेणी में डालने से संबंधित प्रस्ताव पर सोमवार को विचार करेगा। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। इन मुद्दों पर सेबी के बोर्ड की सोमवार को होने वाली बैठक में विचार किया जाएगा।

### अब आईएफएससी में सूचीबद्ध होंगे जीडीआर




**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियां अब अपने ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट (जीडीआर) को गुजरात स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में सूचीबद्ध करा सकती हैं। सरकार ने इसके लिए नियमों में संशोधन किया है। यदि इन प्रतिभूतियों से अमेरिकी कंपनी के शेयर खरीदे जायें तो इन्हें अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसीट (एडीआर) कहा जाता है।

### डीएलएफ की दो हजार करोड़ रु. जुटाने की योजना




**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी डीएलएफ कुछ व्यावसायिक भूखंडों की बिक्री कर दो हजार करोड़ रुपए तक की पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने निवेशकों के समक्ष एक प्रस्तुति में इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि वह इन भूखंडों को मौजूदा संयुक्त उपक्रमों के साझेदारों अथवा नए साझेदारों को बेचेगी।

### यूनीकेम ने अमेरिकी बाजारों से दवाएं वापस ली

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी यूनीकेम फार्मास्युटिकल्स और मैक्लेऑइड्स फार्मा अमेरिकी बाज़ार से उच्च रक्तचाप और मधुमेह के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं को वापस ले रहे हैं। फार्मास्युटिकल्स अमेरिकी बाजारों से क्लोनीडाइन हाइड्रोक्लोराइड गोलियों की 1.91 करोड़ इकाइयों को वापस ले रही है, जिसका इस्तेमाल उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए किया जाता है।

## बजट राजकोषीय जवाबदेही और बजट प्रबंधन कानून को ध्यान में रखकर तैयार

# बजट में नहीं हुआ है एफआरबीएम कानून का उल्लंघन : सीतारमण

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2020-21 के बजट को राजकोषीय जवाबदेही और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) कानून को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें एफआरबीएम कानून का उल्लंघन नहीं किया गया है।

सीतारमण ने यह भी कहा कि जीएसटी से जुड़ी एक सरलीकृत व्यवस्था एक अप्रैल से शुरू होगी और जो तकनीकी खामियां हैं, वो पूरी तरह दूर होंगी। उन्होंने कहा, '-हमने जो भी कदम उठाए हैं, एफआरबीएम काननू को ध्यान में रखकर उठाए हैं और उसका अनुपालन किया। हमने वास्तव में एफआरबीएम का उल्लंघन नहीं किया है। हम इसकी सीमा से बाहर नहीं गए हैं।'

### उद्योग और व्यापार प्रतिनिधियों को किया संबोधित

उद्योग और व्यापार प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, 'हमने राजकोषीय अनुशासन को बनाए रखा है जो अटल बिहारी वाजपेयी सरकार और नरेंद्र मोदी सरकार दोनों की खासियत रही है।'

## जीएसटी से जुड़ी सरलीकृत व्यवस्था 1 अप्रैल से शुरू

**खास बातें**

- तकनीकी खामियों को दूर किया जाएगा
- राजकोषीय अनुशासन को बनाए रखा गया
- राजकोषीय घाटा लक्ष्य से 0.5 प्रतिशत ऊपर जा सकता है



*राजस्व संग्रह में कमी से राजकोषीय घाटे के लक्ष्य में वृद्धि : राजकोषीय घाटे के लक्ष्य में वृद्धि का कारण राजस्व संग्रह में कमी आना है। सीतारमण ने कहा कि बजट पिछले साल जुलाई और इस साल फरवरी के बीच तैयार किया गया। इसमें विभिन्न मंत्रालयों समेत सभी पक्षों से सुझाव लिए गए।*

*एमएसएमई व बैंकों को अतिरिक्त कार्यशील पूंजी दी गई : सीतारमण ने कहा कि पूंजी की कमी से जूझ रहे एमएसएमई को उनसे संबंधित बैंकों के जरिए अतिरिक्त कर्ज की सुविधा दी गई और उन्हें अतिरिक्त कार्यशील पूंजी दी गई है। माल एवं सेवा कर के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से एक सरलीकृत व्यवस्था शुरू होगी। साथ ही जो तकनीकी खामियां हैं, वो भी दूर होंगी।*

### प्राथमिक घाटे को समाप्त करने सरकार प्रतिबद्ध

केंद्र ने पूर्व में कहा था कि वह एफआरबीएम कानून के तहत राजकोषीय घाटे में कमी लाने और उसे 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3 प्रतिशत पर बरकरार रखने तथा प्राथमिकता घाटा को समाप्त करने को लेकर प्रतिबद्ध है। सरकार ने एफआरबीएम कानून के तहत छूट प्रावधान का उपयोग किया है।

*अब जीएसटी को लेकर कोई संदेह नहीं होगा : वित्त मंत्री ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड से लोगों तक पहुंचने और उनके संदेह दूर करने को कहा है। एक अप्रैल से हम जीएसटी को लेकर सरलीकृत अनुपालन व्यवस्था चाहते हैं- इससे प्रणाली की वजह से जो तकनीकी खामियां होती थी, उसका पूर्ण रूप से समाधान हो जाएगा।'*

### अर्थव्यवस्था में दबाव से बढ़ा घाटा

संरचनात्मक बदलाव और आर्थिक वृद्धि में तीव्र गिरावट समेत अर्थव्यवस्था में दबाव के दौरान केंद्र का राजकोषीय घाटा लक्ष्य से 0.5 प्रतिशत ऊपर जा सकता है। इस महीने पेश केंद्रीय बजट में राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष में जीडीपी का 3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है जबकि पूर्व में बजट में इसके 3.3 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई थी।

### पहली बार बजट भाषण इतना लंबा

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'संभवतः यह पहली बार है जब कई लोग मुझसे कहते हैं कि पहली बार बजट भाषण इतना लंबा था। इसके बजाए मैं इसके लिये याद रखना पसंद करूंगी कि यह जुलाई से फरवरी के बीच लंबे समय में तैयार किया गया बजट था।'

# बड़े करदाताओं में से करीब 92 प्रतिशत ने सालाना रिटर्न भरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




जीएसटी नेटवर्क ने कहा कि दो करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार वाले करीब 92 प्रतिशत बड़े करदाताओं ने 2017-18 के लिए सालाना रिटर्न भर दिया है।

- करदाताओं ने 2017-18 के लिए सालाना रिटर्न भर दिया

माल एवं सेवा कर के एक जुलाई 2017 से लागू होने के बाद यह पहला मौका है जब जीएसटी के तहत पंजीकृत कंपनियों को सालाना रिटर्न जीएसटीआर-9 और मिलान ब्योरा जीएसटीआर-9सी भरना है।

जीएसटीएन ने एक बयान में कहा, 'आंकड़ों के अनुसार पात्र बड़े करदाताओं में से 91.3 प्रतिशत ने 12 फरवरी 2020 तक अपना सालाना रिटर्न दाखिल किया है। इसी प्रकार 92.3 प्रतिशत पात्र बड़े करदाताओं ने इस तारीख तक अपना मिलान ब्योरा भरा है।दो करोड़ रुपए तक के सालाना कारोबार वाले करदाताओं के लिए सालाना रिटर्न फाइल करना वैकल्पिक है। वहीं 2 करोड़ रुपए से अधिक सालाना कारोबार वाली कंपनियों के लिये यह जरूरी है। कुछ करदाताओं को मिलान प्रमाणपत्र भी भरना होता है जिसे जीएसटीआर-9सी के नाम से जाना जाता है। इसे जीएसटीआर-9 भरने के बाद ही भरा जा सकता है। आंकड़ों के अनुसार दो करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार वाले करदाताओं की संख्या 12.42 लाख है। यह 92.58 लाख नियमित करदाताओं का केवल 13.4 प्रतिशत है।


### 9सी फार्म भरने की तारीख विभिन्न राज्यों में अलग

उसके बाद क्रमशः राजस्थान और गुजरात (95-95 प्रतिशत) का स्थान है। जीएसटीआर 9 और 9सी भरने की अंतिम तारीख विभिन्न राज्यों में अलग-अलग थी। यह फीन फरवरी, पांच और सात फरवरी थी। जीएसटीएन ने कहा कि जिन करदाताओं ने निर्धारित समयसीमा में 2017-18 का रिटर्न फाइल नहीं किया है वे अब भी विलम्ब शुल्क के साथ इसे फाइल कर सकते हैं।

## पुरानी कारों के कारोबार में उतरेगी पॉर्शे

**नई दिल्ली।** लक्जरी स्पोर्ट्स कार बनाने वाली कंपनी पॉर्शे आने वाले समय में घरेलू बाजार में पुरानी कारों (सेकंड हैंड) के कारोबार में उतरने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इससे उन्हें देश में अपना ग्राहक आधार बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी अभी घरेलू बाजार में 718, 911, मैकान और केयेन जैसी लक्जरी स्पोर्ट्स कारें और एसयूवी बेचती है। इन गाड़ियों की कीमत 70 लाख रुपए से 1.63 करोड़ रुपए के बीच है और इस समय भारत में इसके कुल 3,500 ग्राहक हैं। पॉर्शे इंडिया के निदेशक पवन शेट्टी ने कहा, हम पुरानी कारों के कारोबार पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। हमारी कारें (भारत में) 3,500 से अधिक हैं। यह एक बड़ी संख्या है। हम इस्तेमाल की जा चुकी कारों के व्यवसाय के लिए सही प्रारूप तलाश रहे हैं। कंपनी वैश्विक स्तर पर 'पॉर्शे अप्रुव्ड' ब्रांड नाम से पुरानी कारें बेचती है।

## वितरण कंपनियों पर बकाया 50 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** बिजली उत्पादकों का वितरण कंपनियों पर कुल बकाया दिसंबर, 2019 में इससे पिछले साल के इसी माह के मुकाबले करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 88,177 करोड़ रुपए पर पहुंचा। बिजली मंत्रालय के पोर्टल प्राप्ति (भुगतान पुष्टि और उत्पादकों के चालान में पारदर्शिता लाने के लिए बिजली खरीद विश्लेषण) के अनुसार वितरण कंपनियों के ऊपर बिजली उत्पादक कंपनियों का दिसंबर 2018 में बकाया 59,015 करोड़ रुपये था। पोर्टल की शुरूआत मई 2018 में हुई।

# बाजार पूंजीकरण में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही शीर्ष पर

- शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण बीते सप्ताह 1.09 लाख करोड़ रुपए बढ़ा। इसमें सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान युनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) भी बढ़ा है। शुक्रवार को समाप्त सप्ताह में शीर्ष 10 में शामिल एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी ही मात्र ऐसी कंपनियां रही जिनके बाजार पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 33,534.56 करोड़ रुपए बढ़कर 9,42,422.58 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। हिंदुस्तान युनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 20,619.84 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ और यह 4,88,132.65 करोड़ रुपए रहा।

*टीसीएस व एयरटेल की पूंजी बढ़ी : टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 17,673.73 करोड़ रुपए बढ़कर 8,19,445.77 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 13,911.68 करोड़ रुपए, बजाज फाइनेंस का 8,014.92 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक का 6,138.65 करोड़ रुपए बढ़ा।*

# इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश 50 प्रतिशत तक घटा

**नई दिल्ली।** शेयरों में निवेश से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पिछली तिमाही की तुलना में निवेश 50 प्रतिशत घटकर करीब 12,000 करोड़ रुपए रहा।

इसकी प्रमुख वजह आर्थिक वृद्धि में नरमी और शेयर मूल्यांकन को लेकर निवेशकों की चिंता है। निवेश में यह कमी सभी श्रेणी के इक्विटी फंड में देखी गयी जिसमें बड़ी कंपनियों (लार्ज कैप), मझोली कंपनियों (एम कैप) छोटी कंपनियों (स्मॉल कैप) के शेयरों और लाभांश से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। मॉर्निंगस्टार की रपट के अनुसार समीक्षावधि में शेयर बाजार से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं का कुल निवेश 11,837 करोड़ रुपए रहा जो जुलाई-सितंबर तिमाही में 23,874 करोड़ रुपए था। इससे पहले अप्रैल-जून तिमाही में इस तरह की योजनाओं में निवेश 17,500 करोड़ रुपए था। हालांकि दिसंबर में समाप्त तिमाही में ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाओं का परिसंपत्ति आधार छह प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं में कुल निवेश का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सीधे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश किया गया।



- अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में निवेश घटकर 12,000 करोड़ रु. रहा
- निवेश में यह कमी सभी श्रेणी के इक्विटी फंड में देखी गई

# नई वैकल्पिक कर व्यवस्था से बचत पर प्रतिकूल प्रभाव

- नई कर व्यवस्था में कोई छूट और कटौती का लाभ नहीं : विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- मांग को गति देने में मामूली फर्क पड़ सकता है

सरकार की बिना छूट और कटौती वाली नई वैकल्पिक कर व्यवस्था से देश में बचत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह बात विशेषज्ञों ने कही है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2020-21 के बजट में व्यक्तिगत आयकर दाताओं को छूट और कटौती के लाभ के साथ मौजूदा कर योजना में बने रहने या कर की कम दर के साथ नई सरलीकृत कर व्यवस्था अपनाने का विकल्प दिया है। लेकिन नई कर व्यवस्था में कोई छूट और कटौती का लाभ नहीं मिलेगा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में मांग में गिरावट के कारण अर्थव्यवस्था में नरमी को देखते हुए सरकार ने प्रत्यक्ष कर दरों में कटौती कर प्रोत्साहन देने की कोशिश की है। इससे मांग को गति देने में मामूली फर्क पड़ सकता है लेकिन दूसरी तरफ इसका घरेलू बचत पर असर पड़ सकता है क्योंकि कर दरों में कटौती का लाभ तभी मिलेगा जब छूट और कटौती नहीं ली जाएगी।

## 9 प्रतिशत घटकर 24.64 अरब डॉलर रहा

# अप्रैल-जनवरी में स्वर्ण आयात में आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में सोने का आयात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान करीब 9 प्रतिशत घटकर 24.64 अरब डॉलर (1.74 लाख करोड़ रुपए) रहा। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार इससे पूर्व वित्त वर्ष 2018-19 की इसी अवधि में मूल्यवान धातु का आयात 27 अरब डॉलर था। सोने के आयात में कमी से देश का व्यापार घाटा कम होकर अप्रैल-जनवरी अवधि में 133.27 अरब डॉलर रहा जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 163.27 अरब डॉलर था।

- आयात में कमी से देश का व्यापार घाटा कम होकर 133.27 अरब डॉलर रहा

*जुलाई से गिरावट दर्ज*
*पीली धातु के आयात में पिछले साल जुलाई से ही गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि पिछले साल अक्टूबर और नवंबर में इसमें सकारात्मक वृद्धि हुई। वहीं दिसंबर में करीब 4 प्रतिशत और इस साल जनवरी में 31.5 प्रतिशत की गिरावट आई।*



### रत्न एवं आभूषण निर्यात घटा

उद्योग विशेषज्ञों का दावा है कि इस क्षेत्र में काम कर रही इकाइयां उच्च शुल्क के कारण अपना विनिर्माण आधार पड़ोसी देश में स्थापित कर रहे हैं। रत्न एवं आभूषण निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान 1.45 प्रतिशत घटकर 25.11 अरब डॉलर रहा।

### 2018-19 में स्वर्ण आयात 3 फीसदी घटा

देश का स्वर्ण आयात 2018-19 में करीब 3 प्रतिशत घटकर 32.8 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़े के अनुसार चालू खाते का घाटा मौजूदा वित्त वर्ष में जुलाई-सितंबर के दौरान घटकर सकल घरेलू उत्पाद का 0.9 प्रतिशत यानी 6.3 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले इसी अवधि में यह जीडीपी का 2.9 प्रतिशत या 19 अरब डॉलर था। बिना तराशे यानी कच्चे हीरों का आयात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान 15.54 प्रतिशत घटकर 11 अरब डॉलर रहा।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष
गुरु अनस जी सहाब
9815740731

टावर
INDUS TOWER
Govt. Regd. कंपनी द्वारा अपनी खाली जमीन, छत, खेत, प्लाट पर 4G-5G
एडवांस 90 लाख
किराया 70 हजार
2 नौकरी सैलरी 20,000
7217626297
6398287215

ज्योतिष
बाबा अशरफ खान
7 ईल्मों के माहिर
9870422646
घर बैठे फोन पर या मिल कर तुरन्त 100 % समाधान करायें।
रोने से नहीं मिलने से होंगे कष्ट दूर
9870422646
पीरा गढ़ी चौक, दिल्ली

ज्योतिष
खुला चैलेंज
10 घंटे में गारंटी समाधान
बाबा अकबर खान बंगाली
जब है समाधान तो क्यों है परेशान
आपके जीवन की हर समस्याओं का समाधान
करमपुरा दिल्ली
TIME 10 से 6
9810366311
011-25190084

ज्योतिष
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतन व दुश्मन छुटकारा
9999577868

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता की परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

लोन
☞ धन धन सतगुरू तेरा ही आसरा पूजनीय पिता के आदेश अनुसार RUHANI FINANCE पशुपालन, मुर्गीपालन, एग्रीकल्चर, बिजनेस, प्रॉपर्टी, पर्सनल, होम समस्त लोन, ब्याज 2%, छूट 40%, Agent Welcome : 9499166862

ज्योतिष
☞ गोल्ड मेडलिस्ट (नं. 1) बाबा नवाब बंगाली (Regd. No. 5568) 11 मिनटों में A to Z समाधान। वशीकरण, मुठकरनी, लवमैरिज, गृहक्लेश, कारोबार, पति-पत्नी झगड़ा, संतानहीनता, सौतन/दुश्मन। प्यार में धोखा खाये फोन करें। 09870155846

☞ सभी जगह से निराश व्यक्ति एक बारा अवश्य फोन करें बाबा कबीर खान - 3 घंटों में घर बैठे 100% समाधान लव प्रॉब्लम, पति-पत्नी अनबन, लवमैरिज, वशीकरण, मुठकरनी, गृहक्लेश, संतान प्राप्ति 99111-95449

टावर
☞ (रजिस्ट्रेशन फ्री) GTL टावर कम्पनी द्वारा अपनी जमीन, खेत, प्लाट, मकान की छत पर 4G, 5G टावर लगवायें 90 लाख एडवांस, 90 हजार किराया 2 व्यक्ति की नौकरी 20 साल का कोर्ट एग्रीमेंट किसी दूसरी कम्पनी में फसा हुआ पैसा निकलवाने के लिए सम्पर्क करें 72 घंटों में अपना फसा हुआ पैसा निकलवायें, धोखेबाजों से सावधान मो.- 63977-33740, 76689-16707

## खबर संक्षेप

### एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भाग लेगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी पहलवानों की यहां एशियाई चैम्पियनशिप में खेलने पर अनिश्चितता आखिरकार सरकार द्वारा वीजा देने के बाद खत्म हो गयी लेकिन चीन के पहलवानों की भागीदारी पर फैसला सोमवार को ही पता चल पायेगा। भारतीय कुश्ती महासंघ के अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। भारतीय कुश्ती महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर ने पीटीआई को पुष्टि की कि कई दिनों की अनिश्चितता के बाद पाकिस्तान के पूरे दल को वीजा प्रदान कर दिया गया। तोमर ने कहा पूरे पाकिस्तानी दल को वीजा दे दिया गया। मैंने शुक्रवार को खेल सचिव राधे श्याम जुलानिया से मुलाकात की और उन्होंने तुरंत ही गृह सचिव से इस मामले पर बात की जिसके बाद वीजा जारी कर दिये गये। उन्होंने कहा भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने भी इस पूरी प्रक्रिया में अहम भूमिका अदा की।पाकिस्तान 18 से 23 फरवरी तक यहां चलने वाली चैम्पियनशिप में चार फ्रीस्टाइल पहलवान, एक कोच और एक रैफरी का दल भेज रहा है।

### भारत ने रोमानिया से 3-3 से ड्रा खेला

**नई दिल्ली ।** भारत की अंडर-19 महिला फुटबाल टीम ने रविवार को तुर्की के तुर्कलर में मैत्री मैच में रोमानिया को 3-3 से बराबरी पर रोका। भारतीय टीम की ओर से मारियाम्मल बालामुरुगन ने दो जबकि सुमति कुमारी ने एक गोल दागा। रोमानिया की ओर से बोरोडी एडिना ने दो गोल दागे जबकि मिरिया रोक्साना ने एक गोल किया। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैत्री मैच बुधवार को खेला जाएगा।

### बांग्लादेश की चुनौती के लिए जिम्बाब्वे तैयार

**ढाका।** जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ हालिया श्रृंखला में टीम का प्रदर्शन उन्हें इस महीने के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में अच्छा करने के लिये प्रेरित करेगा। जिम्बाब्वे की टीम ने एक साल से ज्यादा समय बाद पहली टेस्ट श्रृंखला खेलते हुए श्रीलंका को जनवरी में दो घरेलू मैचों में कड़ी चुनौती पेश की, हालांकि उसे 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। टेलर ने पत्रकारों से कहा, 'हमने श्रीलंका के खिलाफ दो अच्छे टेस्ट मैच खेले जो पांच दिन तक चले।



### हम्पी ने गुनिना को हराया, बनाई एकल बढ़त

**सेंट लुइस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने यहां दूसरे केर्न्स शतरंज कप के आठवें दौर में रूस की वेलेन्टिना गुनिना को हराकर एकल बढ़त हासिल की। हम्पी के कुल 5.5 अंक हो गये हैं, उन्होंने गुनिना को 35 चाल में पराजित किया और टूर्नामेंट में अपनी चौथी जीत दर्ज की। वहीं बड़ा उलटफेर करते हुए अमेरिका की 16 वर्षीय कारिसा यिप ने विश्व चैम्पियन वेनजुन जु को 61 चाल में मात दी जिससे उनके 3.5 अंक हो गए। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी द्रोणावल्ली हरिका ने लगातार तीसरा ड्रा खेला।



### भारतीय महिला टीम का अभ्यास मैच धुला

**ब्रिसबेन।** भारत का चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का पहला अभ्यास मैच रविवार को यहां बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हो गया। भारी बारिश के कारण एलेन बोर्डर फील्ड पर होने वाला यह मुकाबला टास के बिना ही रद्द हो गया। भारत अपने दूसरे और अंतिम अभ्यास मैच में यहां 18 फरवरी को वेस्टइंडीज से भिड़ेगा।

## क्रिकेट : अग्रवाल ने 99 गेंदों पर बनाए शानदार 81 रन


# 'बर्थडे बॉय' मयंक ने बनाए रन, पंत भी फार्म में लौटे, अभ्यास मैच ड्रा

एजेंसी ▸▸| हैमिल्टन

मयंक अग्रवाल ने रविवार को यहां भारत के न्यूजीलैंड एकादश के खिलाफ ड्रा हुए अभ्यास मैच में अपने जन्मदिन के मौके पर रन जुटाए जबकि ऋषभ पंत ने सतर्क होकर आक्रामकता से बल्लेबाजी की। मैच लंच के एक घंटे बाद समाप्त कर दिया गया, जब तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में महज 48 ओवर खेलकर चार विकेट पर 252 रन बनाए थे। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के बाद से ही अग्रवाल का खराब दौर चल रहा था, लेकिन यहां वह 99 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 81 रन बनाकर रिटायर हुए।

- पंत ने आक्रामकता से दिया जवाब, स्पैल को सम्मान दिखाया

भारतीय टीम प्रबंधन के लिए पंत का क्रीज पर जमना राहत की बात रही जिन्होंने अपने नैसर्गिक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 65 गेंद में 70 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों के अच्छे स्पैल को सम्मान दिखाया और सतर्कता से खेले। पारी में उन्होंने लेग स्पिनर ईश सोढ़ी और आफ स्पिनर हेनरी कपूर के खिलाफ दो-दो चौके जमाए। पंत ने अपनी आक्रामकता को नहीं दबाया लेकिन स्पिनरों के खिलाफ वह रक्षात्मक खेलते दिखे और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों की कुछ गेंदों को उन्होंने छोड़ा भी। पंत हालांकि सीनियर खिलाड़ी ऋद्धिमान साहा की तुलना में बेहतर बल्लेबाज हैं। लेकिन दिन के अंत में बल्लेबाजी के लिये उतरे साहा दबाव भरे हालात में कहीं ज्यादा जिम्मेदार बल्लेबाज हैं।




### मयंक का फुटवर्क हुआ बेहतर

भारत की दूसरी पारी से सबसे बड़ी सकारात्मक चीज अग्रवाल की खराब फार्म का खत्म होना रही। सेडोन पार्क की पिच बल्लेबाजी के मुफीद होती जा रही है, इसमें इसका भी हाथ हो सकता है लेकिन अग्रवाल का फुटवर्क निश्चित रूप से काफी बेहतर दिख रहा था जिन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ कुछ शानदार आन-ड्राइव और पुल शाट जमाए। इस मैच से पहले अग्रवाल ने 10 प्रतिस्पर्धी मैच खेले थे जिसमें प्रथम श्रेणी, वनडे और लिस्ट ए मैच शामिल थे। वह 11 पारियों में 40 रन से आगे तक नहीं बढ़ा पाए थे। फार्म में वापसी के बाद वह लंच के बाद क्रीज पर बल्लेबाजी करने नहीं उतरे जिससे साहा को बल्लेबाजी का मौका मिला जिन्होंने नाबाद 30 रन बनाए।

### अग्रवाल-पंत ने जोड़े 100 रन



अग्रवाल-पंत की जोड़ी ने 14.3 ओवर में 100 रन जोड़े। सुबह के सत्र में पृथ्वी शॉ (31 गेंद में 39 रन) को डेरिल मिशेल ने आउट किया जिन्होंने इस बल्लेबाज के बल्ले और पैड के बीच से जगह ढूंढकर उन्हें बोल्ड किया। शॉ ने अग्रवाल के साथ मिलकर 72 रन की भागीदारी निभाई जिससे सलामी जोड़ीदार के लिए चल रही बहस थम जाएगी। हालांकि वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च की पिच मुंबई के इस खिलाड़ी के लिए तकनीक का परीक्षण होगी। शुभमन गिल के लिए हालांकि यह अभ्यास मैच इतना अच्छा नहीं रहा, वह लगातार दूसरी बार सस्ते में आउट हुए। आठ रन बनाने के बाद वह मिशेल की गेंद पर पगबाधा आउट हुए।

## आईपीएल के 13वें सीजन का शेड्यूल जारी, 29 मार्च से 17 मई तक लीग मैच



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। क्रिकइन्फो वेबसाइट के मुताबिक, 29 मार्च से इस प्रतिष्ठित लीग का 13वां सीजन शुरू होगा जब 4 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस टीम 3 बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी। अंतिम लीग मैच 17 मई को खेला जाएगा। वहीं, अभी तक प्लेऑफ मुकाबलों का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। इसके बारे में भी जल्दी ही जानकारी दी जाएगी।

### आईपीएल 2020 शेड्यूल

| तारीख | मैच | समय | कहां |
|---|---|---|---|
| 29 मार्च | मुंबई/चेन्नई | रात 8 बजे | मुंबई |
| 30 मार्च | दिल्ली/पंजाब | रात 8 बजे | दिल्ली |
| 31 मार्च | बैंगलोर/कोलकाता | रात 8 बजे | बेंगलुरु |
| 1 अप्रैल | हैदराबाद/मुंबई | रात 8 बजे | हैदराबाद |
| 2 अप्रैल | चेन्नई/राजस्थान | रात 8 बजे | चेन्नई |
| 3 अप्रैल | कोलकाता/दिल्ली | रात 8 बजे | कोलकाता |
| 4 अप्रैल | पंजाब/हैदराबाद | रात 8 बजे | मोहाली |
| 5 अप्रैल | मुंबई/बैंगलोर | शाम 4 बजे | मुंबई |
| 5 अप्रैल | राजस्थान/दिल्ली | रात 8 बजे | — |
| 6 अप्रैल | कोलकाता/चेन्नई | रात 8 बजे | कोलकाता |
| 7 अप्रैल | बैंगलोर/हैदराबाद | रात 8 बजे | बेंगलुरु |
| 8 अप्रैल | पंजाब/मुंबई | रात 8 बजे | मोहाली |
| 9 अप्रैल | राजस्थान/कोलकाता | | रात 8 बजे — |
| 10 अप्रैल | दिल्ली/बैंगलोर | रात 8 बजे | दिल्ली |
| 11 अप्रैल | चेन्नई/पंजाब | रात 8 बजे | चेन्नई |
| 12 अप्रैल | हैदराबाद/राजस्थन | शाम 4 बजे | हैदराबाद |
| 12 अप्रैल | कोलकाता/मुंबई | रात 8 बजे | कोलकाता |
| 13 अप्रैल | दिल्ली/चेन्नई | रात 8 बजे | दिल्ली |
| 14 अप्रैल | पंजाब/बैंगलोर | रात 8 बजे | मोहाली |
| 15 अप्रैल | मुंबई/राजस्थान | रात 8 बजे | मुंबई |
| 16 अप्रैल | हैदराबाद/कोलकाता | रात 8 बजे | हैदराबाद |
| 17 अप्रैल | पंजाब/चेन्नई | रात 8 बजे | मोहाली |
| 18 अप्रैल | बैंगलोर/राजस्थान | रात 8 बजे | बेंगलुरु |
| 19 अप्रैल | दिल्ली/कोलकाता | शाम 4 बजे | दिल्ली |
| 19 अप्रैल | चेन्नई/हैदराबाद | रात 8 बजे | चेन्नई |
| 20 अप्रैल | मुंबई/पंजाब | रात 8 बजे | मुंबई |
| 21 अप्रैल | राजस्थान/हैदराबाद | रात 8 बजे | जयपुर |
| 22 अप्रैल | बैंगलोर/दिल्ली | रात 8 बजे | बेंगलुरु |
| 23 अप्रैल | कोलकाता/पंजाब | रात 8 बजे | कोलकाता |
| 24 अप्रैल | चेन्नई/मुंबई | रात 8 बजे | चेन्नई |
| 25 अप्रैल | राजस्थान/बैंगलोर | रात 8 बजे | जयपुर |
| 26 अप्रैल | पंजाब/कोलकाता | शाम 4 बजे | मोहाली |
| 26 अप्रैल | हैदराबाद/दिल्ली | रात 8 बजे | हैदराबाद |
| 27 अप्रैल | चेन्नई/बैंगलोर | रात 8 बजे | चेन्नई |
| 28 अप्रैल | मुंबई/कोलकाता | रात 8 बजे | मुंबई |
| 29 अप्रैल | राजस्थान/पंजाब | रात 8 बजे | जयपुर |
| 30 अप्रैल | हैदराबाद/चेन्नई | रात 8 बजे | हैदराबाद |
| 1 मई | मुंबई/दिल्ली | रात 8 बजे | मुंबई |
| 2 मई | कोलकाता/राजस्थान | रात 8 बजे | कोलकाता |
| 3 मई | बैंगलोर/पंजाब | शाम 4 बजे | बेंगलुरु |
| 3 मई | दिल्ली/हैदराबाद | रात 8 बजे | दिल्ली |
| 4 मई | चेन्नई/राजस्थान | रात 8 बजे | जयपुर |
| 5 मई | हैदराबाद/बैंगलोर | रात 8 बजे | हैदराबाद |
| 6 मई | दिल्ली/मुंबई | रात 8 बजे | दिल्ली |
| 7 मई | चेन्नई/कोलकाता | रात 8 बजे | चेन्नई |
| 8 मई | पंजाब/राजस्थान | रात 8 बजे | मोहाली |
| 9 मई | मुंबई/हैदराबाद | रात 8 बजे | मुंबई |
| 10 मई | चेन्नई/दिल्ली | शाम 4 बजे | चेन्नई |
| 10 मई | कोलकाता/बैंगलोर | रात 8 बजे | कोलकाता |
| 11 मई | राजस्थान/मुंबई | रात 8 बजे | जयपुर |
| 12 मई | हैदराबाद/पंजाब | रात 8 बजे | हैदराबाद |
| 13 मई | दिल्ली/राजस्थान | रात 8 बजे | दिल्ली |
| 14 मई | बैंगलोर/चेन्नई | रात 8 बजे | बेंगलुरु |
| 15 मई | कोलकाता/हैदराबाद | रात 8 बजे | कोलकाता |
| 16 मई | पंजाब/दिल्ली | रात 8 बजे | मोहाली |
| 17 मई | बैंगलोर/मुंबई | रात 8 बजे | बेंगलुरु |

### एडमंड फाइनल में सेप्पी से होगी भिड़ंत

**लॉस एंजिलिस।** ब्रिटेन के काइल एडमंड ने सर्बिया के मियोमीर केसमानोविच को हराकर न्यूयार्क टेनिस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना इटली के आंद्रियास सेप्पी से होगा। आठवें वरीय एडमंड ने एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मियोमीर को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। अब 25 साल का यह खिलाड़ी अपना दूसरा टूर खिताब हासिल करने की कोशिश करेगा। उन्होंने 16 महीने पहले एंटवर्प में गेल मोंफिल्स को हराकर पहली एटीपी ट्रॉफी हासिल की थी। वहीं 35 साल के सेप्पी ने ताईवान के जेसन जंग को 6-3 6-2 से पराजित किया।

## मणिपुर के दमन सिंह 50 किमी की पैदल चाल में बने चैंपियन

एजेंसी ▸▸| रांची

मणिपुर के एस दमन सिंह ने रविवार को यहां राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन 50 किमी पैदल चाल में पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया। तीस साल के दमन सिंह ने चार घंटे आठ मिनट और 10 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता। वह हालांकि तीन घंटे और 50 मिनट के ओलंपिक क्वालीफिकेशन से काफी दूर रहे। पंजाब के गुरप्रीत सिंह (चार घंटे नौ मिनट और 44 सेकेंड) दूसरे जबकि उत्तर प्रदेश के अंजनी सिंह (चार घंटे 22 मिनट और 37 सेकेंड) तीसरे स्थान पर रहे। पुरुष अंडर 20 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा में हरियाणा के अमित ने 40 मिनट और 28 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ खिताब जीता। लड़कियों की अंडर-20 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा में 18 साल की मुनिता प्रजापति ने बलजीत कौर बाजवा को पछाड़कर खिताब जीता। मुनिता ने 50 मिनट और 15 सेकेंड के समय के साथ 50 मिनट और 30 सेकेंड का विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप क्वालीफाइंग स्तर भी हासिल किया। बलजीत ने क्वालीफाइंग स्तर से एक सेकेंड अधिक समय लिया।



### भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित की बढ़त जारी

**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने चौथे दौर में स्वीडन के जीएम निल्स ग्रैंडेलियस से अंक साझा करने के बावजूद प्राग शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग की तालिका में एकल बढ़त कायम रखी। इसमें खेल रहे 10 खिलाड़ियों में एक अन्य भारतीय पी हरिकृष्णा ने चौथे दौर में अमेरिका के सैम शंकलैंड से ड्रा खेला। हरिकृष्णा को तीसरे दौर में दुनिया के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी अलीरेजा फिरौजा से शिकस्त मिली थी। विश्वनाथन आनंद के बाद गुजराती भारत के दूसरे रैंकिंग के खिलाड़ी हैं। वह ग्रैंडेलियस को हरा नहीं सके और 35 चाल के बाद दोनों के बीच ड्रा पर समझौता हुआ।

## इंग्लैंड ने द.अफ्रीका को पांच विकेट से हरा श्रृंखला जीती

भाषा ▸▸| सेंचुरियन

कप्तान इयोन मोर्गन की अगुआई में बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। दक्षिण अफ्रीका के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने कप्तान मोर्गन की 22 गेंद में सात छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन की पारी के अलावा सलामी बल्लेबाज जोस बटलर (57) और जोनी बेयरस्टा (64) के अर्धशतकों से पांच गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। मोर्गन ने इस पारी के दौरान सिर्फ 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और इंग्लैंड के बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज अर्धशतक के रिकार्ड की बराबरी की। बेयरस्टा और बटलर ने दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी भी की। दक्षिण अफ्रीका ने हेनरिक क्लासेन (66) के तूफानी अर्धशतक से छह विकेट पर 222 रन बनाए। क्लासेन ने 33 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों की मदद से 66 रन की पारी खेली। टीम को तेंबा बावुमा (49) और कप्तान क्विंटन डिकाक (35) की सलामी जोड़ी ने 7.4 ओवर में 84 रन जोड़कर शानदार शुरुआत दिलाई। ये दोनों हालांकि इसके बाद जल्दी-जल्दी पवेलियन लौट गए।

## कपिल देव के खिलाफ शिकायत 'अप्रासंगिक'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बीसीसीआई आचरण अधिकारी डी के जैन ने रविवार को पुष्टि की कि उन्होंने कपिल देव के खिलाफ हितों के टकराव की शिकायत को 'अप्रासंगिक' पाया है क्योंकि पूर्व भारतीय कप्तान अपनी कई भूमिकाओं के पदों से हट गए हैं। बीसीसीआई के साथ जैन का एक साल का अनुबंध एक महीने में खत्म हो जाएगा। उन्होंने शांता रंगास्वामी और अंशुमन गायकवाड़ के खिलाफ दिसंबर में आई शिकायतों को भी अप्रासंगिक पाया था क्योंकि उन्होंने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। जैन ने कहा, 'कपिल के खिलाफ शिकायत को अप्रासंगिक पाया गया।' बीसीसीआई ने अब नई सीएसी गठित की है। बीसीसीआई संविधान के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक समय में एक से ज्यादा पद पर काबिज नहीं हो सकता।



## लिएंडर पेस का सम्मान...



बेंगलुरु। टेनिस स्टार लिएंडर पेस को भारतीय जमीन पर अपना आखिरी मैच खेलने के लिए आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। वे एटीपी चैलेंजर टूर बेंगलुरु ओपन 2020 में उपविजेता रहे।

## आईसीए के परिचालन के लिए फंड की थी जरूरत

# बीसीसीआई ने आईसीए को दिया दो करोड़ का अनुदान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बीसीसीआई ने रविवार को भारतीय क्रिकेटरों के संघ (आईसीए) को इसके परिचालन के लिए दो करोड़ रुपए का अनुदान दिया। आईसीए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त लोढ़ा पैनल की सिफारिशों के मुताबिक बना भारत का पहला खिलाड़ी संघ है।

- आईसीए ने तैयार किया था 15 से 20 करोड़ का बजट

अक्टूबर में इसके अधिकारियों को चुना गया था और उसे अपने परिचालन के लिए फंड की काफी जरूरत थी। इसका कोई कार्यालय नहीं है और यह नियमित अंतराल पर बैठक भी नहीं कर पा रहा है। आईसीए ने 15 से 20 करोड़ रुपए का अस्थाई बजट तैयार किया था और वह शुरुआती अनुदान के रूप में बीसीसीआई से पांच करोड़ रुपए मांग रहा था लेकिन उसे दो करोड़ रुपए ही मिले जिससे उसे मुंबई में कार्यालय के लिए जगह जुटाने में मदद मिल सकती है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'इसमें कुछ कर संबंधित मुद्दे हैं जिन्हें निपटाने की जरूरत है इसलिए आईसीए को दो करोड़ रुपए दिए गए हैं। अगर वे निकट भविष्य में और राशि चाहते हैं तो हम उन्हें और राशि दे देंगे।' यह फैसला बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की रविवार को यहां हुई बैठक में लिया गया।




### जौहरी के इस्तीफे को नहीं मिली स्वीकृति

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जौहरी ने कुछ समय पहले अपना इस्तीफा बोर्ड को सौंप दिया था लेकिन उन्हें इस पद से कार्य मुक्त होने में थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। बीसीसीआई सूत्रों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। सूत्र ने कहा, 'जौहरी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाएगा लेकिन इसमें कुछ समय लग सकता है।' जौहरी को 2016 में इस पद पर नियुक्त किया गया था और उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति के पिछले साल अक्टूबर में आने के बाद उन्होंने पद से हटने का फैसला किया जिससे सौरव गांगुली की अगुआई वाली टीम के जिम्मेदारी संभालने का रास्ता बना। मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पद संभालने के बाद जौहरी कई मोर्चों पर काम कर रहे थे जिसमें उन्होंने आईपीएल प्रसारक अधिकार स्टार इंडिया को 16,348 करोड़ रुपए में बेचने में अहम भूमिका अदा की थी। उन्हें तब इस पद पर नियुक्त किया गया था जब शंशाक मनोहर बीसीसीआई अध्यक्ष थे और अनुराग ठाकुर बोर्ड के सचिव थे।



## मोहन बागान पर लगा 3 लाख रुपए का जुर्माना

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ की अनुशासनात्मक समिति ने रविवार को आई लीग के शीर्ष क्लब मोहन बागान पर चार पूर्व खिलाड़ियों का वेतन नहीं देने के लिए तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

- खिलाड़ियों का वेतन नहीं देने पर लगाया जुर्माना

एआईएफएफ के आदेश के अनुसार, 'ऊषानाथ बनर्जी की अध्यक्षता में अनुशासनात्मक समिति ने मोहन बागान को चार खिलाड़ियों को 30 दिन के अंदर भुगतान करने और 15 दिन के अंदर जुर्माना भरने का समय दिया है और ऐसा नहीं करने पर आगामी लगातार दो विंडो में उन्हें 'ट्रांसफर प्रतिबंध' का सामना करना पड़ेगा।' मोहन बागान को केरला ब्लास्टर्स के मिडफील्डर के राजू गायकवाड़ (11 लाख रुपए), डेरेन कालडेरा (आठ लाख 70 हजार रुपए) के अलावा ईस्ट बंगाल के अभिषेक अम्बेकर (पांच लाख 60 हजार रुपए) तथा पूर्व गोलकीपर रिकार्डो कार्डोज (सात लाख 60 हजार रुपए) को भुगतान करने का निर्देश दिया गया है।



## खबर संक्षेप



### नाइजीरिया में हमलावरों ने 30 लोगों की हत्या की

**कानो (नाइजीरिया)।** उत्तर पश्चिमी नाइजीरिया के एक इलाके में हथियारबंद गिरोहों ने दो गांवों में हमला कर 30 लोगों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मोटरसाइकिल पर सवार दर्जनों हथियारबंद हमलावरों ने कटसीना राज्य में सौवा और दनकर गांवों में शुक्रवार को वहां के निवासियों पर गोलीबारी की और मकानों को आग के हवाले कर दिया। कटसीना के पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि हमलावरों ने सौवा में 21 और दनकर में नौ लोगों की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों में ज्यादातर वृद्ध और बच्चे शामिल थे, जो भाग नहीं सके। हमले के बाद इलाके में तैनात पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया



**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को अपने जल क्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के लिए गिरफ्तार किया है। श्रीलंकाई नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मछुआरों को शनिवार को अलानाथिवु द्वीप के उत्तरी तट से गिरफ्तार किया गया और उनकी तीन नौकाएं भी जब्त कर ली गई। अधिकारी ने कहा, "मछुआरों और उनकी नौकाओं को तटीय संरक्षण विभाग के माध्यम से जाफना, मत्स्य निदेशालय को सौंप दिया जाएगा।" नौसेना ने कहा कि महीनों से की जा रही लगातार निगरानी के कारण श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं की संख्या में कमी आई है।

### श्रीलंका सरकार, विपक्ष ने सेना प्रमुख पर अमेरिकी यात्रा प्रतिबंध पर कड़ी आपत्ति जताई

**कोलंबो।** श्रीलंका की सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टी ने देश के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल शावेंद्र सिल्वा पर यात्रा प्रतिबंध लगाने के अमेरिकी कदम पर कड़ा विरोध जताया है। सरकार ने कहा कि अमेरिका का फैसला अप्रमाणित सूचना पर आधारित है। अमेरिका ने 2009 में द्वीप देश के गृह युद्ध के अंतिम चरण के दौरान मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन को लेकर पिछले हफ्ते लेफ्टिनेंट जनरल सिल्वा और उनके परिवार के करीबी सदस्यों पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिए थे। विदेश मंत्री दिनेश गुणवर्धने ने संवाददाताओं से कहा कि सिल्वा बस निर्दिष्ट आतंकवादी समूह एलटीटीई के खिलाफ युद्ध कर रहे थे। अमेरिका ने खुद 9/11 हमलों के बाद कई आतंकवादी संगठनों को नामित किया था।

# एफएटीएफ को गुमराह करने की कोशिश में पाकिस्तान

# 'लापता हो गया आतंकी मसूद अजहर और उसका परिवार'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकितान ने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फॉर्स' को बताया है कि आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मौलाना मसूद अजहर और उसका परिवार लापता हो गया है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि वो और उसका परिवार रावलपिंडी में है। मसूद अजहर का संगठन 'जैश-ए-मोहम्मद' भारत ही नहीं अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में भी अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे चुका है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मसूद अजहर को पिछले साल 1 मई को वैश्विक आतंकी घोषित किया था।

## पाकिस्तान के दावे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने दावा किया है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 16 ग्लोबल आतंकी उनके यहां हैं। इसमें से 7 की मौत हो चुकी है। वहीं बाकी बचे 9 आतंकियों ने संयुक्त राष्ट्र से आर्थिक और ट्रैवल बैन को हटाने की मांग की थी। पाकिस्तान ने ये भी दावा किया है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकी संगठनों के करीब साढ़े पांच हज़ार अकाउंट को भी बंद कर दिया गया है।

## बीमार होने का दावा

पिछले साल ऐसी खबर आई थी कि मसूद अजहर किडनी की बीमारी से जूझ रहा है। ऐसे में ज्यादातर वक्त वह अपने क्वॉर्टर में ही आराम करता है। बीमारी के चेलत वो जैश का कोई भी काम नहीं देख पा रहा। छोटा भाई ही सबकुछ संभाल रहा है। सूत्रों का कहना था कि पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश के अभी दो प्रमुख ठिकाने हैं- मरकज उस्मान-ओ-अली और मरकज सुभान अल्लाह। यहां से सारे ऑपरेशंस को रऊफ ही हैंडल कर रहा है।



## ब्लैक लिस्ट होने से बचने का तरीका

बता दें कि पाकिस्तान का ये सारा पैंतरा एफएटीएफ से ब्लैक लिस्ट होने से बचने के लिए है। ब्लैक लिस्ट होने पर आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक से कर्ज नहीं मिलेगा। आज से पेरिस में एफएटीएफ की बैठक पेरिस में शुरू हो रही है। इस बार बैठक की अध्यक्षता चीन कर रहा है। एफएटीएफ ने जून 2018 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डाला था। साथ ही चेतावनी थी कि वो आतंकी फंडिंग पर तुरंत रोक लगाए। बता दें कि फिलहाल एफएटीएफ की ब्लैक लिस्ट में ईरान और नॉर्थ कोरिया है।

## भारत पर कई हमले किए हैं जैश ने

कंधार में 1999 में रिहा होते ही मसूद अजहर ने जैश ए मोहम्मद के नाम से आतंकी संगठन खड़ा किया। इस संगठन ने भारत पर कई हमले की वारदातों को अंजाम दिया।

- 2001 जम्मू-कश्मीर विधानसभा पर हमला किया, जिसमें 38 लोगों की जान गई थी।
- साल 2001 में इस संगठन ने संसद भवन पर हमला किया था।
- साल 2014-2015 में अफजल गुरु को फांसी होने के बाद जैश ए मोहम्मद कश्मीर में फिर सक्रिय हो गया। इसने अफजल गुरु शहीद स्कवॉड बनाया। जिसने कठुआ, सांबा, हंदवारा और पुलवामा के कई पुलिस स्टेशनों और सेना के शिविरों पर हमला किया।
- साल 2016 में अफजल गुरु स्क्वॉड के चार आतंकवादी 02 जनवरी को काफी हथियारों से लैस होकर भारी सुरक्षा वाले पठानकोट के एयरफोर्स बेस में दाखिल हो गए। इस हमले में छह सुरक्षाकर्मी मारे गए।
- 2016 में 18 सितंबर को जैश ए मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने भारतीय सेना ब्रिगेड के उरी मुख्यालय पर हमला कर दिया।
- 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ के 40 से ज्यादा जवान शहीद हो गए।

## भारत के बाहर दुनिया के पहले योग विश्वविद्यालय में इस साल शुरू होंगी कक्षाएं

**वाशिंगटन।** भारत के बाहर दुनिया का पहला योग विश्वविद्यालय अमेरिका में इस साल शोध के साथ अपना परास्नातक पाठ्यक्रम शुरू करेगा। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इसके लिए दाखिले अप्रैल में शुरू होंगे।

विवेकानंद योग विश्वविद्यालय (वायु) को 50 लाख डॉलर के बजट के साथ लॉस एंजिलिस में स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा कि केस वेस्टर्न विश्वविद्यालय के प्रोफेसर श्री श्रीनाथ को इसका



अध्यक्ष नामित किया गया है और भारतीय योग गुरु एच आर नागेंद्र इसके चेयरमैन होंगे। बयान में कहा गया है कि पाठ्यक्रम अगस्त 2020 से शुरू होगा जिसके लिए संस्थापक अध्यक्ष के तौर पर श्री श्रीनाथ के नेतृत्व में योग में मास्टर पाठ्यक्रम के लिए अप्रैल 2020 से दाखिले शुरू होंगे।

## जयशंकर ने अफगानिस्तान में अमेरिका के शांति दूत, सऊदी के अपने समकक्ष से की मुलाकात

**म्यूनिख।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर अफगानिस्तान में अमेरिका के शांति दूत और सऊदी के विदेश मंत्री सहित कई नेताओं के साथ बैठकें कर क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

जयशंकर ने ट्वीट किया कि एमएससी2020 के दौरान अफगानिस्तान में तैनात शांति दूत जलमै खलीलजाद से मुलाकात की। अफगानिस्तान बातचीत पर उनके द्वारा दी जानकारी की सराहना करता हूं। अन्य एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि सऊदी के विदेश मंत्री शाहजादा फैसल बिन फरहान से



शनिवार को (स्थानीय समयानुसार) मुलाकात की और वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर उनके दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामरिक भागीदारी परिषद में उनके साथ काम करने को उत्साहित हूं।

अमेरिका और तालिबान के बीच हिंसा कम करने के लिए जारी वार्ता के बीच दोनों की यह मुलाकात हुई है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन 14 से 16 फरवरी तक किया गया है।

## पाक में पीपीपी विधायक की गोली मारकर हत्या

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सत्तारूढ़ पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की एक महिला विधायक की नौशेरा फिरोज जिले में शनिवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। सिंध पुलिस ने बताया कि प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शहनाज़ अंसारी की उनके एक रिश्तेदार के भतीजे ने शनिवार को नौशेरा फिरोज़ के दरया खान में कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी।

आरोपी उनके रिश्तेदार जाहिद खोकर का भतीजा है। खोकर का हाल में निधन हुआ था। आरक्षित सीट से विधानसभा के लिए नामित अंसारी, खोकर के 40वें (मृत्यु के 40 दिन बाद होने वाली शोक सभा) में शामिल होने के लिए गई थी, तभी



यह हमला हुआ। जियो न्यूज़ ने डॉक्टरों के हवाले से खबर दी है कि उन्हें एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, अंसारी ने उनके और खोकर के भतीजे के बीच तनाव के बावजूद शोक सभा में जाने का फैसला किया। पुलिस ने कहा कि इस बात का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी कि हमले में कितने लोग शामिल हैं। शुरुआती रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि हमला जमीन विवाद के कारण हुआ है।




**गुवाहाटी।** कॉटन विश्वविद्यालय के छात्र रविवार को बिहू नृत्य के दौरान विश्वविद्यालय सप्ताह 2020 के भाग के रूप में सांस्कृतिक जुलूस निकालते हुए।

### इराक की राजधानी में अमेरिकी दूतावास के समीप रॉकेट हमले

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में रविवार तड़के अमेरिकी दूतावास के समीप कई रॉकेट दागे गए। अमेरिकी सेना के एक सूत्र ने यह जानकारी। देश में अमेरिकी प्रतिष्ठानों के खिलाफ हमलों की यह ताजा घटना है। अमेरिकी सूत्र और एक पश्चिमी राजनयिक ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने रॉकेट दागे गए। अभी किसी के हताहत होने की भी सूचना नहीं है। एएफपी के संवाददाताओं ने उच्च सुरक्षा वाले अमेरिकी दूतावास के ग्रीन जोन के समीप मंडरा रहे विमान से धमाकों की कई आवाज सुनी। यह अमेरिकी दूतावास या इराक में स्थानीय बलों के साथ तैनात लगभग 5,200 अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर किया गया।





### चीन में कोरोना वायरस का कहर जारी

# अब तक 1665 की मौत, संक्रमित होने के कुल 68,500 मामलों की पुष्टि हुई

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन में घातक कोरोना वायरस संक्रमण के कारण और 142 लोगों की मौत होने के साथ ही इससे मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 1,665 हो गई है। फिल्हाल इससे संक्रमित होने के कुल 68,500 मामलों की पुष्टि हुई है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने देश में 2,009 नए मामलों की पुष्टि की है।

हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान में 1,843 नए मामले हैं, जहां से दिसम्बर में यह वायरस फैलना शुरू हुआ था। नए मामलों के साथ ही हुबेई में इसके कुल 56,249 मामलों की पुष्टि हो गई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार शनिवार को जिन 142 लोगों की मौत हुई उनमें से 139 हुबेई में जबकि सिचुआन में दो और हुनान में एक व्यक्ति की मौत हुई है। चीन के एक शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नए मामलों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है।



### दुनियाभर में कोराना वायरस से 69,000 से अधिक लोग संक्रमित

चीन के वुहान से शुरू हुए कोरोना वायरस से दुनिया में अबतक 69 हजार से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस विषाणु के संक्रमण से होने वाले रोग का नाम "कोविड-19" रखा है। चीन सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार को जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक चीन की मुख्य भूमि पर अबतक 1,665 लोगों की मौत हो चुकी है ।

### चीन को जल्द ही चिकित्सा सामग्री की खेप भेजेगा भारत : भारतीय राजदूत

बीजिंग। चीन में फैले घातक कोरोना वायरस से निपटने के लिए भारत जल्द ही बीजिंग को चिकित्सा सामग्री की एक खेप भेजेगा। भारतीय राजदूत विक्रम मिस्री ने रविवार को यह जानकारी दी। मिस्री ने इस घातक वायरस के खिलाफ चीन के लोगों की लड़ाई में उनके प्रति एकजुटता व्यक्त की। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि चीन में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ कर 1,665 पहुंच गई है। इस वायरस से सबसे ज्यादा हुबेई प्रांत प्रभावित हुआ है, जहां 142 लोगों की मौतें हुई हैं। राजदूत ने कहा कि इस वायरस के प्रसार से निपटने के लिए एक ठोस कदम के रूप में, भारत जल्द ही चिकित्सा सामग्री की एक खेप चीन भेजेगा। उन्होंने कहा कि यह एक ठोस कदम है जो भारत के लोगों और सरकार का चीन के लोगों के साथ सदभावना, एकजुटता और दोस्ती को पूरी तरह से प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत इस संकट के समय चीन के लोगों की मदद के लिए हर चीज करेगा। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि चीन को जरूरी सहायता सामग्री की सूची पर काम किया जा रहा है और उसे अंतिम रूप देने के बाद शीघ्र ही खेप भेजी जाएगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109